# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-11-2022

# दस ग्राम प्रधानों को प्रभारी निरीक्षक ने किया सम्मानित

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** स्थानीय थाना परिसर में आपरेशन त्रिनेत्र के तहत गावों में सीसीटीवी कैमरा लगाने पर थाना क्षेत्र के 10 ग्राम प्रधानों को प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह ने माला पहनाकर स्वागत व सम्मानित किया।



अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर आपरेशन त्रिनेत्र योजना को सफल बनाने के लिए थाना क्षेत्र के जंगल बब्बन, भौराबारी, बरगदही, राजपुर, भैंसला, बलुआ, खड़खड़िया, सोनौरा बुजुर्ग, लोहरपुरवा व अलगटपुर ग्राम पंचायत के प्रधानों ने एडीओ पंचायत के माध्यम से गांव के चिन्हित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया है। प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह व वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने हरिश्चंद्र, धर्मनाथ, कृष्णा, ओमप्रकाश, पुष्पा, विजय आदि ग्राम प्रधान व प्रतिनिधि को माला पहनाकर स्वागत व सम्मानित किया गया है।

# सुरक्षित यातायात को प्राथमिकता पर रखें : सीएम

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि सुरक्षित यातायात को प्राथमिकता पर रखें। संबंधित विभाग इसके लिए जागरूकता अभियान चलाएं। विभाग निर्बाध आवागमन के लिए व्यवस्था करे और लोगों को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाए।

**गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यो की समीक्षा की**

दो दिवसीय गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री रविवार की शाम गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। इसपर ध्यान केंद्रित किया जाए। जाम की समस्या न होने पाए। ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे हादसे भी न हों। उन्होंने कहा कि यातायात के लिए लोगों का जागरूक होना भी जरूरी है। अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया जाए, जिससे वे नियमों का पालन करें। जहां जरूरत हो यातायात व्यवस्था में सुधार किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में जानकारी ली।

जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि सुबह करीब 10.30 बजे से कार्यक्रम होगा और करीब 1200 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ थाना के निर्माण की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि थानों के लिए जगह कम होती है इसलिए इस माडल पर निर्माण कराया जाए, जिसमें नीचे थाना हो और ऊपर आवास आदि की व्यवस्था की जा सके।

मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने गीडा दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में पूछा।

सीईओ गीडा पवन अग्रवाल ने गीडा दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। प्लास्टिक पार्क को विकसित करने की योजना पर भी चर्चा की। इसके साथ ही फ्लैटेड फैक्ट्री के शिलान्यास के बारे में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने लैंड बैंक बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति के बारे में भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली।

इस दौरान एडीजी जोन अखिल कुमार, मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, डीआइजी जे रविन्दर गौड, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, जीडीए के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर, सीईओ गीडा पवन अग्रवाल, प्रभारी एसएसपी कृष्ण कुमार विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# एयरफोर्स चौकी पर बैठक

**नंदानगर (एसएनबी)**। कैंट थाना क्षेत्र अन्तर्गत एयरफोर्स चौकी नंदानगर में एक बैठक आयोतजत की गयी जहां लोगों को विभिन्न मुद्दों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर



पर चौकी इंचार्ज सुनीता सिंह ने लौगों को यातायात नियमावली, साइबर अपराध की जानकारी दी तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने तथा अधिक से अधिक लोगों व दुकानदारों को अपने घरों तथा प्रतिष्ठानों पर सीसी टीवी कैमरा लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने नंदानगर में लगने वाली जाम की समस्या का मुद्दा उठाया, साथ ही नंदानगर 3 सी. समपार फाटक पर रेलवे द्वारा अनावश्यक रूप से मालगाड़ी खड़ी कर आवागमन बाधित करने की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। बैठक के दौरान चौकी इंचार्ज के अलावा सेवा निवृत्त दारोगा सुरेन्द्र राव, लोरिक प्रसाद, कृष्ण मोहन पांडेय, रामेश्वर जायसवाल, केसर पासवान, चन्द्रप्रकाश वर्मा, चरनजीत सिंह, सविता सिंह, शीला सिंह, सचिन, कमलेश सहित काफी संख्या में सम्भ्रांत नागरिक व व्यवसाई मौजूद रहे।

# सेंध काटकर नकदी जेवर सहित दो लाख की चोरी

**कौड़ीराम (एसएनबी)।** बांसगांव थाना क्षेत्र के कौड़ीराम चौकी क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी जैतुननिशा के कच्चे मकान में सेंध काटकर चोरों ने बीती रात नकदी व जेवर सहित दो लाख का सामान चोरी कर लिया। पीड़िता की तहरीर पर कौड़ीराम पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जैतुननिशा द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा गया है कि बीती रात पति-पत्नी घर में सोये थे। सुबह सुबह देखा तो अटैची में रखा सत्तर हजार रुपए नकदी, कान का झुमका, गले का लाकेट, नथिया, मांग टीका चोर सेंध काटकर उठा ले गए।

# अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट पुलिस ने फरार चल रहे अपहरण तथा खड़यंत्र के अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया। उप निरीक्षक प्रवीण कुमार कश्यप, उपनिरीक्षक मु. कादिर, कांस्टेबिल सुधाकर मिश्रा, महिला कांस्टेबिल मीना मिश्रा व सीमा पटेल संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे तभी जानकारी मिली कि अपहरण तथा खड़यंत्र की अभियुक्त मंजू देवी पत्नी रितेश उर्फ राकेश निवासी बारानगर मठिया थाना गोला जो जगरनाथपुर थाना गोला पर मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गयी। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

# तीन पर गंभीर धारा में केस, एक गया जेल

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार पुलिस घायल के भाई की तहरीर पर तीन के खिलाफ गंभीर धाराओ में केस दर्ज करके एक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। सनद रहे कि थाना क्षेत्र के चौकी जगदीशपुर गांव निवासी प्रदुमन पुत्र सुरेंद्र चौधरी बीते शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे के आस पास अपने घर जा रहा था। जब वह रोशन यादव पुत्र इंद्रभूषण के घर के सामने पहुचा तो छोटू व सचिन पुत्रगण चन्द्रभूषण यादव प्रदुमन को घर के अंदर खींच ले गए और प्राणघातक हमला करके उसे मरणासन्न कर दिया । घायल के भाई राकेश चौधरी की तहरीर पर पुलिस रोशन , सचिन और छोटू के खिलाफ धारा 307, 323 आईपीसी के तहत केस दर्ज रोशन को गिरफ्तार करके रविवार को जेल भेज दी।

# सिपाही ने शादी से किया इनकार, दहेज उत्पीड़न का केस

**हरपुर बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट पुलिस ने शादी की तिथि नजदीक आते ही दहेज में 5 लाख नकद और चार पहिया वाहन की मांग करने वाले सिपाही, उसके पिता और भाई, भाभी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

हरपुर बुदहट थांना क्षेत्र के एक गाँव की युवती की शादी खलीलाबाद कोतवाली के एक गांव में तय हुई थी। लड़का बलिया जिले के दूधहट थाने पर सिपाही के पद पर तैनात है । शादी तय होते समय उपहार में 5 लाख नकद और बाइक, सोने की चौन,अंगूठी देने की बाद हुई थी। 24 नवम्बर 2022 को शादी की तिथि भी तय हो चुकी थी। जैसे ही शादी तिथि नजदीक आ गयी तो लड़के पक्ष के परिजन 5 लाख और तथा चार पहिया वाहन की और मांग करने लगे। जबकि लड़की के पिता ने पूर्व में सिपाही को मोबाइल पर 2.50 लाख गूगल पे किया था तथा 2.50 लाख नकद दे दिया था।

13 नवम्बर 2022 को सिपाही ने सूचना दिया कि मांग पूरी होने पर ही शादी होगी। नियत तिथि पर दहेज की मांग पूरी न होने पर लड़के पक्ष के लोग बारात लेकर नही आये। शनिवार को समाधान दिवस पर पीड़ित पिता ने तहरीर दिया था। हरपुर बुदहट पुलिस ने रविवार को सिपाही पद पर तैनात धनश्याम यादव उसके पिता,जनार्दन यादव, भाई राजन, उसकी पत्नी रेनू, के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले प्रधान को सम्मानित करेगी पुलिस : एसएचओ

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। पुलिस ने गांव की सुरक्षा के लिए प्रधानों को प्रोत्साहित करने की योजना बनाई है, पुलिस का उद्देश्य है कि गांव में कैमरा लगने से गांव में होने वाले गतिविधियों की जानकारी आसानी से मिल जायेगी।कैमरा लग जाने से अराजकतत्वों में भय का माहौल बना रहेगा तथा गांव की गलियों में बालिकाओं के साथ होने वाले छेड़छाड़ पर अंकुश लगेगा, वहीं चोरो में भी भय बना रहेगा। चोरी की घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। किसी तरह का अपराध होने पर अपराधी के धर पकड़ में भी आसानी होगी। क्षेत्र के सभी गांव के प्रधान जनहित को देखते हुए जल्द गांव में कैमरा लगा ले। और पुलिस विभाग द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया जायेगा।

उक्त बातें प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने हरपुर बुदहट थाना परिसर में प्रधानों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। इस दौरान, मनुराज, गंगा प्रसाद, सत्य प्रकाश, जमुना यादव अभिमन्यु सिंह, दयाराम चौहान, गिरिजेश यादव, सुशील सिंह, दीपनारायण, गंगा प्रसाद बेलदार सहित अनेक प्रधान मौजूद रहे।

# 6 पशु तस्करों समेत 8 पर गैंगस्टर, दो पर रेप का भी केस

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (27 Nov):** गोरखपुर पुलिस ने 8 बदमाशों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है. इनमें से दो बदमाशों ने गुलरिहा इलाके के एक गांव में लूटपाट करने के साथ ही 70 साल की बुजुर्ग महिला के साथ गैंग रेप भी किया था. जबकि, अन्य 6 बदमाश शातिर पशु तस्कर हैं.

## बुजुर्ग महिला से सितंबर में गैंगरेप

पुलिस के मुताबिक, गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में 70 साल की बुजुर्ग महिला जो कि सीमेंट सीट वाले कच्चे मकान में अकेले रहती है और पत्ता बेचकर जीवकोपार्जन करती है. उसके घर में 18 सितम्बर की रात में दो बदमाश घुसे. खट-पट की आवाज सुनकर महिला की नींद खुल गई और वह शोर मचाने लगी. दोनों बदमाशों ने उसका मुंह बंद कर दिया और रस्सी से दोनों हाथ और पैर बांध दिया. कमरे में रखा 5 हजार रुपए और कान का टप्स आदि लूटने के बाद बुजुर्ग महिला की इज्जत भी लूट ली.

## गुलरिहा पुलिस ने लगाया गैंगेस्टर

पुलिस ने महिला की तहरीर पर अमरजीत उर्फ मिट्ठू व अरविंद निषाद के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया था. हालांकि बाद में बुजुर्ग महिला ने बयान देकर गैंग रेप की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी है. गुलरिहा पुलिस ने अमरजीत निषाद उर्फ मिट्ठू निषाद और अरविंद निषाद के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने के क्रम में रविवार को गुलरिहा थाना पर अपराध संख्या 725/22 के तहत गैंगस्टर की कार्यवाही की है.

## पुलिस की गाड़ी पर किया था हमला

दूसरी घटना 3 सितंबर की है. गुलरिहा इलाके में देर रात पशु तस्करों को पशु चुराते हुए पुलिस ने दौड़ा लिया. इस दौरान पशु तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की और और उनकी गाड़ी भी तोड़ी.

## इन बदमाशों पर लगा गैंगेस्टर

इस मामले में गुलरिहा पुलिस ने गुलरिहा थाने पर 6 बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया था. इनमें इस्माईल निवासी बड़हरिया धुसवा टोला थाना गुलरिहा, शेख मोहम्मद और रियाजुद्दीन निवासी अराजी चिलबिलवा थाना गुलरिहा, हरेन्द्र यादव निवासी बासडीला पाण्डेय थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर, सूरज कुमार निवासी दुधाई थाना चौरीचौरा और इमाम शेख निवासी कोइन्दी गोसाई पट्टी थाना तरयासुजान जिला कुशीनगर शामिल हैं.

# पूरे परिवार को मारपीट कर किया घायल

मुड़िला उर्फ मुड़ेरा में रविवार को मिट्टी गिराने से मना करने पर मनबढ़ों ने पूरे परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया. मंशा देवी पत्नी धर्मेन्द्र निषाद की तहरीर चिलुआताल थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है.

# जलकल इंजीनियर से रंगदारी मांगने वाला ठेकेदार अरेस्ट




GORAKHPUR (27 Nov): जलकल के ऑफिस में जाकर इंजीनियर को पिस्टल दिखाकर रंगदारी मांगने वाले ठेकेदार शिव दयाल पांडेय को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है. ठेकेदार ने जलकल के अवर अभियंता सौरभ सिंह को धमकाकर रंगदारी मांगी थी. नगर निगम और जलकल के अवर अभियंताओं ने एसएसपी से मिलकर ठेकेदार शिवदयाल पांडेय पर केस दर्ज कराया था. शिव दयाल पर पहले भी केस दर्ज है. उसपर चिलुआताल पुलिस गैंगेस्टर एक्ट की भी कार्रवाई कर चुकी है.

## 29 अक्टूबर को दी थी धमकी

अवर अभियंता ने अपने दिए तहरीर में लिखा था, कि 29 अक्टूबर को छठ घाट तैयारी का काम चल रहा था. इसी दौरान ठेकेदार शिवदयाल पांडेय अवर अभियंता धीरज कुमार से विवाद कर रहे थे. कहासुनी होता देख मैं भी उस ओर गया और शांत कराया. फिर शाम में 5.30 बजे के करीब महाप्रबंधक के चेंबर में मौजूद था. इस दौरान अचानक बिजली चली गई. ठेकेदार अंदर घुसे और नियम विरुद्ध तरीके से एक काम को देने का दबाव बनाने लगे. मना करने पर ठेकेदार गाली देने लगे और पिस्टल तान कर जान से मारने की धमकी दिए. शोर सुनकर कर्मचारी दौड़े और बीच बचाव करने लगे. आरोप है कि बाहर निकलते समय भी ठेकेदार ने धमकी दी थी. कैंट पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

# 5 थानों को मिलेगा इनाम 5 को भुगतना होगा अंजाम!

**GORAKHPUR (27 Nov):** पुलिस की कार्यप्रणाली जानने के लिए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम (पीएआर सिस्टम) की शुरुआत की गई है. गोरखपुर के सभी थानों की कार्यप्रणाली जानने के लिए

**i UPDATE**

प्रत्येक माह पब्लिक से फीडबैक लिया जा रहा है. एडीजी जोन ने पीएआर सिस्टम के जरिए अक्टूबर में मिले पब्लिक फीडबैक के आधार पर टॉप 5 थानों की लिस्ट तैयार की है. जिन्हें सम्मानित किया जाएगा. वहीं बॉटम में आए 5 थाने सिकरीगंज, खजनी, गुलरिहा, झगहा और बड़हलगगंज का परफार्मेंस खराब रहा है. अब इन थानों के प्रभारियों पर क्या कार्रवाई होती है, ये बहुत जल्द अधिकारी तय करेंगे.

FILE PHOTO



## जारी हुई दो लिस्ट

एडीजी ने पीएआर सिस्टम के जरिए दो लिस्ट जारी की है. इसमे एक लिस्ट दो पिलर्स आईजीआरएस और एफआईआर के आधार पर तैयार की गई है. एडीजी ने बताया कि ये दोनों पिलर्स पब्लिक से सीधे अटैच रहता है, इसलिए इसकी एक लिस्ट अलग से तैयार की गई है. वहीं दूसरी लिस्ट पांचों पिलर्स आईजीआरएस, एफआईआर, सोशल मीडिया, अदर डिजिटल प्लेटफॉर्मस, पासपोर्ट और कैरेक्टर वेरिफिकेशन के अंतर्गत माह अक्टूबर में जिले के टॉप फाइव और बॉटम 5 थाने की लिस्ट जारी की गई है. इस तरह दोनों लिस्ट मिलाकर टॉप में 10 और बॉटम में आए 10 थानों के नाम जारी किए गए हैं.

## 10 को सम्मान और दस में बदलाव

इस तरह से दस थानों के थानेदारों को सम्मान दिया जाएगा. वहीं दोनों लिस्ट में बाटम में आने वाले कुल 10 थानों के थानेदारों में बदलाव की संभावना है.

## बदले जाएंगे थानेदार

एडीजी ने पीएआर सिस्टम के अंतर्गत नियम बनाया था कि जो थाने पब्लिक फीडबैक के आधार पर लगातार तीन माह बाटम 5 में आएंगे. उन थानों के प्रभारियों को बदला जाएगा. ऐसे में बाटम में आए थानों के प्रभारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. कभी भी इनपर कार्रवाई की तलवार चल सकती है.

### टॉप और बॉटम की लिस्ट

| टॉप 5 | रैंक |
|---|---|
| पिपराइच | 1 |
| शाहपुर | 2 |
| पीपीगंज | 3 |
| खोराबार | 4 |
| चिलुआताल | 5 |
| **बॉटम 5** | **रैंक** |
| सिकरीगंज | 28 |
| खजनी | 27 |
| गुलरिहा | 26 |
| झगहा | 25 |
| बड़हलगंज | 24 |

### पांच पिलर्स पर टॉप और बॉटम थाने

| टॉप 5 | रैंक |
|---|---|
| बेलघाट | 1 |
| कैंट | 2 |
| शाहपुर | 3 |
| गीडा | 4 |
| गुलरिहा | 5 |
| **बॉटम 5** | **रैंक** |
| कैंपियरगंज | 28 |
| सिकरीगंज | 27 |
| राजघाट | 26 |
| पीपीगंज | 25 |
| बेलीपार | 24 |

**i CONNECT**

Gorakhpur city की real time खबरों से update रहने के लिए Twitter पर फॉलो करें @inextlive डायरेक्ट follow करने के लिए scan करें यह QR Code.



"पुलिस की कार्यप्रणाली जानने के लिए गोरखपुर जोन में पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम लागू किया गया है. इसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम मिल रहा है. पीएआर सिस्टम के अंतर्गत तीन माह में मिले पब्लिक फीडबैक के आधार पर गोरखपुर के सभी थानों का रिजल्ट जारी किया गया है.

**अखिल कुमार,** एडीजी

# धन का दुरुपयोग करने वाला वीडियो गिरफ्तार

गोला बाजार। गोला क्षेत्र के डड़िया व बारानगर में शौचालय व प्रधानमंत्री आवास के निर्माण में धन का दुरुपयोग करने वाले वीडियो अजीत कुमार को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। वीडियो के ऊपर बारानगर में 200 शौचालयों का बिना निर्माण कार्य पूरा कराए16 अपात्रों को आवास देने के मामले में केस दर्ज था।

# कच्ची बनाने के उपकरण के साथ दो को दबोचा

गोरखपुर। खजनी पुलिस ने कच्ची शराब बनाने के अड्डे पर रविवार को छापेमारी कर दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 85 लीटर अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने का उपकरण बरामद किया। पुलिस की पूछताछ में उनकी पहचान बिहार प्रांत के नवादा जिले के माया विगहा निवासी दिनेश मांझी और झारखंड प्रांत के लोहर दग्गा जिले के बंजरहा किस्को निवासी मोहन साहू के रूप में हुई।

# नगर निगम में तेल चोरों का गिरोह सक्रिय, 150 लीटर जब्त

**खेल**

- नगर आयुक्त अविनाश सिंह के औचक छापेमारी में हुआ खुलासा
- जीप से कई गैलन में 150 लीटर डीजल मिला, तेल और जीप जब्त



नगर निगम स्टोर के पास जीप से कई गैलन डीजल बरामद किया गया।

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने रविवार को मुंशी प्रेमचंद पार्क स्थित निगम के स्टोर के नजदीक एक जीप से कई गैलनों में रखा 150 लीटर से ज्यादा डीजल पकड़ा।

हालांकि नगर आयुक्त को देखकर गाड़ी में बैठा युवक भाग गया। नगर आयुक्त ने तेल और जीप को जब्त करा दिया है। नगर आयुक्त को सूचना मिली थी कि नगर निगम के स्टोर के पास चोरी का तेल बिक्री किया जाता है। नगर आयुक्त ने सूचना के बाद इसका वीडियो बनवाया। वीडियो में कुछ लोग तेल एकत्र करते और बेचते दिखे। इस पूरे मामले में निगम के सफाई निरीक्षकों एवं कर्मचारियों के संलिप्तता भी प्रथम दृष्टया सामने आई है।

इस गिरोह का खुलासा करने के लिए नगर आयुक्त ने रविवार को बिना किसी सूचना के खुद ही छापेमारी की। स्टेनों बृजेश तिवारी और चालक के साथ नगर आयुक्त स्टोर पहुंचे जैसे ही जीप की ओर लपके एक युवक मौके से भाग गया। जानकारी के मुताबिक जीप किसी सत्यवान के नाम से पंजीकृत है। फिलहाल छापे की जगह के नजदीक चाय की दुकान पर बैठे नगर निगम कर्मी भी मौके से भाग गए।

हालांकि वे नगर आयुक्त और उनके स्टॉफ की नजर में आ चुके थे। फिलहाल नगर आयुक्त अविनाश सिंह के रडार पर कुछ सफाई निरीक्षक और सुपरवाइजर आए हैं। कुछ ऐसे भी चिह्नित किए गए जिन पर संरक्षण देने का आरोप है। इस बाबत नगर आयुक्त, अविनाश सिंह ने कहा कि नगर निगम के स्टोर के पास वाहन में डीजल रखा मिला, वाहन और डीजल जब्त किया गया है। तेल चोरी में नगर निगम के कुछ सफाई निरीक्षकों, सुपरवाइजरों और कर्मचारियों के नाम आ रहे हैं, उनकी सीडीआर निकलवाई। दोषी पाए जाने पर किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा।

# नाबालिग से छेड़खानी करने वाले दो गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने नाबालिग से छेड़खानी करने वाले दो अलग-अलग मामले में दो आरोपितों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपितों की पहचान खोराबार क्षेत्र के भैसहा टोला रघुनाथपुर निवासी आकाश चौधरी और मथुरवा निवासी संदीप निषाद के रूप में हुई।

# जानलेवा हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोपित को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को जगदीशपुर निवासी प्रद्युम्न चौधरी पर गांव के ही रोशन ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर हमला कर दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रविवार को रोशन को गिरफ्तार कर लिया।

# रंगदारी मांगने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

गोरखपुर। तिवारीपुर इलाके में जमीन के लेनदेन के विवाद में युवक का अपहरण कर रंगदारी मांगने के आरोपी हिस्ट्रीशीटर साजिद अली को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्रा के मुताबिक, पिपरा निवासी राकेश ने केस दर्ज कराया था। राकेश ने आरोपी साजिद के साथ मिलकर एक जमीन ली है। दोनों के बीच 25 नवंबर को विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद ही हिस्ट्रीशीटर साजिद ने राकेश को जबरन गाड़ी में बैठा लिया और रास्ते में मारपीट कर एक स्टांप पर हस्ताक्षर करा लिया।

# अभियंता पर पिस्टल तान मांगी थी रंगदारी, गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जलकल दफ्तर में घुसकर अभियंता सौरभ कुमार के ऊपर पिस्टल तानकर रंगदारी मांगने वाले ठेकेदार शिवदयाल पाण्डेय को रविवार को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। नगर निगम और जलकल के अवर अभियंताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी से मिलकर ठेकेदार पर केस दर्ज कराया था। शिवदयाल पर पहले भी केस दर्ज हैं। चिलुआताल से गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई हो चुकी है।

- जलकल दफ्तर में घुसकर ठेकेदार ने तानी थी पिस्टल
- जलकल विभाग के अवर अभियंताओं ने एसएसपी से मिलकर कराया केस

अवर अभियंता ने अपने दिए तहरीर में लिखा था कि 29 अक्तूबर को छठ घाट तैयारी का काम चल रहा था। इसी दौरान ठेकेदार शिवदयाल पांडेय अवर अभियंता धीरज कुमार से विवाद कर रहे थे। कहासुनी होता देख मैं भी उस ओर गया और शांत कराया। फिर शाम में साढ़े पांच बजे के करीब महाप्रबंधक के कक्ष में मौजूद था। इसी दौरान अचानक बिजली चली गई, ठेकेदार अंदर घुसे और नियम विरुद्ध तरीके से एक काम देने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर ठेकेदार ने पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर कर्मचारी दौड़े और बीचबचाव करने लगे। कैंट पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर सरकारी काम में बाधा डालने और धमकी तथा रंगदारी का केस दर्ज करने के बाद शिवदयाल पाण्डेय निवासी रामपुर चक थाना चिलुआताल को गिरफ्तार किया गया है। शिवदयाल पर पहले से पांच केस दर्ज थे, जिसमें मारपीट का केस कैंट थाने में दर्ज था, वहीं अन्य केस में हत्या, गैंगस्टर सहित अन्य धारा में केस दर्ज है।

## चौरीचौरा का रहने वाला है गैंग लीडर सूरज, अन्य गुलरिहा व कुशीनगर के

# पुलिस पर हमला करने वाले छह पशु तस्करों पर गैंगस्टर

**कार्रवाई | 1 |**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गुलरिहा पुलिस ने गो तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए कड़ा कदम उठाते हुए छह पशु तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। इनमें पुलिस ने चौरीचौरा थानाक्षेत्र निवासी सूरज कुमार को गैंग लीडर तो वहीं गुलरिहा एवं कुशीनगर के रहने वाले पांच अन्य साथियों को सक्रिय सदस्य बनाया है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपित पशु तस्कर जेल में बंद हैं। वहीं तीन अन्य साथी अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के बाद पूरक गैंग चार्ट भी पुलिस प्रेषित करेगी।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि चौरीचौरा क्षेत्र के दुधाई निवासी सूरज कुमार के नेतृत्व में पशु तस्करों के गैंग द्वारा गोवध जैसा जघन्य अमानवीय कार्य किया जाता है। गैंग के द्वारा आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने वाले पुलिस कर्मियों पर हमला करने के साथ ही पुलिस के वाहनों को क्षतिग्रस्त भी कर दिया जाता है। तस्करों के आतंक का आलम यह है कि समाज का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध थाने में शिकायत करने अथवा न्यायालय में गवाही देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है।

**06** पशु तस्करों को पुलिस ने भेजा है जेल, तीन अन्य साथी अभी भी फरार

**03** सितंबर को एसएसआई की तहरीर पर 10 पशु तस्करों पर दर्ज था केस



- गिरफ्तारी के बाद पूरक गैंग चार्ट भी पुलिस करेगी प्रेषित
- पुलिस के वाहनों को भी कर देते थे क्षतिग्रस्त

### तीन अन्य बदमाशों की तलाश जारी

शेष तीन आरापियों सोनू शेख और मोनू शेख निवासी काला गुरवलिया शेख टोला थाना तुर्कपट्टी एवं तौरीफ निवासी सेमरा हरतो थाना कुबेरस्थान कुशीनगर की गिरफ्तारी अभी नहीं हो सकी है तीनों फरार हैं। इनके विरुद्ध विवेचना जारी है। इंस्पेक्टर गुलरिहा ने बताया कि तीनों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने व गिरफ्तारी होने पर आरोप पत्र प्रेषित किए जाने के बाद पूरक गैंग चार्ट अलग से प्रेषित किया जाएगा।

### तीन माह पहले पशु तस्करों ने किया था हमला

गुलरिहा थानाक्षेत्र के बरगदही में दो सितंबर की देर रात पशु तस्करों ने हमला कर पुलिस की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया था। 3 सितम्बर को एसएसआई सोनेन्द्र सिंह की तहरीर पर 8-10 अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा किया गया। विवेचना के दौरान सूरज निवासी दुधाई थाना चौरीचौरा का नाम सामने आया। पता चला कि यह गिरोह का यह गैंग लीडर है और गैंग के अन्य सदस्य इस्माइल निवासी भटहट के बड़हरिया धुसवा टोला, शेख मोहम्मद निवासी आराजी चिलबिलवा थाना गुलरिहा, रियाजुद्दीन आराजी चिलबिलवा थाना गुलरिहा, हरेंद्र यादव निवासी बासडिला पाण्डेय थाना तुर्कपट्टी कुशीनगर और इमाम शेख निवासी कोइन्दी गोलाई पट्टी थाना तरया सुजान कुशीनगर को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## वृद्धा से गैंगरेप करने वालों पर गैंगस्टर

**| 2 |**

गोरखपुर। गुलरिहा इलाके के एक गांव में एक घर में घुसे दो बदमाशों ने लूट-पाट करने के साथ ही 70 वर्षीय की वृद्धा से गैंगरेप भी किया था। इस मामले में दोनों आरोपितों पर गुलरिहा पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक गुलरिहा थानाक्षेत्र के एक गांव में 70 साल की बुजुर्ग महिला जो कि सीमेंट शीट वाले कच्चे मकान में अकेले रहती हैं और पत्ते बेचकर जीवकोपार्जन करती हैं। 18 सितम्बर 2022 की रात में दो बदमाश घर में घुसे। खट-पट की आवाज सुनकर वृद्धा की नींद खुल गई और वह शोर मचाने लगी। दोनों बदमाशों ने मुंह बंद कर दिया और रस्सी से हाथ-पैर बांध दिया। कमरे में रखा पांच हजार रुपये और कान का टप्स आदि सामान लूटने के बाद वृद्धा की इज्जत भी लूट ली।

पुलिस ने वृद्धा की तहरीर पर अमरजीत उर्फ मिट्टू और अरविंद निषाद के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया था। हालांकि बाद में बुजुर्ग महिला ने गैंगरेप की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी है। गुलरिहा पुलिस ने अमरजीत निषाद उर्फ भिट्ठू निषाद और अरविंद निषाद के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

# महिला को मनबढ़ों ने पीटा, चार पर केस

सहज़नवा। थानाक्षेत्र के डोमहर माफी गांव में अपने घर पर बर्तन साफकर रही महिला को उसके गांव के ही चार लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर शनिवार रात में डोमहरमाफी गांव के चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

थानाक्षेत्र के डोमहरमाफी निवासिनी संगीता वर्मा पत्नी सोनू वर्मा ने सहज़नवां थाने में दिए तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात आठ बजे अपने घर के सामने बर्तन साफ कर रही थी, सामने गली से आ रहे गांव के बिहारी ने बर्तन मांजने से मना करने पर महिला से विवाद कर लिया। आरोप है कि इसके बाद बिहारी अपने बेटों को बुलाकर लिया और महिला पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। महिला का सिर फट गया, इलाज के बाद शनिवार शाम सहज़नवां थाने पहुंची। संगीता ने बिहारी और उसके दोनों बेटों रोहित, प्रद्युम्न और एक महिला सहित चार पर मारपीट धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# अपहर्ता को संरक्षण देने वाली महिला गिरफ्तार

हरपुर-बुदहट : अपहर्ता को संरक्षण देने वाली महिला को पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना हरपुर-बुदहट विज्ञानकर सिंह ने बताया कि गोला के बारानगर की हरने वाली मंजू देवी साजिश के तहत युवती का अपहरण करने वाले आरोपि तको संरक्षण दे रही थी। घटना की साजिश में भी वह शामिल थी। (जासं)

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक गिरफ्तार

उरुवा बाजार : सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घुचियारी निवासी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक अनिल कुमार अग्रहरी को उरुवा थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सुनील कुमार निषाद ने बताया कि आरोपित पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज है। न्यायालय का आदेश नहीं मानने पर जारी वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

# ट्रक से 22 गोवंशी पशु बरामद

सहजनवां : गीडा पुलिस ने रविवार को एक ट्रक से 22 गोवंशी पशु बरामद किया। ट्रक का चालक और खलासी मौके से भाग निकले। पशुओं को ट्रक से बिहार भेजा जा रहा था। पशु तस्करी की सूचना पर तेनुआ टोल प्लाजा से पहले पिपरौली चौकी प्रभारी बैजनाथ बिंद के नेतृत्व में पुलिस ट्रकों की जांच करने लगी। पुलिस को देख चालक ने पहले ही ट्रक रोक लिया और गाड़ी छोड़कर भागने लगा। खलासी भी उसके पीछे भागा। पुलिस कुछ समझ पाती, तस्कर भाग निकले। यूपी 58 एटी 0804 नंबर के ट्रक में तिरपाल से ढंके 22 गोवंशी पशु बरामद हुए। (जासं)

# रंगदारी मांगने वाला ठीकेदार गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जलकल कार्यालय में घुसकर सहायक अभियंता पर पिस्टल तानकर रंगदारी मांगने वाले ठीकेदार को कैंट थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

सहायक अभियंता सौरभ कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 29 अक्टूबर को छठ घाट की तैयारी का काम चल रहा था। इसी दौरान ठीकेदार शिवदयाल पांडेय ने अवर अभियंता धीरज कुमार से विवाद किया। कहासुनी होते देख मैं भी उस ओर गया और मामला शांत कराया। शाम साढ़े



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित ठीकेदार। ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

पांच बजे के करीब महाप्रबंधक के कार्यालय में बैठा था। इसी दौरान पहुंचे ठीकेदार शिवदयाल नियम विरुद्ध तरीके से काम देने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर दुर्व्यवहार करने के साथ ही पिस्टल तानकर जान से मारने की

- **29 अक्टूबर को जलकल कार्यालय में घुसकर तानी थी पिस्टल**
- **चिलुआताल के रहने वाले ठीकेदार को न्यायालय ने भेजा जेल**

धमकी दी। शोर सुनकर कर्मचारी दौड़े और बीच बचाव करने लगे। आरोप है कि बाहर निकलते समय भी ठीकेदार ने धमकी दी थी। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि चिलुआताल के रामपुर चक गांव निवासी शिवदयाल पांडेय को रविवार की सुबह गिरफ्तार किया गया। आरोपित पर पहले से हत्या, मारपीट, धमकी, आर्म्स एक्ट के पांच मुकदमे दर्ज हैं।

# पशु तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास करने वाले छह पशु तस्करों पर गुलरिहा थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। गिरोह का सरगना चौरी चौरा क्षेत्र का रहने वाला है। दो सदस्य कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं। फरार तीन तस्करों की तलाश चल रही है।

प्रभारी निरीक्षक थाना गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि चौरी चौरा के दुधई गांव का रहने वाला सूरज कुमार पशु तस्कर गिरोह का सरगना है। उसी के नेतृत्व में यह गिरोह गोवध जैसे जघन्य अपराध करता है। गैंग के आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने वाले पुलिस कर्मियों पर हमला करने के साथ ही पुलिस वाहनों को क्षतिग्रस्त भी कर दिया जाता है। इनके अमानवीय

- **चौरी चौरा क्षेत्र का है सरगना कुशीनगर के निवासी हैं दो सदस्य**
- **छह पशु तस्करों को गुलरिहा पुलिस ने भेजा था जेल, तीन की तलाश**

कृत्य से आम जनमानस में भय व आतंक व्याप्त है। गिरोह के सदस्य इस्माइल भटहट के बड़हरिया धुसवा टोला, शेख मोहम्मद व रियाजुद्दीन निवासी आराजी चिलबिलवा थाना गुलरिहा, हरेंद्र यादव निवासी बसडीला पांडेय थाना तुर्कपट्टी कुशीनगर और इमाम शेख पुत्र जिलानी शेख निवासी कोइन्दी गोलाई पट्टी थाना तरयासुजान के रहने वाले हैं। तुर्कपट्टी के गुरवलिया निवासी सोनू शेख व मोनू शेख और कुबेरस्थान के सेमरा हरदो निवासी तौरीफ घटना के बाद से फरार हैं। तीनों की तलाश चल रही है।

## दो सितंबर की रात में हुई थी घटना

पिकअप सवार पशु तस्करों ने बीते दो सितंबर की रात में गुलरिहा थाना पुलिस की जीप पर पथराव कर दिया था। पकड़ने का प्रयास करने पर जानलेवा किया था। तस्करों को पकड़ने की कोशिश में एसपी नार्थ की गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई थी। इस मामले में एसएसआइ गुलरिहा थाना सोनेंद्र सिंह ने 10 अज्ञात पशु तस्करों के विरुद्ध हत्या की कोशिश, तोड़फोड़, सरकारी कार्य में बाधा डालने और सेवन सीएलए के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।

# सामूहिक दुष्कर्म करने वालों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर लूटपाट व सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपितों पर गुलरिहा थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों ने गांव की रहने वाली महिला के साथ हैवानियत की थी।

प्रभारी निरीक्षक थाना गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि 18 सितंबर की रात में अमरजीत उर्फ मिट्टू व अरविंद निषाद ने गांव की 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया था। पिटाई

गुलरिहा क्षेत्र में हुई थी घटना, लूटपाट करने के बाद की थी हैवानियत

करने के बाद बाक्स में रखे पांच हजार रुपये और कान के टप्स लेकर फरार हो गए थे। महिला के बेटे ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों को गिरफ्ततार कर जेल भेज दिया गया। आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करने के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई थी। अनुमोदन मिलने पर रविवार को मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# दहेज के लिए नहीं आयी बरात सिपाही समेत चार पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, हरपुर-बुदहट :** दहेज के लिए सिपाही और उसके परिवार के लोग लड़की के घर बरात लेकर नहीं आए। इंतजार कर रहे परिवार के लोगों ने देर रात तक मनुहार की, लेकिन उनकी एक न सुनी। लड़की की मां ने बलिया जिले में तैनात संतकबीर नगर के रहने वाले सिपाही और स्वजन के विरुद्ध हरपुर-बुदहट थाने में दहेज के लिए शादी न करने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है।

हरपुर-बुदहट क्षेत्र की रहने वाली महिला ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उनकी बेटी की शादी संतकबीर नगर जिले के तेनुआ गांव के रहने वाले घनश्याम से तय हुई थी जो बलिया जिले के दुबहर थाने में सिपाही के पद तैनात है। जब शादी तय हुई थी तो उसके स्वजन ने पांच लाख नगद, बाइक, सोने की चेन, अंगूठी देने के लिए कहा जिसे उन्होंने मान लिया। दोनों परिवार की सहमति से तय हुआ था कि शाद 24 नवंबर को होगी। जिसके बाद घनश्याम के खाते में ढाई लाख रुपये नकद और शेष नकद दे दिया। शादी की तिथी नजदीक आने पर घनश्याम व उसके स्वजन पांच लाख नगद और चार पहिया वाहन की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर 24 नवंबर को बरात लेकर नहीं आए। प्रभारी निरीक्षक थाना हरपुर-बुदहट विज्ञानकर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर घनश्याम यादव उसके पिता जनार्दन यादव, भाई राजन यादव, भाभी रेनू पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# खराब इंजीनियरिंग अगर दुर्घटना की वजह, तहरीर दें होगी कार्रवाई



**साक्षात्कार**

कृष्ण कुमार विश्नोई

एसपी सिटी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** दुर्घटनाएं कम हों इसके लिए पुलिस नियमों का पालन कराने के साथ ही आमजन को जागरूक कर रही है। बढ़ रहीं दुर्घटनाएं और मृत्यु दर चिंताजनक हैं, इस पर काबू पाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चर्चा कर जो भी खामी है उसे दूर कराया जाएगा। सड़क की खराब इंजीनियरिंग अगर दुर्घटना की वजह है तो पीड़ित प्रार्थना पत्र दें, पुलिस कार्रवाई करेगी। यह बातें एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने रविवार को दैनिक जागरण कार्यालय में विशेष बातचीत में कहीं। प्रस्तुत है बातचीत का प्रमुख अंश–

**प्रश्न :सड़क की खराब इंजीनियरिंग की वजह से दुर्घटना होती है संबंधित संस्था के विरुद्ध चार्जशीट देने का प्राविधान है। गोरखपुर में ऐसा क्यों नहीं हो रहा है?**

उत्तर : दुर्घटना के बाद पीड़ित जो प्रार्थना पत्र देता है उसके आधार पर मुकदमा दर्ज होता है। सभी मुकदमों में दुर्घटना की वजह वाहन चालक की लापरवाही बताई जाती है इसलिए आरोप पत्र उसी के विरुद्ध जाती है। अगर कोई शिकायत करेगा तो जांच करके पुलिस नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

**प्रश्न: लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलने के बाद भी दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। आपकी नजर में किस स्तर पर चूक हो रही है?**

उत्तर: तेज रफ्तार में वाहन चलाना और सड़कों की खराब बनावट ही दुर्घटना की मुख्य वजह है। जागरूकता की वजह से शहर के भीतर दो पहिया वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं में काफी कमी आयी है। एनएचआइ व लोकनिर्माण विभाग के सहयोग से अन्य खामियों को भी जल्द दूर कर लिया जाएगा।

**प्रश्न : आपको नहीं लगता जिला सड़क सुरक्षा समिति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक से नहीं कर रही है?**

उत्तर: जिला सड़क सुरक्षा समिति में पुलिस का सीमित रोल है। परिवहन विभाग की जिम्मेदारी है कि नियमित बैठक कराकर समिति में शामिल विभाग के अधिकारियों को बताए कि कहां क्या कमी है। बैठक नियमित हो इसके लिए अधिकारियों से बात की जाएगी।

**प्रश्न : दुर्घटना होने पर घायल को लोग अस्पताल ले जाने से इसलिए कतराते हैं कि पुलिस परेशान करेगी। गुड समेरिटन स्कीम के बारे में भी लोगों को जानकारी नहीं है?**

उत्तर: घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाना हर नागरिक का कर्तव्य है। नागरिकों से अपील है कि दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को बेझिझक अस्पताल ले जाएं, पुलिस किसी को परेशान नहीं करेगी। गुड सेमेरिटन स्कीम की जानकारी सबको हो इसके लिए मुख्य स्थानों पर होर्डिंग लगवाया जाएगा।

**प्रश्न : आंकड़े बता रहे हैं कि सबसे अधिक दुर्घटनाएं दिसंबर व जनवरी में होती हैं। इसके लिए कोई कार्ययोजना है?**

उत्तर : यातायात माह में अभियान चलाकर वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगवाया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग व एनएचएआइ को पत्र लिखा गया है कि तीव्र मोड़, कट और यू टर्न वाले स्थान पर संकेतक, रंबल स्ट्रिप्स लगवाने के साथ ही सड़क पर सफेद पट्टी बनवा दें। आमजन से अपील है कि शीत लहर के समय बहुत जरूरी होने पर ही रात में सफर करें।

**प्रश्न : जुगाड़ वाहन की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। इस पर काबू पाने के लिए पुलिस क्या कर रही है?**

उत्तर : हाईवे पर जुगाड़ वाहन चलाना जान जोखिम में डालना है। यह पूरी तरह से मानक के विपरित है। इस पर रोक लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं।

**प्रश्न : बैट्री बचाने के लिए ई-रिक्शा चालक रात में लाइट जलाकर नहीं चलते, जिसकी वजह से सर्वाधिक दुर्घनाएं हो रही हैं। इसे कैसे रोकेंगे?**

उत्तर: रात में वाहन का लाइट न जलाना गलत है। सभी थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि ई-रिक्शा चालकों के साथ बैठक कर बता दें कि यातायात नियमों की अनदेखी करने पर कार्रवाई होगी।

# यातायात नियमों की दी जानकारी, पालन की शपथ भी दिलाई

## दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान में लगी यातायात पाठशाला, एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस के स्वयंसेवक रहे मौजूद



आरपीएम एकेडमी कौड़ीराम में यातायात नियमों की जानकारी देते चौकी प्रभारी ● जागरण



सेंट एण्ड्रयूज कालेज मे एनएसएस के स्वयं सेवकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते उपनिरीक्षक इंदल राम ● जागरण



विश्वविद्यालय मे एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह। ● जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : दैनिक जागरण की ओर से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के क्रम में इन दिनों स्कूल व कालेजों में सड़क सुरक्षा की पाठशाला आयोजित की जा रही है। रविवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और सेंट एंड्रयूज कालेज में पाठशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान युवाओं को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही उनके पालन की शपथ भी दिलाई गई।

सेंट एंड्रयूज कालेज में आयोजित पाठशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम अधिकारी डा.जेके पांडेय की मौजूदगी में यातायात निरीक्षक इंदल राम ने यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने संकेतकों के बारे में बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वह खुद नियमों का पालन करें और लोगों को प्रेरित भी करें। कैंट थाना के उपनिरीक्षक अमित चौधरी ने यातायात नियमों का पालन न करने से हुई दुर्घटना का संस्मरण सुनाकर भावुक कर दिया।

गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित पाठशाला में एनसीसी कैडेटों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। एनसीसी प्रभारी प्रो.कैप्टन डीएन मौर्या की मौजूदगी में यातायात उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने यातायात नियमों के बारे में बताकर पालन न करने से आने वाली समस्याओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि यातायात के नियम जीवन का हिस्सा हो जाएंगे, दुर्घटना अपने-आप रुक जाएगी। प्रो.मौर्या ने कहा कि सुरक्षित यातायात हम सभी की जिम्मेदारी है।

# हिस्ट्रीशीटर ने साथियों संग युवक को अगवा कर पीटा, पुलिस ने जेल भेजा

- तिवारीपुर क्षेत्र की है घटना, भूमि बैनामा करने का बना रहा था दबाव
- सादे स्टांप पर हस्ताक्षर कराने के बाद पिटाई कर छोड़ने का है आरोप

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : भूमि बैनामा करने का दबाव बना रहे हिस्ट्रीशीटर ने साथियों संग मिलकर युवक को अगवा कर लिया। सुनसान स्थान पर ले जाकर जान से मारने की धमकी देकर सादे स्टांप पर हस्ताक्षर करा लिया। आरोप है कि युवक की पिटाई करने के बाद सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। शिकायत पर हरकत में आयी तिवारीपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

इलाहीबाग निवासी राकेश कुमार ने तिवारीपुर थाना पुलिस को प्राथना पत्र देकर बताया कि पिपरापुर मदरसा के पास उनकी भूमि है।

प्रापर्टी डीलिंग करने वाला हिस्ट्रीशीटर साजिद अली उर्फ गुड्डू भूमि बैनामा करने के लिए दबाव बना रहा था। बात न मानने पर एक सप्ताह से साथियों को भेजकर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था। 25 नवंबर की शाम को वह डोमिनगढ़ बंधे पर जा रहे थे। बिना नंबर प्लेट की कार से तीन साथियों संग पहुंचे साजिद ने उन्हें अगवा कर लिया। स्टांप पर हस्ताक्षर कराने के बाद सुनसान स्थान पर सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया।

उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अपहरण कर पिटाई करने व रंगदारी मांगने के आरोपित हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। हिस्ट्रीशीटर व उसके साथियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई कर अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त कराई जाएगी।

# एसएसएफ संभालेगी गोरखपुर व कुशीनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा कमान

सतीश पांडेय ● गोरखपुर

- शासन का निर्देश आने के बाद शुरू हुई तैयारी, प्रशिक्षित किए जाएंगे जवान
- तीन माह में पूरी कर लेनी है तैयारी गोरखपुर पीएसी में रिजर्व है एक कंपनी

एयरपोर्ट की सुरक्षा जल्द ही एसएसएफ (विशेष सुरक्षा बल) के हाथों में होगी। इसको लेकर अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश के पांच एयरपोर्ट की सुरक्षा इस बल के जिम्मे होगी, जिसमें गोरखपुर व कुशीनगर एयरपोर्ट भी शामिल हैं।

26वीं वाहिनी पीएसी में विशेष सुरक्षा बल की एक कंपनी रिजर्व है, जिसमें शामिल जवानों को एयरपोर्ट अथारिटी के सुरक्षा विशेषज्ञ प्रशिक्षित करेंगे।

26 जून 2020 को प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण भवन, कचहरी, एयरपोर्ट और मेट्रो की सुरक्षा के लिए गोरखपुर, लखनऊ समेत पांच जिलो में एसएसएफ का गठन किया था।

> गोरखपुर व कुशीनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था विशेष सुरक्षा बल को सौंपने की तैयारी है। शासन ने इसके लिए तीन माह का समय दिया है। शेड्यूल जारी होते ही प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा।
>
> **कुंतल किशोर**, कमांडेंट 26वीं वाहिनी पीएसी/एसएसएफ गोरखपुर

26वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक कुंतल किशोर को विशेष सुरक्षा बल का भी प्रभार है। गोरखपुर में गठित विशेष सुरक्षा बल में 140 जवान तैनात हैं, जिन्हें प्रशिक्षित करके औद्योगिक प्रतिष्ठानों, प्रमुख स्थलों, हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, कोर्ट समेत अन्य स्थानों की सुरक्षा में लगाया जाएगा। पहले चरण में शासन ने विशेष सुरक्षा बल को गोरखपुर, कुशीनगर के साथ ही प्रयागराज, बरेली और गाजियाबाद एयरपोर्ट की सुरक्षा सौंपने की तैयारी की है। शासन ने कमांडेंट को पत्र लिखकर तीन माह में तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

### एयरपोर्ट पर सीओ समेत तैनात हैं 84 पुलिसकर्मी

गोरखपुर एयरपोर्ट से रोजाना 11 विमान उड़ान भरते हैं। इसकी सुरक्षा व्यवस्था में एक सीओ, तीन निरीक्षक, 16 उपनिरीक्षक और 64 मुख्य आरक्षी/आरक्षी तैनात हैं। दो शिफ्ट में इन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगती है। सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों की तैनाती एडीजी जोन कार्यालय से होती है।

# अपात्रों को लाभ देने का आरोपित सचिव गिरफ्तार

गोपालपुर : गोला विकास खंड में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अजीत कुमार को जेल भेज दिया गया है। कोतवाल अश्वनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उन पर ग्राम सभा बारानगर में 200 शौचालयों का निर्माण पूरा कराए बिना पैसा निकालने व ग्राम सभा डड़िया में 16 अपात्रों को आवास देने के मामले मे केस दर्ज है। (जासं)

# सुरक्षित यातायात को चलाएं जागरूकता अभियान

## दो दिवसीय दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ की बैठक

- विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति के बारे में अफसरों से ली जानकारी
- बोले, ध्यान रखा जाए कि कहीं पर न होने पाए जाम की समस्या

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि सुरक्षित यातायात को प्राथमिकता पर रखें। संबंधित विभाग इसके लिए जागरूकता अभियान चलाएं। विभाग निर्बाध आवागमन के लिए व्यवस्था करे और लोगों को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाए।

दो दिवसीय गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री रविवार की शाम गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। इस पर ध्यान केंद्रित किया जाए। जाम की समस्या न होने पाए। ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे हादसे भी न हों। उन्होंने कहा कि यातायात के लिए लोगों का जागरूक होना भी जरूरी है। अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया जाए, जिससे वे नियमों का पालन करें। जहां जरूरत हो यातायात व्यवस्था में सुधार किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि सुबह करीब 10.30 बजे से कार्यक्रम होगा और करीब 1200 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ थाना के निर्माण की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि थानों के लिए जगह कम होती है इसलिए इस माडल पर निर्माण कराया जाए, जिसमें नीचे थाना हो और ऊपर आवास आदि की व्यवस्था की जा सके। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने गीडा दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में पूछा। सीईओ गीडा पवन अग्रवाल ने गीडा दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। प्लास्टिक पार्क को विकसित करने की योजना पर भी चर्चा की। इसके साथ ही फ्लैटेड फैक्ट्री के शिलान्यास के बारे में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने लैंड बैंक बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति के बारे में भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली। इस दौरान एडीजी जोन अखिल कुमार, मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, डीआइजी जे रविन्दर गौड, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, जीडीए के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर, सीईओ गीडा पवन अग्रवाल, प्रभारी एसएसपी कृष्ण कुमार विश्नोई आदि उपस्थित रहे।



गोरखनाथ मंदिर में पूजा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सौ.गोरखनाथ मंदिर

**महादान** | **पूर्वांचल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी की ओर से हुआ आयोजन**

# 55 लोगों ने रक्तदान कर पेश की मिसाल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोरखपुर।** पूर्वांचल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को गोलघर स्थित इंदिरा गांधी तिराहा पर हुआ। जहां, 55 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने किया। उन्होंने ने कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ आशुतोष कुमार दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश कुमार राय ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान से चार लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। संस्था के अध्यक्ष सनत कुमार चटर्जी ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। आयोजन में प्रकाश वर्मा, सतनाम सिंह, संजय गर्ग, राकेश यादव, अभिषेक सिंह, दिनेश मोदी, डॉ. सुरेश सिंह, डॉ. मीनाक्षी मिश्रा, शिवामबुज पटेल आदि ने विशेष भूमिका निभाई।




पूर्वांचल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रविवार को चेतना तिराहे पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदाता को प्रमाणपत्र वितरित करते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई और संस्था के पदाधिकारी। संवाद

# बलिया में तैनात सिपाही पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

हरपुर बुदहट(गोरखपुर)। संतकबीरनगर निवासी व बलिया जिले के दूधहट थाने में तैनात सिपाही घनश्याम यादव, उनके पिता जनार्दन यादव, भाई राजन, भाभी रेनू के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। हरपुर बुदहट थाने में युवती के पिता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया।

आरोप है कि शादी की तिथि करीब आने पर पांच लाख रुपये व गाड़ी की मांग की। नहीं देने पर शादी नहीं हो पाई। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## युवती के पिता ने दर्ज कराया केस, दहेज में पांच लाख मांगने का आरोप

जानकारी के मुताबिक, हरपुर बुदहट इलाके के एक गांव की रहने वाली युवती की शादी खलीलाबाद कोतवाली इलाके के गांव निवासी घनश्याम यादव के साथ हुई थी। युवक की तैनाती बलिया जिले के दूधहट थाने में है।

शादी तय होते समय उपहार में 5 लाख नकद और बाइक, सोने की चेन, अंगूठी देने की बाद हुई थी। 24 नवंबर 2022 को शादी की तिथि भी तय हो चुकी थी। शादी की तिथि नजदीक आने पर वर पक्ष के परिजन 5 लाख और व चार पहिया वाहन की अतिरिक्त मांग करने लगे। जबकि, लड़की के पिता ने पूर्व में सिपाही को 2.50 लाख गूगल पे किया था। 2.50 लाख नकद दे दिया था।

13 नवंबर 2022 को सिपाही ने सूचना दी कि मांग पूरी होने पर ही शादी होगी। नियत तिथि पर दहेज की मांग पूरी न होने पर लड़के पक्ष के लोग बरात लेकर नहीं आए। शनिवार को समाधान दिवस पर पीड़ित पिता ने शिकायत की। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस पर हमले के छह आरोपियों पर गैंगस्टर

## चौरीचौरा इलाके का सूरज है पशु तस्कर गिरोह का सरगना, अन्य आरोपी कुशीनगर के निवासी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पुलिस टीम पर हमला करने के छह आरोपी पशु तस्करों पर गुलरिहा पुलिस ने रविवार को गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। गिरोह का सरगना चौरीचौरा के सूरज कुमार को बताया गया है। वहीं, अन्य सदस्य गुलरिहा व कुशीनगर के रहने वाले हैं। वर्तमान में सभी आरोपी जेल में बंद हैं।

प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय की तहरीर पर डीएम की अनुमति के बाद केस दर्ज किया गया। तहरीर में उन्होंने लिखा कि चौरीचौरा क्षेत्र के दुधाई निवासी सूरज कुमार के नेतृत्व में पशु तस्करों का गिरोह गोहत्या जैसे जघन्य अमानवीय कार्य करता है। आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने वाले पुलिस कर्मियों पर गिरोह हमला करने के साथ ही पुलिस के वाहनों को क्षतिग्रस्त भी कर देता है। इनके अमानवीय कृत्य से आम जनमानस में भय व आतंक व्याप्त है।

इन पशु तस्करों के आतंक का आलम यह है कि समाज का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध थाने में शिकायत करने अथवा न्यायालय में गवाही देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है।

### इनके खिलाफ दर्ज किया गया केस

चौरीचौरा के दुधाई निवासी सूरज कुमार, गुलरिहा के बड़हरिया के धुसवा टोला निवासी इस्माइल, गुलरिहा के चिलबिलवा निवासी शेख मोहम्मद, चिलबिलवा निवासी रियाजुद्दीन, कुशीनगर के तुर्कपट्टी इलाके के बसडीला पांडेय निवासी हरेंद्र यादव, कुशीनगर जनपद के तरयासुजान इलाके के कोइंदी निवासी इमाम शेख पर केस दर्ज किया गया है।

### तीन माह पहले पशु तस्करों ने किया था हमला

गुलरिहा थाना क्षेत्र के बरगदही में दो सितंबर की देर रात पशु तस्करों ने हमला कर पुलिस की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया था। 3 सितंबर को एसएसआई सोनेंद्र सिंह की तहरीर पर 8-10 अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपियों का नाम सामने आने के बाद केस दर्ज किया गया।

### तीन अन्य बदमाशों की तलाश जारी

इन छह के अलावा तीन अन्य बदमाशों का भी नाम सामने आया था। इन अभियुक्तों में सोनू शेख, मोनू शेख निवासी काला गुरवलिया शेख टोला थाना तुर्कपट्टी व तौरीफ निवासी सेमरा हरतो थाना कुबेरस्थान कुशीनगर की गिरफ्तारी अभी नहीं हो सकी है, तीनों फरार हैं। इनके विरुद्ध विवेचना जारी है। इंस्पेक्टर गुलरिहा ने बताया कि तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने व गिरफ्तारी होने पर आरोपपत्र प्रेषित किए जाने के बाद पूरक गैंग चार्ट अलग से प्रेषित किया जाएगा।

## कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

हरनही। खजनी पुलिस ने 85 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान बिहार के नवादा निवासी दिनेश मांझी व झारखंड के मोहन साहू के रूप में हुई। दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

खोराबार। पुलिस ने छेड़खानी करने के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान खोराबार के रघुनाथपुर निवासी आकाश चौधरी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपी के खिलाफ खोराबार थाने में छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज था। ब्यूरो

# युवक की पिटाई का आरोपी जेल भेजा गया

अमर उजाला ब्यूरो

**खोराबार।** इलाके के जगदीशपुर में युवक की पिटाई के मामले में पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज कर लिया। एक आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

उधर, युवक का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने फरार दो आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जगदीशपुर निवासी रोशन के रूप में हुई।

### खोराबार इलाके में घर में घुसे युवक की हुई थी पिटाई तीन पर केस

जानकारी के मुताबिक, जगदीशपुर निवास प्रद्युम्न चौधरी (24) शुक्रवार को माड़ापार से काम कर के घर लौट रहे थे। इस दौरान वह अपने एक दोस्त के घर में घुस गए।

घर में खटपट की आवाज होने पर जागे लोगों ने रात 10:30 बजे के करीब उन्हें पकड़ लिया और लोहे की रॉड से प्रहार कर अधमरा कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे घायल के पिता राकेश ने पुलिस को पुरानी रंजिश में मारपीट की तहरीर दी।

उधर, गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस कर्मी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने युवक को प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोशन, सचिन और छोटू के खिलाफ केस दर्ज कर रोशन को गिरफ्तार कर लिया।

# 70 साल की महिला से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों पर गैंगस्टर

## डीएम की अनुमति के बाद गुलरिहा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गुलरिहा इलाके के एक गांव में 70 वर्षीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म व लूट करने के दोनों आरोपियों पर गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया गया।

डीएम की अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने रविवार को केस दर्ज किया। वर्तमान में दोनों आरोपी जेल में हैं।

पुलिस के मुताबिक, घटना 18 सितंबर की रात में हुई थी। महिला कटरेन के कमरे अकेले सोई थी। वह पत्ता बेचकर जीविकोपार्जन करती है। रात में दो बदमाश उसके घर में घुसे और सामान

### गुलरिहा इलाके में हुई थी घटना, दर्ज था लूट का केस

### जांच के दौरान बढ़ाई गई थी दुष्कर्म की धारा

लूटने लगे। खटपट की आवाज होने पर महिला की नींद खुल गई और वह शोर मचाने लगी। दोनों बदमाशों ने उसका मुंह बंद कर दिया और रस्सी से दोनों हाथ व पैर बांध दिया।

कमरे में रखे पांच हजार रुपये व कान का टप्स आदि लूटने के बाद बुजुर्ग महिला की इज्जत भी लूट ली।

पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर अमरजीत उर्फ मिट्ठू व अरविंद निषाद के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया था। हालांकि, बाद में बुजुर्ग महिला ने अपने बयान में सामूहिक दुष्कर्म की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी।

डीएम की अनुमति मिलने के बाद गुलरिहा पुलिस ने अमरजीत निषाद उर्फ मिट्ठू निषाद और अरविंद निषाद के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने के क्रम में रविवार को गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया।

# गबन का आरोपी वीडीओ गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

## गोला थाने में दर्ज किया गया था केस, जेल भेजा गया

## बिना निर्माण 200 शौचालयों की रकम निकालने का आरोप

गोला/जानीपुर। गोला विकास खंड में शौचालय और आवास के रुपये गबन करने के आरोपी ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) अजीत कुमार को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।



गबन मामले में गिरफ्तार वीडीओ अजीत कुमार।

अजीत कुमार मूल रूप से सिकरीगंज के घुचियापार का मूल निवासी है। जानकारी के मुताबिक, गोला विकास खंड के डड़िया व बारानगर में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अजीत के खिलाफ वर्ष 2020 में ग्राम सभा बारानगर में 200 शौचालयों का बिना निर्माण कार्य पूरा कराए रुपये निकालने का मामला सामने आया था।

बताया जाता है कि वर्ष 2022 में ग्राम सभा डड़िया में 16 अपात्रों को आवास देने के मामले में भी वह आरोपी पाए गए। जांच में पुष्टि के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था।

इसके साथ ही बारानगर के पूर्व ग्राम प्रधान राजेश और पूर्व ग्राम प्रधान हेमवंती देवी भी आरोपी बनाई गई थीं। दोनों आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है। ग्राम विकास अधिकारी अजीत फरार चल रहे थे, जिन्हें रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ग्राम विकास अधिकारी को कोर्ट ने जेल भेज दिया।

# अवर अभियंता से रंगदारी मांगने का आरोपी ठेकेदार गिरफ्तार

## एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा, जेल भेजा गया

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जलकल दफ्तर में घुसकर अवर अभियंता सौरभ कुमार पर पिस्टल तान कर रंगदारी मांगने वाले ठेकेदार शिव दयाल पांडेय को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

घटना के बाद नगर निगम और जलकल के अवर अभियंताओं के प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी से मुलाकात कर शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। आरोपी पर चिलुआताल थाने में भी हत्या व गैंगस्टर के केस दर्ज हैं। आरोपी शिवदयाल चिलुआताल के रामपुर गांव का मूल निवासी है।



गिरफ्तार ठेकेदार शिवदयाल पांडेय।

**जलकल परिसर की घटना पिस्टल तानकर मांगी थी रंगदारी**

जानकारी के मुताबिक, अवर अभियंता ने तहरीर में लिखा है कि 29 अक्तूबर को छठ घाट की तैयारी का काम चल रहा था। इसी दौरान ठेकेदार शिवदयाल पांडेय अवर अभियंता धीरज कुमार से विवाद कर रहे थे।

कहासुनी देख मैं भी उस ओर गया और शांत कराया। शाम साढ़े पांच बजे के करीब महाप्रबंधक के चेंबर में मौजूद था। इस दौरान अचानक बिजली चली गई। ठेकेदार अंदर घुसा और नियम विरुद्ध तरीके से एक काम को देने का दबाव बनाने लगा।

मना करने पर ठेकेदार शिवदयाल पांडेय गाली देने लगे और पिस्टल तान कर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर कर्मचारी दौड़े और बीच बचाव करने लगे।

आरोप है कि बाहर निकलते समय भी ठेकेदार ने धमकी दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। रविवार को सुभाष चंद्र बोस नगर के प्ले ग्राउंड के पास से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

### अगवा कर रंगदारी मांगने में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** तिवारीपुर इलाके में जमीन के लेनदेन के विवाद में युवक का अपहरण कर रंगदारी मांगने के आरोपी हिस्ट्रीशीटर साजिद अली को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्रा के मुताबिक, पिपरा निवासी राकेश ने केस दर्ज कराया था। राकेश ने आरोपी साजिद के साथ मिलकर एक जमीन ली है। दोनों के बीच 25 नवंबर को विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद ही हिस्ट्रीशीटर साजिद ने राकेश को जबरन गाड़ी में बैठा लिया और रास्ते में मारपीट कर स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करा लिया। शिकायत आते ही पुलिस ने मारपीट, धमकी, जालसाजी, रंगदारी मांगने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। आरोपी को पुलिस ने उनके घर के पास इलाहीबाग से गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि०-28-11-22

# गायब मोबाइल बरामद, किया सुपुर्द

देवरिया(एसएनबी)। जिले के साइबर सेल को लगभग 15 लाख कीमत की 108 गुमशुदा मोबाइल को बरामद करने में कामयाबी मिली है। बरामद मोबाइल को रविवार को क्षेत्राधिकारी नगर ने संबंधित व्यक्तियों को सुपुर्द कर दिया। गायब मोबाइल मिलते ही संबंधित व्यक्तियों के चेहरे खिल उठे। इसके अलावा साइबर सेल को आनलाइन फ्राड करके खाते से उड़ाये गये माह अक्टूबर में 13 व्यक्तियों के 8,66,038 रूपये पीड़ित व्यक्तियों के खाते में वापस कराने में भी सफलता हासिल की है।

रविवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में आयोजित प्रेसवार्ता में क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल को निर्देशित किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में साइबर सेल द्वारा नियमानुसार लगातार प्रयास किया जाता रहा।. परिणाम स्वरूप 108 आवेदकगण के गुमशुदा मोबाइल फोन जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रूपये है, बरामद किया गया। बरामदशुदा मोबाइल फोन आज संबंधित आवेदकगणों को सुपुर्द किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बरामद मोबाईल फोन में 19 अदद वीवो, 15 अदद रेड मी, 34 अदद रीयर मी, 10 अदद ओप्पो, 9 अदद सैमसंग, 3 अदद इनंफिनिक्स, 3 अदद पोको, 9 अदद टेक्नो एवं 6 अदद अन्य कम्पनियें के मोबाइल फोन शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि साइबर सेल में आनलाइन फ्राड करके खाते से उड़ाये गये 13 व्यक्तियों के 8,66,038 रूपये संबंधित व्यक्तियों के खाते में वापस कराने में कामयाबी मिली है।

साइबर सेल की टीम में ये रहे शामिल : उ.नि. राहुल सिंह, कं.अ. शिवमंगल यादव, आ. प्रद्युम्न जायसवाल, आ. दीपक सोनी, आ. विजय राय, म.आ. पूर्णिमा चौधरी शामिल रहे।



जानकारी देते क्षेत्राधिकारी नगर। फोटो : एसएनबी

राष्ट्रीय सहारा दि० 28-11-22

# कट्टा कारतूस के साथ गो तस्कर गिरफ्तार

बघौचघाट (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के मलसी चौराहे पर एक गो तस्कर पुलिस से घिरने के बाद फायरिंग कर गन्ने के खेत मे छुप गया। पुलिस ने सर्च आपरेशन शुरू कर तस्कर को दबोच लिया और सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

रविवार की सुबह 4 बजे मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि पिकप वाहन में दो तस्कर गोवंशो को लेकर विहार के तरफ जा रहे हैं। सूचनां मिलते ही थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय मय फोर्स मलसी चौराहे पर पहुंच गए। कुछ ही देर बाद पश्चिम के तरफ से आता हुआ पिकप वाहन दिखाई दिया। पुलिस वालों के रोकने पर उसमें बैठा एक तस्कर वाहन से उतरकर भागने लगा और कट्टे से पुलिस पर फायर कर दिया। उसके हमले में पुलिस के जवान बाल बाल बचे। भाग कर वह तस्कर एक गन्ने के खेत मे छुप गया। जिसको सर्च आपरेशन शुरू कर गन्ने के खेत से गिरफ्तार कर लिया गया। उसी समय मौका पाकर पिकप का चालक पिकप लेकर फरार हो गया। पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर ने अपना नाम इरशाद अली पुत्र निजामुद्दीन अहिरौली दुबौली तकिया थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बताया। पुलिस के अनुसार पिकप में गोबंश लदे थे। पुलिस ने गिफ्तार युवक के खिलाफ हत्या का प्रयास एवं आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर सम्बंधित न्यायालय में पेश किया।

हिन्दुस्तान दि० 28-11-23

# 13 लोगों के खाते में 8.66 लाख रुपये वापस कराए

देवरिया, निज संवाददाता। साइबर अपराधी आन लाइन भुगतान करने वाले लोगों के खाते को निशाना बना रहे हैं। पिछले एक माह में साइबर सेल ने 13 लोगों के खाते में 8.66 लाख रुपये खाते में वापस कराया।

जिसका फायदा साइबर ठग उठा रहे हैं। जो लोगों के खाते से आन लाइन निकासी कर ले रहे हैं। एसपी के निर्देश पर साइबर सेल त्वरित कार्रवाई करते हुए लोगों के खाते से ठगी हुए रुपये वापस कराया। क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि लार थाने के मेहरौना के रहने वाले प्रदीप कुमार का 80 हजार रुपये, रुद्रपुर के मरकड़ी गांव के रमेश का 50 हजार रुपये, के बैतालपुर के प्रिंस का 29 433 रुपये, जमुआ के रहने वाले जयशंकर के

**13 लोगों के खाते से निकाल लिए थे रुपये**

- साइबर सेल ने एक माह में रुपये बरामद किए

खाते से 95 हजार रुपये, सोंदा के रहने वाले अनिल तिवारी का 60 हजार रुपये, खामपार थाने के डायल 112 में तैनात नीतू के खाते में 17 हजार रुपये, खामपार थाना के राजमंगल का 35 हजार रुपये, गुदरी के मंजीत का 40 हजार रुपये, बरियारपुर के नन्हे का 3.10 लाख रुपये, खुखुन्दू के सोनाड़ी के कुंदन के खाते से 90 हजार रुपये, अबूबकर नगर के बैजू का 19 हजार रुपये व भाटपाररानी की आरती देवी का 27 हजार रुपये वापस कराया है।

हिन्दुस्तान दि०-28-11-22

# पुलिस ने बरामद किए 15 लाख के 108 मोबाइल

देवरिया, निज संवाददाता। साइबर सेल ने दो माह में जिले के अलग-अलग स्थानों से गायब हुए 108 मोबाइल बरामद किया था। उसे रविवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में क्षेत्राधिकारी सदर लोगों को सौंपा। इस दौरान लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बरामद किए गए मोबाइल की कीमत करीब 15 लाख रुपए हैं।

क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि जिले में मोबाइल गिरने और चोरी की घटनाओं पर लोग परेशान होते है। जो लोग मोबाइल गायब होने की सूचना पुलिस को देते हैं। उनके मोबाइल को बरामद करने के निए साइबर सेल की टीम लगाई जाती है। कई दिनों की मेहनत के बाद साइबर सेल की टीम मोबाइल को बरामद करती है। सदस्यों ने दो माह में जिले के अलग अलग स्थानों से कुल 108 मोबाइल को बरामद किया है। जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये की है। सीओ सदर ने एक एक कर सभी मोबाइल को उनके मालिकों को सौंपा। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद कई माह पहले गिरे हुए मोबाइल को बरामद किया है। गुम हुआ मोबाइल पाकर लोगों के खुशी का ठीकाना नहीं रहा। क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी ने प्रेक्षागृह में अपने हाथों से राण प्रताप, राजू, अब्दूल, आलोक, राजेश, प्रिय, ऋषिकेश समेत 70 लोगों को मोबाइल सौंपा।



रविवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी की मौजूदगी में लोगों को उनका गायब मोबाइल वितरित किया गया। • हिन्दुस्तान

### यह मोबाइल हुआ बरामद

साइबर सेल की टीम ने दो माह में जो मोबाइल बरामद किया है। जिसमें वीवो की 19, रेडमी 15, रियलमी 34, ओपो की 10, सैमसंग की 9, इनफिनिक्स 3, पोको की 3, टेक्नो की 9 और 6 अन्य कंपनियों के मोबाइल बरामद हुआ।

हिन्दुस्तान दि०-28-11-22

# प्रधान प्रतिनिधि व उनके भाई को पीटा, केस दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। पिपरा मदन गोपाल गांव के प्रधान प्रतिनिधि और उनके भाई को कुछ लोगों ने पीट दिया। इस मामले में रामपुर कारखाना पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस दोनों हमलावरों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के पिपरा मदन गोपाल गांव के दिग्विजय सिंह प्रधान प्रतिनिधि हैं। उनका गांव ओडीएफ योजना में चयनित हुआ है। गांव के शरीफ टोला पर नाली निर्माण का कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा है। नाली निर्माण का कार्य देखने के लिए रविवार की दोपहर में प्रधान प्रतिनिधि दिग्विजय सिंह अपने बड़े भाई रवि प्रताप सिंह के साथ पहुंचे। जहां पर गांव के ही अनिरुद्ध अपने बेटे ऋषिकेश के साथ पहुंच कर नाली निर्माण का विरोध करने लगा।

आरोप है कि प्रधान प्रतिनिधि ने नाली का कार्य शुरु कराने की बात कहीं तो दोनों पिता पुत्र लाठी डण्डा से हमला बोल दिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर रामपुर कारखाना पुलिस को दी। पुलिस मामले में दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। थानेदार महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। केस दर्ज कर लिया गया है।

## पुरानी रंजिश में दिव्यांग महिला को पीटा

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के कोंहवलिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दिव्यांग महिला को आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला के पुत्र ने तरकुलवा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के कोंहवलिया गांव निवासी संजय यादव पुत्र श्री प्रसाद ने पुलिस को तहरीर में कहा है कि मेरी मां लीलावती देवी दिव्यांग महिला हैं मेरे ही गांव के आधा दर्जन लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मेरे दरवाजे पर आकर गाली गुप्ता मेरी मां को दे रहे थे मना करने पर उन लोगों ने लाठी डंडे से मारकर उसका सर फाड़ दिया जिससे घायल होकर जमीन पर गिर गयी आसपास के लोग उसको अस्पताल ले गए जहां उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में हल्का इंचार्ज रामसहाय यादव ने कहा कि दोनों तरफ से तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जा रही है

हिन्दुस्तान दि० 28-11-22

# गोली चलाने वाले चार लोगों पर हत्या के प्रयास का केस

देवरिया, निज संवाददाता। गाड़ी पर फायरिंग करने वाले दो नामजद समेत चार लोगों के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्तों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने अभियुक्तों की तलाश में कई जगह छापेमारी किया है।

शहर के उमानगर मोहल्ले के रहने वाले विशाल उर्फ रजत मल्ल पुत्र प्रभाकर मल्ल ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि वह ट्रक व जेसीबी चलवाने का कार्य करते हैं। वह 25 नवम्बर को किसी कार्य से अपने मित्र आकाश सिंह व करन के साथ स्कार्पियो से खुखुंदू गए हुए थे। रात में करीब 11 बजे तीनों लोग गाड़ी से वापस लौट रहे थे। वह सोनूघाट के समीप ही पहुंचे थे कि उनके पीछे से फारच्यूनर समेत दो गाड़ियां आ रही थी। जैसे ही वे करीब पहुंचे फारच्यूनर सवार बदमाशों ने गोली चला दी। देवरिया के लिए तेज गति से गाड़ी लेकर बढ़ा तो सोंदा के पास स्कार्पियो पर दूसरी गोली चलाई गई। उन्होंने सदर कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। वह तेज रफ्तार भागते हुए सिविल लाइंस रोड स्थित डाकघर के सामने पहुंचे तो पुलिस सामाने से आती हुई दिखाई दी।

हिन्दुस्तान दि० 24-11-22

# नौकरी के नाम पर पांच लाख की ठगी

लार। थाना क्षेत्र के बरडीहा परशुराम गांव के युवक से नौकरी के नाम पर जालसाज ने पांच लाख रुपया ठग लिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक देवरिया से किया था। कार्रवाई ना होने पर युवक ने न्यायालय का शरण लिया। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

इंद्रजीत सिंह निवासी बरडीहा परशुराम ने आरोप लगाया है कि गढ़वा खास गांव निवासी बृजराज भारती नौकरी के नाम पर कई बार में लगभग पांच लाख ले लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर क्षेत्र के ही गढ़वा गांव निवासी बृजराज भारती पुत्र रामायण के विरुद्ध 406, 420, 323, 504 व 506 के तहत केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि०-28-11-22

## बघौचघाट क्षेत्र में तस्कर पशुओं को बिहार ले जा रहे थे

# पशु तस्करों ने पुलिस पर चलाई गोली, एक गिरफ्तार

### कामयाबी

पथरदेवा/बघौचघाट, हिंटीम। पशु लदी गाड़ी को रोकने पर तस्करों ने रविवार की भोर में तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने घेराबंदी कर एक पशु तस्कर को दबोच लिया जबकि अंधेरे का लाभ उठाकर गाड़ी समेत चालक फरार हो गया। पूछताछ में तस्कर ने अपने सरगना और पशु लाने के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

बघौचघाट के थानेदार मृत्युंजय राय रविवार की भोर में पुलिसकर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। इसी बीच एक मुखबिर ने सूचना दी कि पिकअप में कुछ पशुओं को लादकर बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना पाकर थानेदार ने अपनी टीम के साथ मैलसी-बघौचघाट मार्ग पर मेहाहरहंगपुर मोड़ के करीब घेराबंदी कर दी। इसी बीच एक पिकअप आती दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने स्पीड बढ़ाकर गाड़ी को अचानक मेहा गांव के तरफ मोड़ दी। पुलिस ने उसे दौड़ाया तो वह पुलिसकर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी। तस्कर भागकर गांव के एक गन्ने के खेत में छिप गया। पुलिस ने पूरे खेत को घेर लिया लेकिन अंधेरा होने के चलते सर्च आपरेशन रोक दिया। सुबह होने पर पुलिसकर्मियों ने खेत की तलाशी ली तो आरोपित धर लिया गया। पूछताछ में अपना नाम इरशाद अली पुत्र निजामुद्दीन, बिहार के थाना गोपालपुर के अहिरौली दुवौली टोला तकिया निवासी बताया। उसने चौरीचौरा से पशुओं को बिहार ले जाने की बात कबूल की। अपने सरगना का नाम मुस्ताफ बताया जो तकिया टोला का निवासी है। टीम में सब इंस्पेक्टर सुमित कांत, राजीव, विपतेश राय, महेश, इजहार अहमद और अजय शर्मा थे।



फायरिंग करने वाले पशु तस्कर को पुलिस ने दबोच लिया।

# 108 मोबाइल मिले, खाते में वापस आए 8.66 लाख

## साइबर सेल के प्रयास से मिली सफलता, लोगों ने जताई खुशी, सीओ सदर ने दी जानकारी

जासं, देवरिया: एसपी कार्यालय के साइबर सेल के प्रयास से चोरी गए करीब 15 लाख रुपये कीमत के 108 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता मिली है। सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी के हाथों मोबाइल पाकर लोग खुश नजर आए। साइबर अपराधियों ने तेरह लोगों के बैंक खाते से 8.66 लाख रुपये भी निकाल लिए थे, जिसे वापस कराया गया।

सीओ सदर ने रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकारों से बताया कि लार के मेहरौनाघाट के प्रदीप कुमार के बैंक खाते में 80 हजार, रुद्रपुर के मरकड़ी के रमेश यादव के बैंक खाते में 50 हजार, गौरीबाजार के बैतालपुर के प्रिंस जायसवाल के बैंक खाते में 29433 रुपये, जमुआ के जयशंकर पांडेय के बैंक खाते में 95 हजार, खामपार के राजमंगल शर्मा के खाते में 35 हजार, बरियारपुर के नन्हें चौहान के खाते में 13273 रुपये, रुद्रपुर के मरकड़ी गांव के रमेश यादव के खाते में 3.10 लाख, सोंदा के अनिल तिवारी के खाते में 60307 रुपये, बैतालपुर के मंजीत सिंह के खाते में 40 हजार, खुखुंदू के सोनाड़ी गांव के कुंदन सिंह के खाते में 90 हजार, अबूबकर नगर मोहल्ले के बैजू जायसवाल के खाते में 19025 रुपये, भाटपाररानी की आरती देवी के खाते में 27 हजार रुपये वापस कराए। साइबर सेल टीम में एसआइ राहुल सिंह, दीवान शिवमंगल यादव, प्रद्युम्न जायसवाल, दीपक सोनी, विजय राय, पूर्णिमा चौधरी शामिल रहे।



मोबाइल धारकों के साथ सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी • जागरण

### महिला सिपाही भी बनी थी शिकार

खामपार थाने में यूपी 112 में तैनात सिपाही नीतू यादव के खाते से 17 हजार रुपये साइबर अपराधियों ने निकाल लिए। जिसे वापस कराया गया।

### कोरियर से भी आए चोरी गए मोबाइल

साइबर सेल ने चोरी गए करीब आठ मोबाइल फोन को मुंबई, दिल्ली, बंगलुरु व सूरत आदि जगहों से कोरियर से मंगाने में सफलता प्राप्त की। सीओ के मुताबिक, जांच में चोरी गए मोबाइल फोन का लोकेशन इन शहरों में मिला तो सिम प्रयोग करने वालों से संपर्क किया गया। जब उन्हें बताया गया कि जिस मोबाइल फोन को वह उपयोग में ला रहे हैं। वह चोरी का है तो उन लोगों ने कोरियर से एसपी कार्यालय के पते पर मोबाइल फोन भेज दिया।

दैनिक जागरण दि० 28-11-22

# पुलिस पर पशु तस्कर ने की फायरिंग, गिरफ्तार

जासं, पथरदेवा, देवरिया : गन्ने के खेत में छिपे पशु तस्कर ने रविवार की भोर में पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने घेरेबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। बाद में उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। आरोपित बिहार के गोपालगंज जनपद का रहने वाला है।

बघौंचघाट थाने की पुलिस को भोर में सूचना मिली कि पिकअप पर गोवंश लादकर तस्कर बिहार ले जाने की फिराक में है। पुलिस मलसी चौराहे पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर तस्कर पिकअप को पीछे कर वापस भागने में सफल रहे। इस दौरान पिकअप पर बैठा तस्कर उछलकर नीचे गिर गया। वह पुलिस से बचने के लिए मलसी गांव के गन्ने के खेत में छिप गया। पुलिस ने गन्ने के खेत को घेर लिया। खुद को घिरा देखकर तस्कर ने फायरिंग की। पुलिस ने गांववालों के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का तमंचा व खोखा बरामद किया। आरोपित इरशाद अली पुत्र निजामुद्दीन शाह बिहार के गोपालगंज जनपद के गोपालपुर क्षेत्र के अहिरौली दुबौली टोला तकिया को गिरफ्तार कर लिया।

दैनिक जागरण दि० 28-11-22

# स्कार्पियो पर गोली चलाने के मामले में दो के विरुद्ध मुकदमा

जासं, देवरिया: व्यवसायी पर गोली चलाने के मामले में पुलिस ने दो व्यक्तियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। स्कार्पियो में बने दोनों छेद की गोरखपुर में स्थापित विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के वैज्ञानिक जांच करेंगे। छेद गोली से बने हैं या किसी अन्य चीज से, इसका पता चल सकेगा।

शहर के उमानगर के रहने वाले व्यवसायी विशाल उर्फ रजत मल्ल शुक्रवार की रात करीब 11 बजे अपने मित्र आकाश सिंह व करन के साथ स्कार्पियो से खुखुंदू से देवरिया आ रहे थे। उनके पीछे फार्च्यूनर समेत दो गाड़ियां आ रही थीं। उनका आरोप है कि वह अभी वह सोनूघाट पहुंचने वाले थे, तभी फार्च्यूनर में बैठे लोगों ने ओवरटेक कर हत्या करने की नियत से गोली चलाई। दो गोलियां स्कार्पियो में लगीं। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने भटवलिया के रहने वाले विक्रांत मिश्र व शहर के रामनाथ देवरिया निवासी आरिफ के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। स्कार्पियो में बने छेद की विधि विज्ञान प्रयोगशाला गोरखपुर के वैज्ञानिकों से जांच कराई जाएगी। जिससे पता चल सकेगा कि छेद गोली से बने हैं या किसी अन्य तरीके से बने हैं।

दैनिक जागरण दि०-28-11-22

# अष्टधातु की मूर्तियों की चोरी मामले में जांच जारी

जासं, देसही देवरिया: श्रीरामजानकी मंदिर से चोरी अष्टधातु की तीन मूर्तियों के चोरी मामले में पुलिस खाली हाथ है। पुलिस मंदिर के सामने स्थित पोखरे व बगल के कुआं में गोताखोरों की मदद से तलाश करा रही है। पुलिस को शक है कि इस घटना में मंदिर से जुड़े किसी करीबी का हाथ हो सकता है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। महुआडीह क्षेत्र के हेतिमपुर नगर पंचायत के बरमहिया टोला (डा. भीमराव आंबेडकर नगर वार्ड नंबर एक) स्थित श्रीरामजानकी मंदिर से शुक्रवार की रात तीन कीमती अष्टधातु की मूर्तियां चोरी हो गईं। दूसरे दिन भी पुलिस टीम आसपास में खोजबीन करती रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार को भी पुलिस तलाश में लगी रही। मंदिर के गर्भगृह से गायब अष्टधातु की मूर्तियों में श्रीराम, लक्ष्मण व जानकी शामिल हैं। गर्भगृह में सिर्फ हनुमान की मूर्ति विराजमान है।

दैनिक जागरण दि०-28-11-22

# 90 लाख का सोना लेकर भागे आरोपित की तलाश तेज

- महाराष्ट्र पुलिस तीन दिन से गौरीबाजार में जमी, आरोपित के स्वजन को हिरासत में लिया
- महाराष्ट्र के भुसावल जनपद में मणप्पुरम गोल्ड फाइसैंस में प्रबंधक है आरोपित

जासं, गौरीबाजार, देवरिया: महाराष्ट्र के भुसावल जनपद के मणप्पुरम गोल्ड फाइनेंस से करीब 90 लाख रुपये का सोना लेकर भागने के आरोपित की तलाश चल रही है। महाराष्ट्र पुलिस गौरीबाजार में तीन दिन से डेरा डाले हुए है। आरोपित की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है। स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपित के स्वजन को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है।

क्षेत्र के रसौली गांव का रहने वाला विशाल राय महाराष्ट्र के भुसावल जनपद में मणप्पुरम गोल्ड फाइसेंस में मैनेजर के पद कार्यरत है। महाराष्ट्र पुलिस के मुताबिक, संस्था के आडिटर व एरिया मैनेजर ने सोने की जांच की तो पता चला कि बैंक में रखे 1260 पैकेट में से 16 से 17 पैकेट गायब हैं। बैंक अधिकारियों ने 22 नवंबर को भुसावल जनपद के बाजारपेठ थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले की जांच बाजारपेठ थाने की पुलिस व क्राइम ब्रांच कर रही है।

आरोपित की तलाश के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारी मंगेश गोटला के नेतृत्व में एक टीम तीन दिन पहले गौरीबाजार पहुंची है। स्थानीय पुलिस की मदद से गांव में दबिश दी, लेकिन आरोपित का पता नहीं चला है। सर्विलांस के जरिये महाराष्ट्र पुलिस उसके करीब पहुंचने की जुगत में लगी है। पुलिस ने आरोपित के स्वजन को हिरासत में लिया है। जांच में पता चला है कि आरोपित ने अपनी बहन से बात किया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र पुलिस तीन दिन पहले आई है। आरोपित की तलाश कर रही है।

> बैंक का करीब दो किलोग्राम सोना गायब है। जिसकी कीमत करीब 90 लाख रुपये आंकी गई है। तीन दिन से हम लोग आरोपित विशाल राय की तलाश कर रहे हैं। उसका पता नहीं चल पा रहा है।
>
> मंगेश गोटला, पुलिस अधिकारी, महाराष्ट्र पुलिस

## ई-रिक्शा लेकर भाग गया चालक, दी तहरीर

जासं, रुद्रपुर: उपनगर से ई-रिक्शा को लेकर चालक भाग गया। वाहन स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बरहज थाना क्षेत्र के पैना पूरब पट्टी के रहने वाले चंदन तिवारी भाड़े पर ई-रिक्शा चलवाते हैं। दो माह पूर्व एक व्यक्ति ने ई-रिक्शा किराये पर लिया था। उसकी काफी खोजबीन की। उसका पता नहीं चल रहा है। कोतवाल उपेंद्र मिश्र ने कहा कि तहरीर मिली है।

दैनिक जागरण दि-26-11-22

# जिले में विकसित किया जाएगा ट्रैफिक इंटीग्रेटेड सिस्टम

## शहर में ट्रैफिक सिग्नल लगाने के लिए भेजा गया प्रस्ताव, सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान

सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस व्यवस्था एवं यातायात को लेकर जो इंतजाम होना चाहिए वह मुकम्मल नहीं है। दैनिक जागरण की सड़क सुरक्षा अभियान के तहत देवरिया जिले में 304 किलोमीटर की सड़क आडिट के दौरान जो तथ्य सामने आए उसमें अभी बहुत सुधार करने की जरूरत है। इन सभी मुद्दों को लेकर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा से बातचीत के मुख्य अंश-

**साक्षात्कार**



संकल्प शर्मा, एसपी • जागरण

• प्रश्न: शहर में यातायात की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ट्रैफिक सिग्नल की जरूरत है, इसके लिए क्या कार्रवाई हो रही है?

उत्तर: बिल्कुल, आपका यह सवाल सामयिक है। देवरिया शहर में यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए ट्रैफिक सिग्नल के लिए शासन में प्रस्ताव भेजा गया है, जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। जिससे काफी हद तक यातायात की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सकेगा।

• प्रश्न: शहर से लेकर कस्बों तक चौराहों पर जेबरा क्रासिंग तथा रंबल स्ट्रिप आदि क्षतिग्रस्त है या फिर नहीं हैं। फिर कैसे दुर्घटना रोकेंगे?

उत्तर: आपने सही कहा, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए इंटीग्रेटेड सिस्टम को विकसित किया जाएगा। जिसके तहत चौराहों पर जेबरा क्रासिंग तथा रंबल स्ट्रिप आदि भी लगाए जाएंगे। कुछ स्थानों पर रंबल स्ट्रिप क्षतिग्रस्त हो गए हैं अथवा नहीं हैं। इसके लिए हर माह सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होती है। उसमें इन सभी मुद्दों को रखा गया है। उसके लिए जल्द कार्रवाई की जाएगी।

• प्रश्न: जिले में ब्लैक स्पाट की संख्या लगातार बढ़ रही है इसकी वजह क्या है तथा इसके लिए क्या कर रहे हैं?

उत्तर: वैसे तो जिले में आई रैट ऐप के माध्यम से करीब 10 ब्लैक स्पाट चिह्नित किए गए हैं। वहां पुलिस की मानिटरिंग बढ़ाई जाएगी।

• प्रश्न: सड़कों पर यातायात संकेतक अच्छी स्थिति में नहीं है, कुछ जगह पर है ही नहीं इसके लिए क्या करेंगे?

उत्तर: बिल्कुल सही कहा आपने, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बातचीत कर यातायात के जरूरी संकेतक लगाए जाने के लिए पत्र लिखा जाएगा।

• प्रश्न: सड़क दुर्घटना में ओवरलोडिंग भी बड़ी समस्या है, इसको कैसे रोकेंगे?

उत्तर: ओवरलोडिंग रोकना परिवहन विभाग का काम है लेकिन उनकी डिमांड पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मुहैया कराया जाता है। ओवरलोडिंग रोकने के लिए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया जाएगा।

• प्रश्न: यातायात पुलिस को कैसे अपडेट करेंगे?

उत्तर: इसके लिए निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है। यहां यातायात पुलिस की संख्या कम है। ट्रेनिंग के लिए पुलिस कर्मियों को भेजा गया है।

• प्रश्न: हाईवे एवं राज्य मार्ग पर किनारे वाहन खड़े रहते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं, इसके लिए क्या करेंगे?

उत्तर: बैतालपुर के निकट आयल डिपो के सामने सड़क पर टैंकरों की लंबी कतार खड़ी रहती है, इसको रोकने के लिए संबंधित एजेंसी को पत्र लिखा जाएगा। इसके अलावा एमवी एक्ट के तहत चालान की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। जिससे चालकों में भय हो।

• प्रश्न: शहर में जाम के चलते लोगों को परेशान होना पड़ता है। इसके लिए क्या किया जाना चाहिए?

उत्तर: शहर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या के साथ दुर्घटनाएं भी होती हैं। इस पर प्रभावी कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा शहर में मल्टी लेवल पार्किंग जरूरी है। इसके लिए नगर पालिका से वार्ता किया जाएगा। जिससे जाम की समस्या को दूर किया जा सके।

• प्रश्न: यातायात को लेकर नागरिकों को क्या संदेश देना चाहेंगे?

उत्तर: नागरिकों को यातायात के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। बिना किसी दबाव के लोगों को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

दैनिक जागरण

दैनिक जागरण दि०-28-11-22

# बहुमूल्य जीवन के लिए यातायात नियमों का करें पालन



अशोक इंटर कालेज में यातायात पाठशाला को संबोधित करते थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी • जागरण

जासं, रामपुर कारखाना : दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत डुमरी के अशोक इंटर कालेज में आयोजित यातायात पाठशाला को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि बहुमूल्य जीवन के लिए यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है। सड़क के बाएं तरफ से चलना ही एक प्रमुख नियम नहीं है, बल्कि इसके अलावा चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना, रात में डिपर लाइट की जानकारी रखना, बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना भी जरूरी है। यात्रा के दौरान सड़क पर चलते समय जल्दीबाजी न करें। आगे पीछे देख कर ओवरटेक करें। संकेतक अवश्य जलाएं। हेलमेट का प्रयोग करें। गाड़ी के पीछे लाल रंग का रेडियम पेपर अवश्य लगाएं। ताकि पीछे से चलने वाले वाहनों को दूर से ही आपकी वाहन नजर आ जाए। प्रधानाचार्य देवेंद्र नाथ तिवारी, कुंवर शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि. 28/11-22

# चोरी कर ले जाई जा रही बाइक बरामद



**बरहज।** क्षेत्र के कपरवार चौराहे से रविवार की सुबह एक दुकान के सामने से गांव निवासी अशोक की बाइक गायब हो गई। काफी तलाश के बाद भी कहीं पता नहीं चल पा रहा था। जानकारी होने पर पुलिस हरकत में आ गई। गैर जनपद जाने के फिराक में चोर बाइक छोड़ कर खिसक लिया। पुलिस ने बाइक उसके मालिक को सौंप दी। कपरवार निवासी अशोक सुबह बाइक से सामान खरीदने चौराहे पर आया था। लोगों के अनुसार वह अपनी बाइक एक दुकान के सामने खड़ी कर सामान खरीद रहा था। इसी बीच किसी ने उसकी बाइक उड़ा दी।संवाद

अमर उजाला दि०-28-11-22

# कट्टा-कारतूस के साथ गो तस्कर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस पर फायरिंग कर गन्ने के खेत में छिप गया था

बघौचघाट। थाना क्षेत्र के मलसी चौराहे पर एक गो तस्कर पुलिस से घिरने के बाद फायरिंग कर गन्ने के खेत में छिप गया। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर तस्कर को दबोच लिया और मुकदमा दर्ज कर लिया।

रविवार की सुबह मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि पिकअप वाहन में दो तस्कर गोवंश को लेकर बिहार की तरफ जा रहे हैं। खबर मिलते ही थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय मयफोर्स मलसी चौराहे पर पहुंच गए।

कुछ ही देर बाद पश्चिम की तरफ से पिकअप वाहन आते दिखाई दिया। पुलिस कर्मियों के रोकने पर उसमें बैठा एक तस्कर वाहन से उतर कर भागने लगा और कट्टे से पुलिस पर फायर करते हुए गन्ने के खेत में छिप गया।

इसमें पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे।

पुलिस टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर गन्ने के खेत से गिरफ्तार कर लिया। इसी बीच मौका पाकर चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर ने अपना नाम इरशाद अली पुत्र निजामुद्दीन निवासी अहिरौली दुबौली तकिया थाना गोपालपुर बताया।

एसओ मृत्युंजय कुमार ने बताया कि पिकअप पर गोवंश लदे थे। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

अमर उजाला दि० 28-11-22

# तालाब और कुओं में मूर्तियों को तलाश कर रही पुलिस

## मंदिर से मूर्तियों के चोरी होने के दूसरे दिन भी नहीं मिला कोई सुराग

संवाद न्यूज एजेंसी

देसही देवरिया। डुमरी एखलाश गांव के मंदिर में हुई मूर्ति चोरी के मामले में पुलिस तालाब और कुओं की गोताखोरों की मदद से लगातार तलाश कर रही है। लेकिन घटना के दूसरे दिन भी पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका।

महुआडीह थानाक्षेत्र के डुमरी एखलाश गांव स्थित मंदिर से शनिवार की रात राम, सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी हो गईं। पुजारी की सूचना पर पहुंची पुलिस, फॉरेंसिक और डॉग स्क्वॉड की टीम ने पहुंचकर मामले की जांच की। लेकिन घटना के दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लग सका है।

गोताखोरों की मदद से आसपास के तालाबों और कुओं की भी तलाश की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार मुख्य द्वार का ताला न टूटना, तीन कीमती मूर्तियों का चोरी हो जाना, ताला भी गायब हो जाना आदि बिंदुओं को देखते हुए पुलिस का मंदिर से जुड़े लोगों पर शक गहरा हो गया है।

### मंदिर के पुजारी ने साधी चुप्पी

मंदिर के पुजारी से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है लेकिन अभी कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है।

इस संबंध में एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि छानबीन की जा रही है। बहुत जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

अमर उजाला दि० 28-11-22

# चोरी और गायब हुए 108 मोबाइल फोन बरामद

## ऑनलाइन खरीदारी कर और खातों से निकाले गए 8.66 लाख रुपये भी वापस कराए गए

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले के अलग-अलग जगहों से चोरी और गायब हुए करीब 15 लाख रुपये के 108 मोबाइल फोन को साइबर सेल के प्रयास से पुलिस ने बरामद किया है।

साथ ही ऑनलाइन खरीदारी और खाते से उड़ाए गए करीब आठ लाख 66 हजार रुपये फरियादियों के खाते में वापस कराया है।

सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने रविवार को पुलिस लाइंस के प्रेक्षागृह में पत्रकार वार्ता में बताया कि करीब एक साल के भीतर गायब और चोरी के कई प्रार्थनापत्र मिले थे। इसके निस्तारण के लिए साइबर सेल को छानबीन करने के निर्देश दिए गए थे।



चोरी तथा गुम हुए मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद कर लोगों को सौंपा। संवाद

कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कई कंपनियों के 108 स्मार्ट फोन बरामद किए। इसकी कीमत करीब 15 लाख रुपये है। बरामद मोबाइल सेटों के आवेदकों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया।

इसी के साथ ऑनलाइन शॉपिंग और खाते से रुपये निकाले जाने पर फरियादियों ने रुपये को वापस कराने के लिए पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया था। इसमें साइबर सेल ने अपने प्रयासों से उनका रुपये वापस कराया।

इसमें रुद्रपुर क्षेत्र के मरकड़ी गांव निवासी रमेश यादव के खाते से 3.10 लाख, सदर के जमुआ निवासी जय शंकर पांडेय के खाते से 95 हजार, खुखुंदू थाना क्षेत्र के कुंदन सिंह के खाते से 90 हजार, लार थाना क्षेत्र के मेहरौना घाट निवासी प्रदीप कुमार के खाते से 80 हजार रुपये सहित 13 व्यक्तियों के खाते से 8.66 लाख रुपये निकाले गए थे।

### गायब और चोरी हुए मोबाइल फोन मिलने के बाद लोगों को चेहरे खिले

इसे फरियादियों के खाते में वापस करा दिया गया। बरामद करने वाली साइबर टीम में राहुल सिंह, शिवमंगल यादव, प्रद्युम्न जायसवाल, दीपक सोनी, विजय राय, पूर्णिमा चौधरी शामिल रहे।

अमर उजाला दि० 28-11-22

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-11-2022

# दो वांरटी गिरफ्तार

**हाटा।** हाटा कोतवाली के एसआई प्रबिंद कुमार राय व उनकी टीम ने रविवार को दो वांरटी करम प्रसाद व करन प्रसाद निवासी बाघनाथ हाटा को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। वारंटियों को पुलिस ने न्यायालय को भेज दिया है। टीम में कांस्टेबल दीपेश कुमार, नौशाद अहमद, सतीश चन्द्र, दीपक शामिल रहे।



छापेमारी के दौरान शराब की दुकान के बाहर खड़े पुलिसकर्मी। ● हिन्दुस्तान

# देसी की दुकान से मिलावटी शराब, रैपर व स्प्रिट बरामद

**पनियहवा, हिसं।** मिलावटी शराब बेचे जाने की शिकायत पर आबकारी विभाग के डिप्टी कमिश्नर ने रविवार को पनियहवा सरकारी देशी शराब की दुकान में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दुकान से मिलावटी शराब, रैपर व स्प्रिट बरामद हुआ। बरामद सामानों के साथ दुकान में मिले एक युवक को हिरासत में लेकर डिप्टी कमिश्नर ने अग्रिम कार्रवाई के लिए हनुमानगंज पुलिस को सौंप दिया।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के पनियहवा स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान पर मिलावटी शराब बेचे जाने की गोपनीय सूचना पर आबकारी विभाग के डिप्टी कमिश्नर गोरखपुर डॉ. सुरेश चंद्रा रविवार को दोपहर बाद पनियहवा सरकारी देशी शराब की दुकान पर छापेमारी की। डिप्टी कमिश्नर के साथ आयी टीम ने दुकान के मेन गेट का ताला बंद कर दुकान की तलाशी लेनी शुरू कर दी। तलाशी के दौरान दुकान के भीतर शराब की मिलावट कर रहे एक युवक को पकड़ लिया। एक घंटे तक चली छापेमारी के बाद डिप्टी कमिश्नर ने जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह, आबकारी निरीक्षक अनिल सिंह एवं हनुमानगंज एसओ रामसहाय चौहान को इसकी सूचना दी। कुछ ही देर में जिले की आबकारी टीम के अलावा मुकामी थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि बरामद सामानों के साथ पकड़े गये युवक जो दुकान का सेल्समैन है, ध्स पर कार्रवाई की जा रही है।

# गाड़ी क्षतिग्रस्त करने के मामले में केस दर्ज

पटहेरवा। पटहेरवा थाना क्षेत्र के महुअवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है कि उसकी गाड़ी में एक दूसरे गाड़ी ने जबरजस्त ठोकर मार दिया, जिससे उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी तथा उसे भी चोट आई। पुलिस मुक़दमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के गाव महुअवा निवासी इंतयाज पुत्र इस्लाम ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि बीते बीस नवंबर दिन रविवार को वह फाजिलनगर दवा लेने गया था। रास्ते में महुअवा गांव के पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रही पिकअप गाड़ी ने उसकी गाड़ी में जबरदस्त ठोकर मार दिया।

# विवाहिता की मौत के बाद पति हिरासत में

**फाजिलनगर।** तुर्कपट्टी थाना के गड़हिया में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पति को हिरासत में लिया।

रविवार की शाम चार बजे के करीब एसओ तुर्कपट्टी के सीयूजी नंबर पर किसी ने सूचना दी कि थाना के गड़हिया में विवाहिता ललिता देवी पत्नी राणाप्रताप सिंह उम्र 28 वर्ष की मौत हो गयी है। सूचना के बाद मौके पर जब पुलिस पहुंची तो घर पर कोई नहीं मिला। पता चला कि परिजन विवाहिता का इलाज कराने गये हैं। किसी ने बताया कि वह कसया से शव लेकर वापस आ रहे हैं। पुलिस फाजिलनगर के बघौचघाट मोड़ पर शव को कब्जे में लेते हुए पति को हिरासत में ले लिया।

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

अपना कुशीनगर

# चौराखास थाने को अस्तित्व में आने में लग सकता है समय

**शैलेन्द्र मिश्र**

**पडरौना।** जिले में 19 वें थाने तमकुहीराज के बाद एक साथ जिला मुख्यालय की पुलिस चौकी रवीन्द्र नगर एवं पटहेरवा थाना क्षेत्र में बिहार बॉर्डर पर स्थित चौराखास में नये थाने बनाने की अनुमति शासन से मिली थी।

इसमें रवीन्द्र नगर थाना अस्तित्व में आ गया है और वहां स्टॉफ की भी तैनाती कर दी गयी है मगर चौराखास थाने के अस्तित्व में आने में अभी समय लग सकता है। विभागीय उच्चाधिकारियों की काफी तलाश के बाद थाने के लिए उपयुक्त भवन नहीं मिल पा रहा है।

कुशीनगर जिले में पहले महिला थाने सहित कुल 18 थाने स्थापित थे। तीन महीने पहले बिहार बॉर्डर पर स्थित तरयासुजान थाना क्षेत्र के तमकुहीराज पुलिस चौकी को शासन ने नये थाने के रूप में मंजूरी दी। इसके बाद एसपी धवल जायसवाल ने वहां पर्याप्त मात्रा में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी और तमकुहीराज जिले के 19 वें थाने के रूप में अस्तित्व में आ गया। तमकुहीराज थाने के अस्तित्व में आने के कुछ ही दिनों बाद शासन ने जिला मुख्यालय स्थित पडरौना कोतवाली के रवीन्द्र नगर पुलिस चौकी एवं पटहेरवा थाना क्षेत्र में बिहार बॉर्डर पर स्थित चौराखास को नये थाने के रूप में मंजूरी दे दी। एसपी ने रवीन्द्र नगर चौकी पर भी पर्याप्त मात्रा में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी और बीते गुरूवार को सांसद विजय कुमार दुबे ने नये थाने का उद्घाटन किया, जिसके बाद यह थाना भी अस्तित्व में आ गया। रवीन्द्र नगर के साथ ही नये थाने के रूप में घोषित चौराखास थाने के अस्तित्व में आने में अभी काफी अड़चन दिख रहा है। एसपी स्वयं थाने के भवन के लिए वहां जा चुके हैं। एक भवन मिला भी तो वह थाने के उपयुक्त नहीं है। ऐसे में इस थाने को अस्तित्व में लाने के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है जब तक कि उपयुक्त भवन न मिल सके।

नवसृजित चौरा खास थाने में तुर्कपट्टी थाने के दो गांव सहित पटहेरवा के 67 गांवों को मिलाकर कुल 69 गांव शामिल होंगे। नये थाने में सम्मिलित 36 गांव जो मौजूदा समय पटहेरवा क्षेत्र में हैं, वह पहले देवरिया के बघौचघाट थाने में शामिल थे।

कुशीनगर जनपद के सृजन के बाद काफी समय तक ये गांव बघौचघाट में ही थे। इसके चलते इन गांवों के लोगों को पुलिस से संबंधित मामलों के लिये देवरिया जाना पड़ता था।

- रवीन्द्र नगर के साथ चौरा खास को थाना बनाने की मिली थी मंजूरी
- रवीन्द्र नगर थाना अस्तित्व में आ गया है और स्टाफ की हो गयी है तैनाती
- चौरा खास थाने के लिए तलाश के बाद भी नहीं मिल पा रहा उपयुक्त भवन

### चौराखास थाने में शामिल हैं ये गांव

बनकटा बाजार, कोइलसलवा, बंजारी पट्टी, धौरहरा, बसडीला दुर्जन, बड़हरा, चकिया, भठही खुर्द, भठही बिजुर्ग, दर्जिया, अरुसवा, फरेंदहा, बलियावां, बेलवा आलम दास, रामपुर खुसहाल टोला, सरैया, कोटवा करजही, रहसु जनुबी पट्टी, शंकर पटखौली, भठही दरियाव टोला, लोहरवलिया, भानपुर, सुमही बुजुर्ग, नकटहा मिश्र, शंकर पट्टी, सुमही खुर्द, बदुराव, बनतैल, छदु कटैया, उसमानपुर, लक्ष्मीपुर मिश्र, बैजूटोला, विशुनपुर राजा, वरदाहा बाजार, चैनपुर, शेरपुर बड़हरा, नारायणपुर, खैरटिया, पचरुखिया, माधोपुर, मगुरीपट्टी, कनौरा, मोगलही मुंडेरा, नोनिया पट्टी, माधोपुर, देवीचक, ढेकुलिया, नदवा विशुनपुर, महुअवा, बकुलहर कला, बकुलहर खुर्द, लक्ष्मीपुर महंथ, बैईली, अमवा महंथ, मटिहिनिया, कटैया मैनुद्दीन, ओझवलिया, वेलवा कला, जौरामनराखन, वेलवा खुर्द, तरुवनवा, पोखरभिंडा, अतरौल, परसौनी, धुनवालिया, कुंभिया, चौरा व कस्तूरबा।

> चौराखास थाने के लिए उपयुक्त भवन की तलाश की जा रही है। अभी तक के तलाश में थाने के लिए उपयुक्त भवन नहीं मिल पाया है। उपयुक्त भवन मिलते ही इस नये थाने का शुभारंभ कर दिया जाएगा।
>
> धवल जायसवाल, एसपी

# पांच दिन बाद कुछ सेकेंड के लिए छात्रा को आया होश



**हि फॉलोअप**

**पडरौना, निज संवाददाता।** पडरौना शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल की तीसरी मंजिल से पिछले सप्ताह कक्षा 11वीं की एक छात्रा ने छलांग लगा दी थी।

गंभीर रूप से घायल छात्रा का गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के पांचवें दिन रविवार की सुबह करीब 10 बजे के आसपास छात्रा को महज कुछ सकेंड के लिए होश आया। अभी उसके परिजन भर्ती छात्रा के पास पहुंचते कि वह फिर बेहोश हो गई। परिजनों के अनुसार छात्रा को दो से तीन यूनिट खून की कमी है। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी हालत में कोई खास सुधार नहीं हो रहा है।

पडरौना शहर के एक मोहल्ले की निवासी छात्रा सेंट जेवियर्स स्कूल में कक्षा 11वीं में पढ़ती है। पिछले सप्ताह अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद छात्रा ने स्कूल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी थी। नीचे गिरने के बाद वह खून से लतपथ हो गई।

# शराब तस्करी में वांछित गिरफ्तार

**पटहेरवा :** शराब तस्करी व कापीराइट एक्ट के मुकदमे में वांछित को पुलिस ने उसके घर से छापामारी कर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। बगही निवासी कृष्णा साहनी आबकारी अधिनियम धोखाधड़ी सहित कापीराइट एक्ट में वांछित चल रहा था। पुलिस लंबे समय से उसका तलाश कर रही थी, लेकिन वह हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा कर जेल भेज दिया गया है। (जासं)

# चुनाव से पहले जेल में होंगे हिस्ट्रीशीटर

## बवाल करने वालों को भुगतना होगा परिणाम, पुलिस ने शुरू की पाबंद करने की कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, पडरौना** : नगर निकाय चुनाव को लेकर जिले में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तैयारी से मैदान में उतर गई है। नगर व कस्बों का भ्रमण कर चुनाव को प्रभावित करने वालों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। निशाने पर वे लोग हैं, जिन्होंने पिछले चुनाव के समय विवाद कर व्यवस्था को चुनौती दी थी। हिस्ट्रीशीटरों पर कड़ी नजर है और इनकी जगह जेल में होगी।

पुलिस की नजर माहौल खराब करने वालों पर है। इसे लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इनमें बूथवार ऐसे लोगों को चिन्हित करने का कार्य चल रहा है, जिनकी छवि दबंग या चुनाव प्रभावित करने वालों की है। अपराधिक इतिहास या ऐसी मानसिकता वाले लोग भी इस जद में हैं। पुलिस महकमे के अनुसार ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस पाबंद करने की कार्रवाई कर रही है। इसके बाद चुनाव के दौरान भूमिका पाए जाने पर इन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे। अब तक जिले में एक हजार से अधिक लोगों को पाबंद करने की कार्रवाई की जा चुकी है। हिस्ट्रीशीटरों की दिन-रात निगरानी की जा रही। चुनाव से पहले इन्हें जेल भेज कर पुलिस कानून व्यवस्था को और भी चाक-चौबंद बनाने का कार्य करेगी।

> नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हैं। नगर व कस्बों में मजबूत कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। दबंग, अपराधिक इतिहास वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। चुनाव से पहले हिस्ट्रीशीटरों की जगह जेल होगी।
>
> धवल जायसवाल, एसपी



### चालू वर्ष में 40 की खुली है हिस्ट्रीशीट

चालू वर्ष में पुलिस की तरफ से 40 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। चुनाव में इनके द्वारा किसी तरह की कोई बाधा उत्पन्न न की जाए इसे लेकर पुलिस जरूरी कदम उठा रही है।



# सम्मानित होंगे बेहतर कार्य करने वाले थानेदार

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एडीजी जोन गोरखपुर अरूण कुमार के निर्देश पर कराए गए पब्लिक पोल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच थानेदारों को अपराध गोष्ठी में प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। इसी तरह निर्धारित मानक पर खरा न उतरने वाले पांच थानेदारों को कार्य में सुधार की नसीहत दी गई है। एडीजी ने तीन बार लगातार खराब प्रदर्शन पर स्थानांतरण के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि अक्टूबर में दो प्रमुख बिंदुओं आइजीआरएस, एफआइआर-एनसीआर पर पांच थानों में अच्छा कार्य हुआ है। बेहतर करने वालों में बरवापट्टी पहले, महिला थाना दूसरे, कुबेरस्थान तीसरे, खड्डा चौथे तथा जटहाबाजार थाना पांचवें स्थान पर है। वहीं इन दोनों बिंदुओं पर किए गए मूल्यांकन में नेबुआ नौरंगिया को 19वां, कप्तानगंज को 18वां, हनुमानगंज को 17वां, विशुनपुरा को 16वां तथा पटहेरवा थाने को 15वां स्थान मिला है। इनका कार्य संतोषजनक नहीं है। इन थानों के थानेदारों को कार्य-प्रणाली में सुधार को चेताया गया है। इसी तरह आइजीआरएस, इंटरनेट मीडिया, अन्य डिजिटल प्लेटफार्म, एफआइआर-एनसीआर तथा पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन में बरवापट्टी को पहला, सेवरही को दूसरे, पटहेरवा को तीसरा, कोतवाली पडरौना को चौथा तथा रामकोला थाने को पांचवा स्थान मिला है। जबकि कार्य मूल्यांकन में महिला थाने को 19वां, कप्तानगंज को 18वां, जटहाबाजार को 17वां, तरयासुजान को 16वां व विशुनपुरा को 15वां स्थान मिला है। इनकी स्थित संतोषजनक नहीं है। इन्हें कार्य-प्रणाली में सुधार लाकर जन समस्याओं के निस्तारण में सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने बताया कि बेहतर करने वाले थानेदारों को अपराध गोष्ठी में प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# पुलिस के साथ नागरिक भी निभाएं अपना फर्ज

**कुशीनगर:** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर दैनिक जागरण 300 किमी सड़क की रोड आडिट के बाद अब इसके लिए जवाबदेह विभागों के अधिकारियों से उनकी जिम्मेदारी व कार्रवाई को लेकर सीधी बात कर जनता की ओर से जवाब पूछने का कार्य शुरू किया है। इसके क्रम में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल से रोड आडिट के आधार पर कट टू कट बात की गई।

**सवाल: दुर्घटना के बाद पुलिस की क्या भूमिका होती है।**

जवाब: दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति की जान बचाने हेतु अस्पताल पहुंचाना पहला कर्तव्य है। फिर दुर्घटना के कारणों के आधार पर पीड़ित द्वारा दिए गए प्रार्थना-पत्र के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई करना। अगर किसी की मृत्यु हो जाती है तो पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना।

**सवाल: ऐसा देखने में आता है कि दुर्घटना के बाद पुलिस का रिस्पांस टाइम ठीक नहीं होता है।**

जवाब: ऐसा नहीं है। पुलिस सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई करती है। जिसके लिए स्थानीय पुलिस एवं डायल 112 द्वारा यथा संभव तत्काल मौके पर पहुंच कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाती है। जिले में डायल 112 का रिस्पांस टाइम लगभग आठ मिनट है ऐसे में आप खुद अंदाजा लगाएं।

**सवाल:सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों के लिए पुलिस कितनी जिम्मेदार है।**

जवाब: दुर्घटनाओं के लिए पुलिस जागरूकता का कार्य करती है। दुर्घटनाओं के लिए लोगों की व्यक्तिगत लापरवाही, वाहनों का मेकेनिकल फाल्ट ज्यादा जिम्मेदार है। पुलिस की अधिकांश जगहों पर मौजूदगी सुनिश्चित कराई जाती है।



एसपी धवल जायसवाल।

**साक्षात्कार**

दूर दराज के क्षेत्रों में वाहन चालकों के व्यक्तिगत लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं घटतीं हैं।

**सवाल: घायलों की मदद करने में पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभा पा रही है।**

जवाब:पुलिस अपनी क्षमता के अनुसार शत-प्रतिशत अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करती है। और लगभग प्रत्येक मामलों में घायलों की मदद करने में पुलिस की उपस्थिति पाई जाती है।

**सवाल:सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अपने स्तर पर क्या कर रही है।**

जवाब: पुलिस लोगों को जागरूक करने हेतु स्कूलों में एवं सड़कों पर जागरूकता का कार्यक्रम करती है। वाहन चालकों को संवेदनशील बनाने हेतु लगातार प्रयास करती है। तथा लापरवाही करने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्रवाई भी करती है। तथा अन्य समाजसेवी संस्थाओं को भी यातायात जागरूकता कार्यक्रम हेतु प्रेरित करती है। दुर्घटनाओं के कारणों का मूल्यांकन कर उसके निवारण हेतु भी अपने स्तर से हर संभव प्रयास करती है।

# बच्चों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

## खुद के साथ के दूसरों को भी करेंगे जागरूक, सड़क पर सजगता बरतने का आह्वान



कसया स्थित रोज पेटल्स स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ● जागरण

**जागरण टीम, कुशीनगर:** दैनिक जागरण सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जिले के पांच स्कूलों के बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी गई। बताया गया कि किस प्रकार वह यातायात नियमों का पालन करके अपने व दूसरों का जीवन बचा सकते हैं। इस दौरान बच्चों को खुद के साथ दूसरों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए विशेषज्ञों ने यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया, तो सड़क पर चलते समय सजगता बरतने का आह्वान किया गया। सभी ने जागरण की पहल को सराहा।

कप्तानगंजः कस्बे के एमजी इंटरमीडिएट कालेज में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता हुई। चौकी इंचार्ज विजय शंकर यादव ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। स्कूल के निदेशक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। कांस्टेबल रमाकांत व सत्य प्रकाश ने विद्यार्थियों को सड़क प्रतीक चिन्हों के बारे में जानकारी दी। कांस्टेबल सोनू कुमार, मोहन सिंह, आर्य पांडेय व शिवा साहू, हर्षिता, डीबी सिंह व शिवम तिवारी, प्रियांशु शर्मा, वंदना श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य उमाशंकर सिंह, मानवेंद्र सिंह, विजय बहादुर शर्मा ,राकेश यादव, उमेश प्रजापति, शिवबा, अनुराधा सिंह, जगदीश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

कसयाः कसया के रोज पेटल्स स्कूल में स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ने बच्चों को नियमों के बारे में बताया। प्रबंधक अजय गुप्ता, ज्ञानप्रकाश गुप्ता, रीना राय, शबनम खातून, माया शर्मा, सलोनी, स्नेहा तिवारी काजल चौरसिया मौजूद रहे। धुरिया रोड स्थित आशा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में उपनिरीक्षक आदित्य साहू ने जानकारी देते हुए उन्हें नियमों के पालन का संकल्प दिलाया गया। कांस्टेबल सत्यप्रकाश यादव, दाएं डायरेक्टर अभिषेक तिवारी, आरडी पटेल, रामेश्वर तिवारी, जेपी सिंह, प्रज्ञा त्रिपाठी व प्रतिभा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मेलानगरीः क्षेत्र स्थित पीएन पब्लिक एकेडमी में सुरक्षित यात्रा को लेकर यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने बच्चों व स्कूल बस चालकों को आवश्यक जानकारियां दीं। कहा कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। मोबाइल का प्रयोग कत्तई न करें। निर्धारित सीमा से अधिक गति से वाहन न चलाएं। सड़क हादसों को रोकना सामूहिक दायित्व है। इसमें सभी की सहभागिता होनी चाहिए। जब सभी इसके प्रति जागरूक होंगे तो निश्चित तौर पर हादसों में कमी आएगी। प्रबंधक वृषभान शुक्ल, प्रधानाचार्य रितेश विश्वकर्मा सहित शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

तमकुहीराज में ईरम कान्वेंट के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाल वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। रैली को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक नीरज राय ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक



कप्तानगंज स्थित एमजी इंटरमीडिएट कालेज में जागरण पाठशाला में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देते चौकी इंचार्ज विजय शंकर यादव ● जागरण



कसया धुरिया रोड स्थित आशा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते बाएं से दूसरे एसआइ आदित्य साहू ● जागरण



पीएन पब्लिक स्कूल मेला नगरी में बस चालकों को जागरूक करते बाएं से दूसरे टीएसआइ सत्य सान्याल शर्मा ● जागरण



तमकुहीराज में यातायात जागरूकता रैली में शामिल प्रभारी निरीक्षक नीरज राय ● जागरण

लगाई जा सकती है।

दोपहिया वाहन पर अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, तीन लोगों को न बैठाएं, सड़क पर अंकित संकेतकों पर ध्यान दें व तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं। प्रबंधक संतोष कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अहमद अंसारी, अभय पांडेय, गोपाल आर्य, रवि कुशवाहा, आदित्य कुशवाहा, संजीव राय, निहारिका सिंह, विभा सिंह, वंदना सिंह, सपना सिंह, संगीता कुशवाहा, पूनम शर्मा, वर्तिका सिंह, अर्चना सिंह, चौकी प्रभारी मृत्युंजय सिंह, एसआई भारती पटेल, महिला सिपाही रोली पांडेय, सिपाही पुरुषोत्तम सिंह, राजीव, इम्तियाज, गोपी, परमहंस राकेश आदि उपस्थित रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों के गिरफ्तारी की मांग

**नेबुआ-नौरंगिया :** जटहाबाजार क्षेत्र में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में दो माह बाद भी पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इससे पीड़ित परिवार में न्याय की उम्मीद मद्धिम होती जा रही है। पीड़िता के पिता ने एसपी को प्रार्थना-पत्र देकर आरोपितों पर सुलह समझौता के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को दिए प्रार्थना-पत्र में पीड़िता के पिता ने कहा है कि बीते 28 सितंबर की शाम को उसकी नाबालिग पुत्री खेत की तरफ गई थी। गांव के ही दो युवक उसे जबरदस्ती गन्ने के खेत में ले गए और दुष्कर्म किए। आरोपितों के चंगुल से निकलकर पीड़िता घर पहुंची और स्वजन को आपबीती सुनाई। रात में ही स्वजन उसे लेकर थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले में मुकदमा तो दर्ज कर लिया मगर आरोपितों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी। एसपी धवल जायसवाल ने आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दे न्याय का विश्वास दिलाया। (जासं)

# गोली चलाने वाले डाक्टर की पत्नी पर जालसाजी का मुकदमा

**जासं, कसया :** कसया में भाजपा नेता पर लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर करने वाले डाक्टर की पत्नी डा. रेणुका सिंह के विरुद्ध रविवार की देर शाम पुलिस ने सीएमओ की तहरीर पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया। उनके विरुद्ध अवैध ढंग से अस्पताल संचालित करने का आरोप है। कसया में सपहा रोड स्थित गली में आरसीसी सड़क निर्माण के दौरान बीते नौ नवंबर को भाजपा नेता सुधीर राव व सरकारी नेत्र चिकित्सक डा. संजीव सिंह के बीच विवाद हो गया। पुलिस की मौजूदगी में डाक्टर ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर किया, जिसमें भाजपा नेता बाल-बाल बचे। भाजपा नेता राव की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर डा. सिंह को जेल भेज दिया। भाजपा नेता मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। सीएमओ डा. सुरेश पटारिया के निर्देश पर एसीएमओ डा. आरपी कुशवाहा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की, तो कसया में डाक्टर की पत्नी के नाम से संचालित अस्पताल का लाइसेंस नहीं मिला।



नगर जागरण

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु, पति हिरासत में

**जागरण संवाददाता,फाजिलनगर :** तुर्कपट्टी के गड़हिया में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मृत्यु हो गई। बाद में शव लेकर लौट रहे पति को पुलिस ने फाजिलनगर के बघौचघाट मोड़ पर पति को हिरासत में ले लिया। रविवार की शाम एसएचओ तुर्कपट्टी को किसी ग्रामीण ने सूचना दिया कि गड़हिया में 28 वर्षीया ललिता देवी पत्नी राणाप्रताप सिंह की मृत्यु हो गई है। सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो घर में ताला बंद मिला और कोई भी स्वजन मौजूद नहीं था। पता चला कि विवाहिता का इलाज कराने कसया गए हैं। शव लेकर लौटने की जानकारी पर पुलिस ने बघौचघाट मोड़ के पास से बरामद कर पति को हिरासत में ले लिया। दुदही क्षेत्र की रहने वाली मृतका की शादी दो वर्ष पूर्व ही धूमधाम से हुई थी। सीओ सदर कुंदन सिंह ने बताया कि विवाहिता फंदे से लटकी मिली थी, जिसे आनन-फानन में उतार कर ससुराली इलाज के लिए ले गए थे, जहां चिकित्सक ने मृत्यु घोषित कर दिया। मृतका के माता- पिता थाने पहुंच रहे हैं। तहरीर के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# देसी सरकारी दुकान से मिलावटी शराब बरामद

**जासं, पनियहवा:** डिप्टी कमिश्नर डा. सुरेशचंद्रा के नेतृत्व में आबकारी टीम ने रविवार शाम को पनियहवा स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान में छापेमारी की। टीम ने मौके से मिलावटी शराब तथा रैपर, ढक्कन आदि बरामद किया है। टीम ने मिलावट कर रहे एक सेल्समैन को रंगे हाथ पकड़ा भी। टीम की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई में लगी है। कार्रवाई के बाद शराब के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में गोरखपुर व कुशीनगर की आबकारी टीम दोपहर लगभग साढ़े चार बजे के आसपास पनियहवा बाजार स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान में छापेमारी की। मौके से बाल्टी में रखा स्प्रिट, 10 लीटर मिलावटी शराब तथा बड़ी मात्रा में रैपर व ढक्कन आदि बरामद हुआ। टीम ने दुकान में मिलावट कर रहे एक सेल्समैन को रंगे हाथ दबोचा। डिप्टी कमिश्नर



देसी शराब की दुकान पर छापेमारी के दौरान बाहर खड़ा पुलिस कर्मी।

ने बताया कि सरकारी इस दुकान में मिलावटी शराब बेचे जाने की काफी समय से शिकायत मिल रही थी। इस पर आज स्थानीय पुलिस को साथ लेकर छापेमारी की गई। दुकान का लाइसेंस सावित्री देवी के नाम से है। दुकान निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। टीम में आबकारी निरीक्षक पडरौना आरके पांडेय, दारोगा राजेश शाही, यशवंत यादव, उमाशंकर यादव आदि शामिल रहे। एसएचओ हनुमानगंज रामसहाय चौहान ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा। आगे नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# टाटा मैजिक से पांच गोवंश बरामद, तस्कर फरार

**जागरण संवाददाता, तरयासुजान :** क्षेत्र के तिनफेडिया चौकी के रामपुर बंगरा के पास एक निजी फैक्ट्री के समीप वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक टाटा मैजिक से पांच गोवंश बरामद किया है। पशु तस्कर फरार होने में सफल रहा।

रविवार को चौकी प्रभारी तिनफेडिया निरंजन राय, एसआइ उपेंद्र यादव, कांस्टेबल पंकज चौधरी, रणजीत कुमार के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि इसी बीच टाटा मैजिक आते हुए दिखा। पुलिस ने जब रोकने का प्रयास किया तो इसके पहले तस्कर तेज गति से वाहन मोड़कर दूसरे रास्ते से बिहार की तरफ भागने लगा। पुलिस को पीछा करते देख तस्कर गोवंश लदी मैजिक को छोड़ गन्ने के खेत में घुस कर बिहार की तरफ भागने में सफल हो गए। इस मामले में गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# 169 वाहनों का ई-चालान

**पडरौना।** यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रविवार को यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने शहर के सुभाष चौक, तिलक चौक, छावनी, रविन्द्रनगर सहित अन्य स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों को जहां ट्रैफिक नियमों का पालन करने की जानकारी दी गई। वहीं चेकिंग करके 169 वाहनों का ई चालान करते हुए दो लाख 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। सत्य सान्याल शर्मा ने बताया कि यातायात माह चल रहा है। इसी क्रम में लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। संवाद

# धोखाधड़ी में वांछित युवक हुआ गिरफ्तार

**पटहेरवा।** धोखाधड़ी, आबकारी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत वांछित अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया है। थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि  अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को बगही कूटी निवासी कृष्णा साहनी को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# पिकअप जलाने का आरोप मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**पटहेरवा।** महुअवा निवासी एक व्यक्ति ने चार लोगों पर दरवाजे पर रखा पिकअप जलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि कुछ दिन पूर्व उसकी वाहन में दूसरे गाड़ी ने टक्कर मार दी थी। इस वजह से उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई थी। घटना में उन्हें भी चोट लगी थी। तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस जांच में जुटी है।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के गाव महुअवा निवासी इंतयाज पुत्र इस्लाम ने तहरीर में बताया है कि 20 नवंबर को वह फाजिलनगर दवा लेने गए थे। वापस आते समय महुअवा गांव के

## महुअवा निवासी ने चार लोगों पर वाहन में आग लगाने का लगाया है आरोप

पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे पशुओं से लदे दूसरे पिकअप ने उनकी गाड़ी में ठोकर मार दी।

इस घटना में उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, वह घायल हो गए हैं। 25 नवंबर की रात्रि करीब 10 बजे उनकी गाड़ी में आग लगी हुई थी। कुछ लोग उस पर पेट्रोल डाल रहे थे। घरवालों को देखकर वह भागने लगे। उनमें से कुछ का चेहरा नजर आया, जिसकी पहचान की गई। इस संबंध में पटहेरवा के एसएचओ गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# छात्रा की हालत में हो रहा सुधार

## सेंट जेवियर्स स्कूल में छात्रा के छत से कूदने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल की 11वीं की छात्रा गरिमा चतुर्वेदी की हालत में सुधार हो रहा है। रविवार को वह वेंटिलेटर से हटकर ऑक्सीजन पर आ गई।

उसकी मां के मुताबिक सोमवार तक वह बातचीत करने लगेगी। पुलिस भी छात्रा की हालचाल ले रही है। होश आते ही पुलिस छात्रा का बयान लेने के लिए तैयारी कर रही है। छात्रा का इलाज गोरखपुर के एक नर्सिंग होम में चल रहा है।

नगर के ओंकारवाटिका कॉलोनी (केवट टोली) निवासी कालिंदी देवी पत्नी स्व. मनोज चतुर्वेदी ने पडरौना कोतवाली में दिए तहरीर में बताया है कि उनकी पुत्री गरिमा चतुर्वेदी सेंट जेवियर्स स्कूल में कक्षा विज्ञान वर्ग की 11वीं की छात्रा है। 23 नवंबर को सुबह लगभग आठ बजे वह स्कूल गई थी। उसकी भौतिक विज्ञान की अर्द्धवार्षिक परीक्षा थी।

### प्रबंधक, सहायक प्रबंधक सहित अन्य शिक्षकों की तलाश जारी

उन्होंने विद्यालय के सहायक प्रधानाध्यापक, प्रबंधक, एक शिक्षिका और तीन-चार अन्य शिक्षकों पर बेटी के प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

उनका कहना था कि इसी वजह से उनकी पुत्री छत से कूदी थी। उनकी तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने 24 नवंबर की देर रात स्कूल के प्रबंधक अरुण श्रीवास्तव, सहायक प्रबंधक कुंदन सहाय, अध्यापिका शालिनी और तीन चार अन्य अध्यापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

पुलिस इन लोगों से पूछताछ के लिए पुलिस दो दिन कॉलेज में गई, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी।

*छात्रा की हालत में सुधार हुआ है। वेंटिलेटर से अब ऑक्सीजन पर आ गई है। सोमवार को उससे बातचीत करने की उम्मीद है। छात्रा के स्वास्थ्य में सुधार होते ही उसका बयान लिया जाएगा। सोमवार को स्कूल पहुंचकर मामले की जांच की जाएगी।*
*- **राजप्रकाश सिंह**, कोतवाल पडरौना*

---

खतरा | **साइबर ठग हर तीसरे दिन एक व्यक्ति को बना रहे शिकार**

# जनपद में नहीं थम रहा साइबर अपराध

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जनपद में साइबर अपराध बढ़ता जा रहा है। कभी बैंक अधिकारी बताकर लोगों के खाते में कमियां बताते हुए ओटीपी लेकर रुपये निकाल ले रहे हैं, तो कभी लालच देकर फर्जी सिमकार्ड से खाता लिंक कराकर ठगी हो रही है।

पुलिस के आंकड़े के अनुसार साइबर अपराधी हर तीसरे दिन एक व्यक्ति को शिकार बना रहे हैं। इसमें सर्वाधिक मामले पडरौना कोतवाली क्षेत्र के हैं। छह माह में 78 लोगों के खाते से जालसाजों ने 16 लाख 11 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने इसमें से नौ लाख से अधिक वापस करा दिया है।

दो माह पूर्व दुदही ब्लॉक के शाहपुर उचकी पट्टी में गर्भवती महिला को मिलने वाले छह हजार रुपये साइबर ठगों ने उड़ा लिए। इसी गांव के प्रदीप कुमार, तूफानी, अफजल के पास उनके मोबाइल पर फोन आया। उनके खाते में पैसा भेजने के नाम एक एप डाउनलोड कराकर एक-एक हजार रुपये खाते से उड़ा लिए गए। इसके बाद साइबर ठग का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

**केस 1** आठ नंवबर को पॉश मशीन सहित कसया व साइबर शाखा की संयुक्त पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वे चार पहिया वाहन से दिल्ली से मुजफ्फरनगर, हापुड़, लखनऊ, गोरखपुर आते हैं। एटीएम बूथ पर सहयोग करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर दूसरा एटीएम कार्ड दे देते हैं। पॉश मशीन के माध्यम से उस एटीएम का पूरा पैसा दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लेते हैं। दूसरा तरीका एटीएम मशीन में जहां से पैसा निकलता है, वहां पर पीतल से बना एक एटीएम स्ट्रेचर लगा देते हैं। जब कोई व्यक्ति एटीएम से पैसा निकालने आता है तो एटीएम से पैसा निकलने के पूरे प्रोसेस के बाद एटीएम स्क्रैचर लगा होने के कारण वह पैसा उसी स्क्रैचर में फंस जाता है, जिसको वे बाद में स्क्रैचर के साथ बाहर निकाल लेते हैं।

**केस 2** नेबुआ नौरंगिया थाना व साइबर पुलिस ने 29 अक्तूबर को 25 हजार के इनामी साइबर ठग को पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि महिलाओं और भोले-भाले लोगों को लालच देकर निशाना बनाते थे। पहले कंपनियों से फर्जी मोबाइल नंबर लेकर यूपीआई बनाते थे, फिर इंस्टेंट लोनिंग का पैसा खाते में ट्रांसफर कर उसकी निकासी कर लेते थे।

*साइबर अपराध जनपद में कम हो इसके लिए सभी थानेदारों को निर्देश दिया गया है। ऑनलाइन फ्राड होने पर तत्काल थाने या टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करके सूचना दें। बीते छह माह में नौ लाख रुपये से अधिक की रकम वापस कराई गई है। चार लाख से अधिक रुपये फ्रीज कराए गए हैं। -**धवल जायसवाल**, एसपी*

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-11-2022

# बॉर्डर पर लावारिस हालत में मिले 1148 जोड़ी जूते

बरगदवा। बरगदवा थाने की पुलिस ने रविवार की सुबह नेपाल भेजने के लिए 24 गत्तों में रखा 1148 जोड़ी जूता को पिपरा गांव के समीप एक बागीचे से बरामद किया है। बरामद सामान को सीज कर कस्टम को सुपुर्द कर दिया है। एसओ पुरुषोत्तम राव के नेतृत्व में एसआई सूरज कुमार और जयहिंद भारती की टीम ने तस्करी की रोकथाम के लिए पिपरा गांव के समीप सघन चेकिंग अभियान चलाया।



नशीली दवा के साथ पकड़ा गया ड्रग्स कारोबारी और पुलिस टीम।

# नशीली दवा के कारोबारी को बॉर्डर पर पुलिस ने दबोचा

**निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद।** निचलौल थाना के शीतलापुर चौकी की पुलिस ने शनिवार शाम को बार्डर पर एक ड्रग्स कारोबारी को 200 पीस नशीली दवा के साथ पकड़ लिया। पकड़ा गया युवक अपनी बाइक की डिग्गी में नशीली दवा लेकर नेपाल की तरफ बेचने जा रहा था।

शीतलापुर चौकी इंचार्ज मनीष पटेल अपने साथ कांस्टेबल अंकित सिंह यादव, आलोक पटेल, सुरेन्द्र यादव और बृजेश कुमार को साथ लेकर बार्डर गश्त पर निकले थे। इस बीच बार्डर पर रेंगहीया से भैरोपुर जाने वाले मार्ग पर एक युवक बाइक से जा रहा था। उसे रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसकी बाइक की डिग्गी में 200 पीस नशीली दवा बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में युवक ने अपना नाम सुजीत कुमार साहनी निवासी ग्राम रेंगहिया थाना निचलौल बताया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह नशीली दवा को नेपाल बेचने लेकर जा रहा था। पुलिस ने उसकी बाइक सीज कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने बताया कि पकड़े गए युवक पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# जिला जज एकादश ने जीता मैच

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। रविवार को जिला जज एकादश व डीएम एकादश के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। स्टेडियम में हुए इस मैच में जिला जज एकादश ने छह विकेट से मैच जीत लिया।

डीएम एकादश के कप्तान डीएम सत्येन्द्र कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 15 ओवरों के खेल में डीएम एकादश के सलामी बल्लेबाज एएसपी आतिशक कुमार सिंह ने 48, डीएम सत्येन्द्र कुमार ने 28, दिनेश ने 16 व सुशांत ने 13 रनों की पारी खेली, जिसकी बदौलत टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 110 रनों का लक्ष्य रखा।



विजेता और उप विजेता ट्राफी के साथ दोनों टीमें। • हिन्दुस्तान

110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिला जज एकादश की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट से मैच जीत लिया। टीम के सलामी बल्लेबाजी करते हुए सीजेएम सौरभ श्रीवास्तव ने 40, जिला जज जयप्रकाश तिवारी ने 27 एवं श्रीकांत ने 24 रनों का योगदान दिया। टीम ने 14.5 ओवर में चार विकेट गंवाकर आसानी से लक्ष्य को हासिल कर लिया।

# कंकाल की जांच में जुटी पुलिस, अभी सुराग नहीं



बांकी जंगल के नटवा के पास घटनास्थल का जायजा लेता एसओजी व पुलिस टीम।

- बांकी जंगल के नटवा के पास टिन की डेहरी में मिला है कंकाल
- पुलिस के साथ एसओजी की टीम खुलासे में जुटी

**पनियरा, हिन्दुस्तान संवाद।** पनियरा के बांकी रेंज के जंगल में नटवा के पास स्थित समय माता के स्थान पर शनिवार की शाम मिले कंकाल के मामले में अभी पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। टिन की डेहरी में मिले कंकाल के मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है। वहीं, एसओजी की टीम भी खुलासे के लिए लगाई गई है। रात में एसपी डॉ. कौस्तुभ व सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने मौके का निरीक्षण किया।

टिन की डेहरी के पास हड्डियों के ढांचे के अलावा एक बैग भी मिला है। इसमें महिला व पुरुष दोनो के कपड़े हैं, जिससे यह नहीं पता चल पा रहा है कि कंकाल महिला का है या पुरुष का? कंकाल की हड्डियां अलग-अलग हो चुकी है। रविवार को भी एसओजी प्रभारी सुनील राय व उनकी टीम, थानाध्यक्ष जंगल में छानबीन करते रहे। इस संबंध में एसओ स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा कि कंकाल महिला का है या पुरुष का। छानबीन की जा रही है।

**बड़े ही चालाकी से की गई है हत्या:** जंगल में टिन की डेहरी में मिले कंकाल को काफी पेशेवर तरीके से रखा गया था। उसे पहले प्लास्टिक से लपेट कर बांधा गया था। फिर डेहरी रखकर उसके भीतर ऊपर से कंबल ठूंसा गया था। शव से बदबू न निकले, इसके लिए किसी केमिकल के भी प्रयोग की बात सामने आ रही है।

# बेटे की पिटाई से पीड़ित महिला से मिले सीओ

**महराजगंज।** नौतनवा के जानकीनगर की महिला कमला देवी को उसके बेटे द्वारा पीटे जाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस एक्शन मोड में है। महिला के आरोपी बेटे रितेश वर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। रविवार को सीओ अनुज सिंह व एसओ ने महिला के घर पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की। महिला को सांत्वना देते हुए की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। जानकीनगर की रहने वाली कमला देवी पत्नी स्व. शिवशंकर को उनके बेटे द्वारा पीटे जाने का वीडियो वायरल होते ही सनसनी मच गई थी।

# शत प्रतिशत बाइक चालकों को पहनना होगा हेलमेट : पुलिस अधीक्षक

जिले में शत-प्रतिशत वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें, इसी लक्ष्य को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। बीते दिनों निचलौल थाने में तैनात एक सिपाही की मृत्यु इसी कारण हो गई, वह बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं पहने थे। जो पुलिसकर्मी बिना हेलमेट के बाइक चलाते मिलेगा, उसे एक सप्ताह के लिए लाइन हाजिर कर दिया जाएगा। यह कहना है पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ का। आम दिनों में और कोहरे के समय दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की कार्ययोजना पर जागरण ने एसपी से विशेष वार्ता की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

साक्षात्कार


पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ

**प्रश्न-गोरखपुर से महाराजगंज हाईवे पर कतरारी, श्यामदेउरवा, रुदपुर भलुही, बसहिया आदि गांवों में बने कट के पास संकेतक व रिफ्लेक्टर नहीं हैं। यहां दुर्घटनाएं रोकने के लिए विभाग क्या कर रहा है।**

उत्तर-हाईवे सहित सभी मार्गों के कट व डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर तथा संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान चला कर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। जहां नहीं लगे हैं, शीघ्र ही लगवा दिए जाएंगे।

**प्रश्न- भिटौली पुल के पास पुलिस चौकी एकदम सड़क से सटे है। पुल वक्राकार होने से विपरीत दिशा से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। यहां दुर्घटना न होने पाए इसके लिए क्या किया जा रहा है।**

उत्तर- हां, भिटौली के पास पुल चक्राकार होने से समस्या है। विपरीत दिशा से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते हैं। कोहरे व रात के समय यहां दुर्घटना न हो इसके लिए सड़क के दोनों तरफ निश्चित दूरी पर बैरीकेडिंग लगाई गई है। रिफ्लेक्टर भी लगाए गए हैं।

**प्रश्न-सोनौली सीमा के समीप सड़क के किनारे हमेशा मालवाहक वाहन खड़ा रहते हैं। घुघली थाने के सामने भी यही स्थिति है। जिससे रात में और कोहरे के समय दुर्घटनाएं होती हैं। यहां के लिए क्या किया जा रहा है।**

उत्तर-नेपाल सीमा पर भंसार में विलंब के चलते मालवाहक वाहनों की कतार लग रही है। सीमा पर ईंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का निर्माण शुरू हो गया है। चेकपोस्ट शुरू होते ही इस समस्या से बहुत हद तक मुक्ति मिल जाएगी। घुघली थाने के सामने खड़ा होने वाले ट्रकों को सड़क से दूर खड़ा कराने का निर्देश दिया गया है।

**प्रश्न- भिटौली, शिकारपुर, बैकुंठपुर सहित 28 ब्लैक स्पाट चिह्नित किए गए हैं। यहां दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्या उपाय किए गए हैं।**

उत्तर- दुर्घटना बहुल 28 स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर संकेतक व रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। ब्लैक स्पाट के पास लोग वाहन धीमे चलाएं, इसके लिए जागरूक किया जा रहा है।

**प्रश्न- बीते 10 माह में जिले में 340 दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 193 लोगों की मृत्यु हुई, 197 घायल हुए हैं। आगामी दिनों में कोहरे के चलते दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ सकता है, इसको रोकने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं।**

उत्तर- दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस विभाग प्रतिबद्ध है। हम एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। जब तक सभी वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग शुरू नहीं कर देते, अभियान चलता रहेगा। नियमित हेलमेट की जांच के निर्देश दिए गए हैं। बिना हेलमेट के बाइक चालकों को पेट्रोल न देने का निर्देश दिया गया है।

**प्रश्न-महराजगंज, फरेंदा, नौतनवा, निचलौल, सिसवा, घुघली जैसे प्रमुख कस्बों में फुटपाथ पर अतिक्रमण के चलते जाम लगता है। इस समस्या से मुक्ति के लिए क्या कार्ययोजना है।**

उत्तर-महराजगंज सहित सभी प्रमुख नगरों में फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के लिए नियमित अभियान चलाया जाता है। जहां पर अतिक्रमण है वहां के स्थानीय नगर निकाय व प्रशासन से समन्वय बना कर अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

**प्रश्न- महराजगंज-फरेन्दा रोड पर सर्विस लेन व मुख्य मार्ग के बीच लगी लोहे की रेलिंग जगह-जगह काट दी गई है, दुर्घटना का डर बना रहता है। विभाग क्या कार्रवाई कर रहा है।**

उत्तर-हाईवे पर छोटी सी चूक दुर्घटना का कारण बनती है। सर्विस लेन व मुख्य मार्ग के बीच की रेलिंग को काटने वालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने व रेलिंग को पुनः ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्रश्न-महराजगंज-निचलौल, महराजगंज-फरेंदा व गोरखपुर-सोनौली हाईवे पर सफेद पट्टी धूमिल हो गई है। कोहरे में इसे ही देखकर वाहन चालक आगे बढ़ते हैं। इसे ठीक कराने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।**

उत्तर- हां, कोहरे के समय सड़क के किनारे व बीच में बनी सफेद पट्टी दुर्घटना रोकने में सहायक होती है। जिन मार्गों पर सफेद पट्टी धूमिल हो गई है, उसे सही कराने के लिए लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

# सुरक्षित यात्रा के लिए करें नियम पालन

दैनिक जागरण की पहल पर जागरूक किए गए विद्यार्थी, स्कूलों में हुए कार्यक्रम











# संभलकर चलाएं वाहन, रफ्तार पर रखें नियंत्रण

- वाहन चलाते समय नशा और मोबाइल से रहें दूर
- यातायात नियमों का करें पालन, फिट रखें वाहन

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** दैनिक जागरण के तत्वावधान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में 56 वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान चालकों को वाहन चलाने की बारीकियों और यातायात नियमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही इसका पालन करने की शपथ दिलाई गई।

संभागीय निरीक्षक संजय सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। रफ्तार पर नियंत्रण होना चाहिए। वाहन की गति धीमी होने से यात्रा सुगम और सुखमय होती है। कोई भी यात्री बड़े भरोसे के साथ चालक के वाहन में बैठता है। उसे गंतव्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी चालक की होती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। वाहन को सड़क पर निकालने से पहले उसका ब्रेक और लाइट जरूर जांच लेना चाहिए। वाहन का समय-समय पर फिटनेस कराना चाहिए। यात्रा के दौरान किसी अन्य अप्रशिक्षित चालक को अपने वाहन की स्टेयरिंग न पकड़ाएं। इससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। अगर किसी को वाहन सीखना है, तो वह प्रशिक्षण सेंटर में जाकर पंजीकरण कराए उसके बाद वाहन चलाना सीखे।



एआरटीओ कार्यालय में चालकों को प्रशिक्षण देते संभागीय निरीक्षक संजय सिंह ● जागरण

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र के वाहनों में चालक के साथ ही प्रशिक्षक के पास भी क्लच और ब्रेक होता है, जिससे वाहन अनियंत्रित होने पर प्रशिक्षक उसे नियंत्रित कर लेता है। इससे दुर्घटना नहीं होने पाती है। नशा करके वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें और न ही कान में हेडफोन लगाकर गाना सुनें। ऐसा करने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसी अवस्था में पकड़े जाने पर जुर्माना भी लगाया जाता है। आपकी जरा सी असावधानी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

# हेलमेट लगाने के लिए हाथ जोड़ते दिखी पुलिस

- शहर में बिना हेलमेट प्रवेश रोकने के लिए यातायात पुलिस चौकस
- दो दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने नहीं करने दिया शहर में प्रवेश

जासं, महराजगंजः अरे मैम, हेलमेट तो लगा लिजिए बिना हेलमेट शहर में प्रवेश वर्जित है। आज तो आप मंजिल पर पहुंच जाएंगी, लेकिन अगर दुर्घटना होगी तो आप का बुरा भी हो सकता है। हेलमेट आपकी सुरक्षा के लिए ही है। इस नसीहत के साथ रविवार को शहर के कालेज रोड पर यातायात पुलिस उपाधीक्षक सुनील दत्त दुबे बिना हेलमेट आने वाले बाइक सवारों से हेलमेट लगाने के लिए हाथ जोड़ते दिखाई दिए।

पुलिस उपाधीक्षक यातायात ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह को लेकर लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए जिले के सभी छह मार्गों पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर बिना हेलमेट लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। इसके तहत लोगों को विशेष तरीके से जागरूक किया गया है। दो दर्जन अधिक लोगों को शहर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। इस दौरान यातायात निरीक्षक हरी सिंह यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



शहर के कालेज रोड पर बिना हेलमेट के युवती से हाथ जोड़कर हेलमेट लगाने का निवेदन करते यातायात पुलिस उपाधीक्षक सुनील दत्त दुबे • जागरण

# 79 बोरी चावल सहित एक हिरासत में

**जासं, नौतनवा:** एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को बाबू पैंसिया के बैरिया बाजार में एक मकान में छापेमारी कर 79 बोरी चावल बरामद कर आरोपित अनिल कुमार निवासी बैरिया बाजार को हिरासत में ले लिया है।

# तस्करी का 1148 जोड़ी जूता बरामद

**जासं, बरगदवा** : पुलिस ने शनिवार की रात 1148 जोड़ी जूता पिपरा गांव के समीप एक बगीचे से बरामद किया है। बरामद सामान कार्रवाई के लिए ठूठीबारी कस्टम को सौंप दिया गया है ।

थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग पिपरा गांव के समीप नेपाल सीमा के पास एक बगीचे में नेपाल में तस्करी के लिए जूते रखे हैं, मौके पर पहुंचते ही तस्कर फरार हो गए। मौके से 24 गत्तों में रखा 1148 जोड़ी जूता बरामद किया गया। टीम में उपनिरीक्षक सूरज कुमार व जयहिंद भारती शामिल रहे।

# नशीली दवा के साथ एक गिरफ्तार, गया जेल

जासं, निचलौज : निचलौल थाने की पुलिस ने एक आरोपित को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। शनिवार की शाम को पुलिस रेगहियां भारत-नेपाल सीमा पर गश्त कर रही थी। एक व्यक्ति की सघन तलाशी लेने पर उसके पास से 200 नशीली कैप्सूल बरामद हुई। उसकी पहचान सुजीत कुमार निवासी रेगहियां, निचलौल के रूप में हुई। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# अपहृत किशोरी बरामद

सिंदुरिया : सिंदुरिया थाने की पुलिस ने 11 जून से अपहृत किशोरी को रविवार को बरामद कर लिया है। किशोरी को गांव का ही युवक बहला-फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष नासिर हुसैन ने बताया कि जल्द ही आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। (जासं)

# 205 वाहनों का हुआ चालान

महराजगंज : यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में पुलिस ने रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 205 वाहनों का चालान काटा है। 15 लापरवाह वाहन चालकों से 8500 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया गया है। (जासं)

# 18 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

महराजगंज : जनपदीय पुलिस ने विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका में 18 लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई की है। (जासं)

# जंगल में मिले नरकंकाल के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज

- **बभनौली-भटहट मार्ग किनारे नटवा जंगल में ड्रम में मिला था नरकंकाल**
- **मृतक के स्त्री या पुरुष होने पर संशय, पहचान का हो रहा प्रयास**

**जासं, महराजगंज:** बभनौली-भटहट मार्ग किनारे नटवा जंगल में ड्रम से बरामद नरकंकाल के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे दिन भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है, इतना ही नहीं अभी पुलिस इस सवाल से भी पर्दा हटाने में नाकाम है, कि मरने वाला शख्स पुरुष है या स्त्री। ड्रम में नरकंकाल के साथ मिले दो बैग और अन्य कपड़ों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

शनिवार को नटवा जंगल में बभनौली-भटहट मार्ग के करीब डेढ़ किमी अंदर जगंल में एक ड्रम में नरकंकाल बरामद हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस को नरकंकाल के साथ ही दो बैग और कपड़े भी मिले। शनिवार की ही देर रात पनियरा थाने में बभनौली गांव के चौकीदार प्रहलाद की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि मामले में अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध हत्या और साक्ष्य मिटाने की कोशिश की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। कपड़े और अन्य सामान की मदद से पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान न होने की वजह से 72 घंटे बाद अवशेषों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उसके बाद ही पता चल सकेगा कि मृतक स्त्री थी या पुरुष, पोस्टमार्टम के दौरान ही मृतक का डीएनए सैंपल भी कलेक्ट किया जाएगा।

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**बरगदवा** : सात माह से फरार दुष्कर्म के आरोपित शीशगढ़ निवासी कोइल को पुलिस ने रविवार की सुबह नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग के पड़ियाताल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष बरगदवा पुरुषोत्तम राव ने बताया कि आरोपित पर मई में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। (जासं)

## 14 बोटा साखू की लकड़ी सहित पिकअप बरामद

**कोल्हुई** : राजपुर गांव के पास नदी किनारे खाली भूमि से वन विभाग की टीम ने एक पिकअप व 14 बोटा साखू की लकड़ी बरामद किया है। वन क्षेत्राधिकारी टीएन त्रिपाठी ने बताया कि पिकअप सीज कर दिया गया है।

# पराली जलाने पर 405 किसानों को नोटिस

**जासं, महराजगंज**: खेतों में पराली जलाने के मामले को लेकर जिला प्रशासन सख्त है। इस पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सदर तहसील क्षेत्र के खेतों में पराली जलाने पर सदर तहसीलदार राजेश कुमार श्रीवास्तव ने एक सप्ताह में 405 किसानों को नोटिस जारी किया है। इसमें तीन के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।

तहसीलदार सदर ने बताया कि खेतों में पराली जलाने वाले किसानों से चार लाख रुपये जुर्माना वसूल किया गया है। सात लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है। जागरूकता के लिए 1200 गोष्ठियां आयोजित कर किसानों को ऐसा न करने का सुझाव दिया गया। पराली जलाने की सूचना देने व कार्रवाई करने में शिथिलता बरतने पर कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। 22 कर्मचारियों को नोटिस दिया गया। सात कर्मचारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। तीन कर्मचारियों को निलंबित भी किया जा चुका है।

# जिला जज एकादश ने छह विकेट से दर्ज की जीत



जिला स्टेडियम में क्रिकेट खेलते जिला जज जय प्रकाश तिवारी ● जागरण



शील्ड के साथ बाएं से प्रथम डीएम सत्येंद्र कुमार, जिला जज जय प्रकाश तिवारी व मध्य में एसपी डा. कौस्तुभ ● जागरण

**जागरण संवाददाता, महराजगंज** : जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को जिला जज एकादश और जिलाधिकारी एकादश के बीच मैत्री पूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। जिला जज एकदाश की टीम छह विकेट से विजयी रही।

जिलाधिकारी एकादश के कप्तान जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। जिलाधिकारी एकदाश की टीम ने चार विकेट खोकर निर्धारित 15 ओवरों में 109 रन बनाए। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार 20, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह 48, दिनेश कुमार 16 और सुशांत ने 13 रन बनाए। जिला जज एकादश की ओर से गेंदबाजी करते हुए जिला जज जयप्रकाश तिवारी ने एक तथा सौरभ पांडेय ने दो विकेट लिए। 110 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिला जज एकादश की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट से मैच जीत लिया है। जिला जज एकादश की ओर से सलामी बल्लेबाजी करते हुए जिला जज जयप्रकाश तिवारी 27, सौरभ श्रीवास्तव 40 एवं श्रीकांत ने 24 रन के योगदान से निर्धारित 14.5 ओवर में चार विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। जिलाधिकारी एकादश की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने एक, सुशांत सिंह दो, एवं रामप्रवेश ने एक विकेट लिए। सद्दाम हुसैन और कृष्णा त्रिपाठी अंपायर रहे। स्कोरर की भूमिका सत्यम सिंह, दिव्यांश मिश्रा ने निभाई। मैत्रीपूर्ण यह मैच क्रिकेट एसोसिएशन सह सचिव कुलदीप मणि त्रिपाठी के देखरेख में संपन्न हुआ। उप क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश नारायण त्रिपाठी, ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अभिषेक विश्वकर्मा, हाकी के प्रशिक्षक आसिफ, राजेश निभानी, अमित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी एकादश को हरा जिला जज एकादश विजेता

## जिलाधिकारी एकादश के आतिश सिंह व जिला जज एकादश के सौरभ श्रीवास्तव संयुक्त रूप से चुने गए मैन ऑफ द मैच

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** धनेवा स्थित छत्रपति शाहू जी महराज स्टेडियम में रविवार को जिलाधिकारी एकादश व जिला जज एकादश की टीम के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। कांटे के इस मुकाबले में जिला जज एकादश की टीम ने जिलाधिकारी एकादश की टीम को छह विकेट से हरा दिया।

मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले जिला जज एकादश के सौरभ श्रीवास्तव व जिलाधिकारी एकादश के एएसपी आतिश कुमार सिंह को संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच चुना गया।

टास जिलाधिकारी एकादश के कप्तान सत्येंद्र कुमार ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए निर्धारित 15 ओवर में 109 रन बनाए। ओपनर बल्लेबाज के रूप में आए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने 15 गेंद में 20 रन बनाए। उनके साथ आए अपर पुलिस अधीक्षक आतिश सिंह ने 42 गेंद पर 48 रन की पारी खेली तथा वे अंतिम ओवर में रन बढ़ाने के चक्कर में श्रीकांत के सीधे थ्रो पर रन आऊट हुए। उप जिलाधिकारी नौतनवां दिनेश मिश्रा ने 18 गेंद पर 16 रन तथा अंतिम समय में बल्लेबाजी करने आए बीडीओ सदर सुशांत सिंह ने 11 गेंद में 13 रन की पारी खेली। जिला जज एकादश की तरफ से विवेक पटेल ने दो तथा सौरभ पाण्डेय ने एक विकेट लिया।

जवाब में खेलने उतरी जिला जज एकादश की शुरुआत काफी खराब रही। पहली गेंद पर ही ओपनर सौरभ पांडेय जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की गेंद को भांप नहीं सके व क्लीन बोल्ड हो गए।

इसके बाद खेलने आए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ श्रीवास्तव ने एक छोर थामे रखते हुए शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 32 गेंदों पर 40 रनों का योगदान करते हुए टीम की जीत में भी अहम भूमिका निभाई। टीम के खिलाड़ी श्रीकांत ने 15 गेंद पर ताबड़तोड़ 24 रन बनाए।

जिला जज जयप्रकाश तिवारी ने 22 गेंद पर नाबाद 27 रन तथा पवन श्रीवास्तव ने 11 गेंद पर नाबाद 13 रन की पारी खेली। जिलाधिकारी एकादश की तरफ से सुशांत सिंह ने दो तथा जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व रामप्रवेश ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

आतिश कुमार ने बेहतर फिल्डिंग का प्रदर्शन कर तीन कैच लपके। विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को जिला जज जयप्रकाश तिवारी ने ट्राफी देकर पुरस्कृत करते हुए कहा कि । अंपायर की भूमिका सद्दाम हुसैन व स्कोरर की भूमिका अतुल मणि त्रिपाठी ने निभाई। कमेंट्री कुलदीप मणि त्रिपाठी ने किया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, उप क्रीड़ाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश नारायण त्रिपाठी, अंशकालिक प्रशिक्षक आसिफ इकबाल, धर्मेंद्र यादव, अभिषेक विश्वकर्मा, अजीत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



धनेवा स्थित स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के बाद विजेता टीम जिला जज जयप्रकाश तिवारी को शील्ड प्रदान करते डीएम सत्येंद्र कुमार। संवाद

### खराब क्षेत्ररक्षण व कैच छोड़ना प्रशासनिक टीम को पड़ा महंगा

जिलाधिकारी एकादश की टीम आठ ओवर तक मैच में मजबूत स्थिति में दिख रही थी। मिड आन में लगातार खराब क्षेत्ररक्षण व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व जिला जज की ओर से दिए गए कैच के अवसर का लाभ न उठा पाना प्रशासनिक टीम को महंगा पड़ गया।

# यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया

**मिठौरा।** यातायात माह के तहत सिंदुरिया थाने की पुलिस ने रविवार को जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस की ओर से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट न लगाने वालों को हेलमेट भी दिया।

थाना प्रभारी सिंदुरिया नासिर हुसैन ने व्यापारियों, ई-रिक्शा चालकों, बस चालकों को यातायात नियमों सम्बंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करें तथा दूसरे वाहन चालक की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। संवाद

## वारंटी भेजा गया जेल

**नौतनवां।** थाना क्षेत्र के बैरवा जंगल के भरपुरवा गांव के छोटे अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वर्ष 2020 में छोटे अली के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर मारपीट व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। आरोपी फरार चल रहा था जिसकी पुलिस तलाश में थी। यह जानकारी नौतनवां कस्बा चौकी प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता ने दी। संवाद

## सीमावर्ती क्षेत्र में दस बोरी यूरिया बरामद

**ठूठीबारी।** लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज शैलेश प्रताप ने टीम के साथ रविवार को लालपुर गांव में छापा डाला। मौके से तीन साइकिल पर नेपाल भेजी जा रही 10 बोरी यूरिया खाद बरामद की। बताया कि यूरिया कस्टम को सौंप दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। प्रत्येक हलचल पर नजर रखी जा रही है। संवाद

## नशीली दवाओं के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र के रेंगहिया गांव के पास पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। आरोपी के पास से अधिक मात्रा में नशीली दवा मिली है। बताया जा रहा कि नशीली दवाओं का अवैध धंधा नेपाल व भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में काफी दिनों से चल रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। शीतलापुर चौकी प्रभारी मनीष पटेल ने बताया कि आरोपी की पहचान सुजीत कुमार साहनी निवासी रेंगहिया थाना निचलौल के रूप में हुई है। आरोपी की बाइक की डिग्गी से 200 कैप्सूल मिला है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। संवाद

## 24 गत्ते में 1148 जोड़ी जूते बरामद

**बरगदवा।** पुलिस ने रविवार सुबह नेपाल भेजने के लिए 24 गत्तों में रखा 1,148 जोड़ी जूते पिपरा गांव के समीप एक बगीचे से बरामद किए। बरामद सामान को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम को सौंप दिया। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि पिपरा गांव के समीप सघन जांच अभियान चलाया गया। 24 गत्तों में रखे 1148 जोड़ी जूते बरामद हुए। संवाद

## 14 बोटा साखू बरामद

**कोल्हुई।** क्षेत्र के राजपुर गांव के बगल नदी किनारे खाली जमीन से वन विभाग की टीम ने एक वाहन पर लदा 14 बोटा साखू बरामद किया है। वन क्षेत्राधिकारी टीएन त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है। मुकदमा दर्ज कर बरामद बोटा और वाहन को सीज कर दिया गया है। संवाद

# रिफ्लेक्टर नहीं होने से कोहरे और अंधेरे में टकरा रहे वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। ठंड बढ़ने के साथ कोहरे का प्रभाव बढ़ रहा है। परिवहन विभाग की ओर से वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने के लिए प्रयास किया जा रहा है, फिर ज्यादातर वाहनों में नहीं लग पाया है। इस वजह से हादसे हो रहे हैं। पिछले दिनों कई ऐसी दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें चालक रात में सामने के वाहन को नहीं देख सका और हादसा हो गया।

रात में और धुंध पड़ने पर वाहनों में रिफ्लेक्टर होने से हादसे कम होते हैं। सामने चल रहा वाहन पीछे वाले वाहन चालक को दिख जाता है तो वह सतर्क हो जाता है। खासकर ट्रैक्टर ट्राली जब रात में सड़क से गुजरती है तो दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। यही हाल ट्रक वालों का भी होता है।

### रिफ्लेक्टर नहीं होने के कारण अब 400 गाड़ियों का किया गया चालान

वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाया जा रहा है। नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रत्येक दिन टीम जिले में जांच करती है। नियम का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाती है।

**- आरसी भारतीय,** एआरटीओ

यातायात माह में परिवहन विभाग की ओर से टीम गठित कर रिफ्लेक्टर ट्रैक्टर ट्राली और अन्य वाहनों पर लगाया गया। जिन वाहनों पर रिफ्लेक्टर नहीं मिला, उनका चालान किया गया। अब तक 400 गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर नहीं होने के कारण चालान किया गया है। इनसे कुल दो लाख रुपये जुर्माना भी वसूला गया। 280 गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर लगाया गया है। बीते 14 नवंबर को परसा मलिक थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहे से दो सौ मीटर पश्चिम नौतनवां ठूठीबारी मुख्य सड़क पर सुबह पिकअप चालक पीछे से बस में टकरा गया। रेडियम लगा नहीं होने के कारण वह सामने बस को नहीं देख सका।



पनियरा क्षेत्र के एक गांव में सड़क के बीच में खड़ी ट्रॉली। संवाद

**केस 1**

23 नवंबर को नौतनवां क्षेत्र के आराजी सरकार उर्फ बैरिहवा-हरदीडाली मार्ग पर पिकअप से एक बाइक चालक टकरा गया। हादसे में युवक की मौत हो गई। कटाई कोट मदरहना गांव के ओमप्रकाश चौधरी (40) बाइक से नेपाल से आ रहे थे। पिकअप में पीछे से टकरा कर घायल हो गए।

**केस 2**

परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेईया तिराहे पर बीते माह बिशुनपुरा गांव के चिनक सामने वाहन नहीं दिखने की वजह से टकरा कर घायल हो गए थे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-11-2022

# बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षो में मारपीट, केस

**बस्ती** । बच्चो के विवाद को लेकर दो घरो के परिजन आमने सामने हो गये, जिसके बाद जमकर मारपीट हुई। दोनो पक्ष जब मुकामी थाने पहुंचा तो पुलिस ने क्रास केस दर्ज करने की कार्यवाही किया है। लालगंज थानाक्षेत्र के शोभनापार गांव में बच्चो के बीच में हुए विवाद को लेकर रीमा पुत्री नरसिंह को आरोपियों ने गायिलां देते हुए जमकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मुन्नीलाल पुत्र कुन्तु गौड़, सालीकराम पुत्र मुन्नीलाल, मीनादेवी पत्नी मुन्नीलाल, सुन्दरी पुत्री मुन्नीलाल निवासीगण शोभनपार थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से मुन्नीलाल गौड़ पुत्र चन्द्रदेव गौड़ ने भी पुलिस में तहरीर देकर बताया कि बच्चो के विवाद में उसे पल्लवी, रीमा, सुशीला, शिवांगी ने मिलकर गायिलां दी और मारापीटा। मामले में पुलिस ने आरोपी पल्लवी, रीमा, सुशीला, शिवांगी पुत्रीगण नरसिंह गौड़ निवासीगण शोभनपार थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कम्बाईन मशीन की ठोकर एक घायल, केस

**बस्ती** । तेज रफ्तार कम्पबाईन के चालक ने साइड से ठोकर मारकर एक व्यक्ति को जख्मी कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थानाक्षेत्र के महसो चौराहा के पास कम्बाईन चालक मंटू ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए साईड से सुरेन्द्र कुमार को ठोकर मार दिया। जिससे सुरेन्द्र कुमार गिरकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। मामले में पीड़ित सुरेन्द्र कुमार अनुचर रिजर्व पुलिस लाइन हाल मुकाम देवसिंहां थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने कम्बाइन चालक मंटू के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

# अलाव जलाने के विवाद में दो पक्ष भिड़े, क्रास केस

**बस्ती (एसएनबी)।** रूधौली थानाक्षेत्र के दुदराक्ष गांव में अलाव जलाने की बात को लेकर दो पट्टीदारो में विवाद हो गया। जिसके बाद कृष्णा प्रजापति, प्रिन्स प्रजापति सहित लगभग आधा दर्जन लोगो ने मिलकर मनीषा प्रजापति तथा उसके परिवार को गालियां देते हुए जमकर मारापीटा तथा चाची पूनम के साथ छेड़खानी भी की। इस सम्बन्ध में पीड़िता मनीषा प्रजापति पुत्री त्रिभुवन प्रजापति निवासिनी दुदराक्ष थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ष्णा प्रजापति पुत्र रामसागर प्रजापति, प्रिंस प्रजापति पुत्र रामसागर प्रजापति, सोहनलाल पुत्र रामसागर प्रजापति, रामसागर पुत्र बन्डे, सारदा देवी पत्नी ष्णा, विमला पत्नी सोहनलाल, मानवता देवी पत्नी रामसागर निवासीगण दुदराक्ष थाना रुधौली के विरूद्ध धारा 147, 354, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष से पुरना देवी पुत्री राम सागर ने भी आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने मिलकर उसे गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी रामउजागिर पुत्र बन्डे, चंचला देवी पत्नी नन्दलाल, पुनम देवी पत्नी रामउजागिर, त्रिभुवन पुत्र संतवली, मनीषा पुत्री त्रिभुवन के विरूद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अलग से होगी जीआरएस व एफआईआर की रैंकिंग

**बस्ती (एसएनबी)।** अब पांच स्तम्भो के साथ-साथ जनता के ज्यादा सम्पर्क में आने वाले दो स्तम्भो जीआरएस, एफआईआर/एनसीआर की अलग से रैंकिंग की जायेगी। उक्त निर्देश अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने दी है।

उन्होंने कहा कि पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम व्यवस्था के काफी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने पर पूर्व की भांति ही माह अक्टुबर, 2022 में पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर जनता की सन्तुष्टि का 5 स्तम्भोंध पिलर्स डायरेक्ट पिलर, ट्वीटर पिलर, आईजीआरएस, एफआईआरध एनसीआर एवं पासपोर्टध चरित्र के माध्यम से जनपद के सभी थानो का परिणाम तैयार किया जाता रहा है। लेकिन इन पाचो स्तम्भों में एफआईआर/एनसीआर तथा आईजीआरएस दो एसे स्तम्भ है जिनमें आम जनता न्याय की उम्मीद में पुलिस के अधिक निकट एवं सम्पर्क में आती है तथा इस प्रकार ये दोनो ही पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम बनाये हुए है।

## एडीजी का आदेश

ऐसे में इन दोनो का ही महत्व बढ़ जाता है, जिससे थानो के मूल्यांकन में पूर्व निर्देशित/प्रचलित सभी पांच सतम्भो के टप 5 एवं वटम 5 व्यवस्था के साथ-साथ जिन थानो की रैंकिग आईजीआरएस तथा एफआईआर/एनसीआर दोनो सतम्भो के योग के औसत में टाप पांच में हो उनके थाना प्रभारीगण को भी जनपदीय मासिक अपराध गोष्ठी में प्रसस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा तथा जिन थानो की रैकिंग लागातार तीन माह तक वाटम पांच में आये है । उन थानो के प्रभारीगण को तत्काल प्रत्यावर्तित कर दिया जायेगा, जिसमें थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह, प्रथम स्थान, प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा परसमासशंकर यादव, दुसरे स्थान पर, प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येन्द्र कुवर तीसरे स्थान, प्रभारी निरीक्षक रुधौली रामष्ण मिश्रा चौथे स्थान पर व थानाध्यक्ष छावनी पाचवे स्थान पर रहे।

जिन्हे माह में होने वाले क्राइम मिटिंग में प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे तथा मौजूदा थानाध्यक्ष पैकोलिया गजेन्द्र प्रताप सिंह 17 वे नम्बर पर, प्रभारी निरीक्षक हरैया शैलेष कुमार सिंह 16 नम्बर पर, थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती 15 वे नम्बर पर, प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया संजय कुमार 14 नम्बर पर तथा प्रभारी निरीक्षक परसरामपुर अरविन्द कुमार शाही 13 वे नम्बर पर रहे। जिन्हे अपने रैंक मे सुधार हेतु एडवाइजरी जारी की गयी है।

# डिप्टी सीएम का पुतला फूकने पर सात पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** शास्त्री चौक पर नारेबाजी कर डिप्टी सीएम का पुतला फूकने पर कोतवाली में आधा दर्जन से अधिक लोगो पर मुकदमा पंजीत किया गया है।

कार्यवाही सिविल लाइन चौकी इंचार्ज की तहरीर पर की गयी है। जानकारी के अनुसार डिप्टी सीएम बृजेश पाठक द्वारा एक टीवी चैनल पर नाई समाज के उपर कठित टिप्पणी करने के विरोध पर नाई समाज के कुछ लोगो ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बैनर तले ठाकुर प्रेमचन्द्र वंशी के नेतृत्व में शास्त्री चौक पर नारेबाजी करते हुए डिप्टी सीएम का पुतला दहन किया था। इस सम्बन्ध में एसआई दुर्गविजय सिंह चौकी इंचार्ज सिविल लाइन की तहरीर पर कोतवाली में आरोपी ठाकुर प्रेमचन्द वंशी, ह्दय गौतम, राम किशोर ठाकुर, राम सुमेर यादव, प्रदीप ठाकुर, राजमणि चौधरी, आरके भारतीयन के विरूद्ध धारा 143, 505(2) आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# किशोर की मौत के मामले में केस दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने शराब के नशे में गाड़ी चढ़ाने से किशोर की मौत के मामले में केस दर्ज कर लिया है। चमरौहा सियरापार निवासी घनश्याम ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव में डीजे वाहन के चालक व उसके साथी ने शराब के नशे में 25 नवंबर को उनके बेटे गिरजा प्रसाद ( 13 ) के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक समेत दो के खिलाफ आईपीसी 304 के तहत केस दर्ज किया है। वहीं ट्रैक्टर की चपेट में आकर पुरानी बस्ती हवेलीखास में राममनी ( 18 )की मौत मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# आरोपी को जेल

**सल्टौआ।** सोनहा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी को जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि रुधौली थाना क्षेत्र के हसनी गांव निवासी आरोपी निसार अहमद गौकसी के मुकदमें में आरोपित था।

# डिप्टी सीएम का पुतला फूंकने में सात पर केस

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का पुतला फूंकने व उनके विरूद्ध नारेबाजी करने के मामले में मुकदमा कायम किया है। चौकी इंचार्ज सिविल लाइन दुर्गविजय सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि 25 नवंबर को शास्त्री चौक पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बैनर तले पदाधिकारियों ने यूपी के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि ठाकुर प्रेमचंद्र, हृदय गौतम, राम किशोर ठाकुर, रामसुमेर यादव, प्रदीप ठाकुर, राममणि चौधरी और आरके भारतीयन पता अज्ञात के खिलाफ आईपीसी 143, 505(2) के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# आरोपी को जेल

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी को जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि रुधौली थाना क्षेत्र के हसनी गांव निवासी आरोपी निसार अहमद गौकसी के मुकदमें में आरोपित था।



तालाब में पलटे ट्रैक्टर को निकालती क्रेन ● जागरण

# सड़क किनारे तालाब में पलटी ट्रैक्टर ट्राली, कोई हताहत नहीं

**जासं, महादेवा:** लालगंज थाना क्षेत्र के धौरूखोर गांव में शनिवार रात आठ बजे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में जाकर पलट गई। गनीमत रहा कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

करियइबगिया निवासी पलालू धौरुखोर गांव में मांगलिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद टेंट का सामान लादकर महादेवा चौराहे पर स्थित दुकान पर ले जा रहे थे। धौरुखोर गांव की सड़क पर पहुंचते ही चालक ने हरिलाल के घर के सामने ट्रैक्टर

- **चालक ट्रैक्टर ट्राली खड़ा कर चला गया था गुटखा खरीदने**
- **ढलान होने के नाते ट्रैक्टर ट्राली सरक कर तालाब में जाकर पलट गई**

को खड़ा बगल में ही स्थित गिमटी की दुकान पर गुटखा खरीदने चला गया। ढलान के चलते ट्रैक्टर ट्राली सहित सड़क किनारे तालाब में पलट गया। विश्वनाथ, बबलू, सूरज राजभर, अमन चौधरी, रामबोध, रमेश, सुरेन्द्र, राजेश चौधरी, बहादुर व क्रेन से ट्रैक्टर से निकाला गया।

# बक्सई घाट की सीढ़ियों पर मिला महिला का शव

## खून से लथपथ मृतक महिला की नहीं हो पाई शिनाख्त, एसपी ने घटनास्थल पर की छानबीन

**जासं गनेशपुर, बस्तीः** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बक्सई घाट की सीढ़ियों पर रविवार की सुबह एक महिला का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह ने शिनाख्त का प्रयास किया, पर काफी मशक्कत के बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटना स्थल पर एसपी, एएसपी व सीओ सिटी भी पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किया। वाल्टरगंज थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मौके से खून से सनी एक ईंट व एक ब्लेड बरामद किया है। ब्लेड से भी गले पर वार किया गया है।

सुबह राहगीरों ने बक्सई घाट की सीढ़ियों पर महिला का शव देखकर शोर मचाया। थोड़ी देर में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष वाल्टरगंज ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। शव को देखने से लग रहा था कि सिर पर ईंट से कई वार किए गए थे। मृतका के शरीर पर सफेद, काले रंग की चैनदार जैकेट और चाकलेटी रंग की साड़ी है। गले में पीली धातु का माला भी थी। घटनास्थल पर काफी मात्रा में खून पसरा मिला।



वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बक्सई घाट पर घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ● जागरण

- खून से सनी ईंट बरामद, ब्लेड से भी गले पर किया गया है वार
- मृतक महिला की उम्र 35 से 38 वर्ष के बीच आंकी जा रही

साथ ही बक्सई घाट पर बने पुल से नीचे उतरने वाली सीढ़ी पर काफी खून पसरा था।

मृतक महिला की उम्र 35 से 38 के बीच आंकी जा रही है। मौके पर पहुंचे एसपी आशीष श्रीवास्तव, एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी व सीओ सिटी आलोक प्रसाद ने लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने डाग स्क्वायड का भी सहयोग लिया। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि दिवंगत महिला की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इंटरनेट मीडिया का भी सहयोग लिया जा रहा है।

# मां ने कोतवाली में बेटा व बहू पर दर्ज कराया केस

**बस्तीः** कोतवाली पुलिस ने बेटा व बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के रहमतगंज निवासी साजिदा खातून ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके बेटे तमजीद हसन और उसकी पत्नी ने उन्हें मारपीट कर परेशान किया। दोनों के खिलाफ अभिभावक नागरिक देखभाल व कल्याण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

# दहेज के लिए किया प्रताड़ित, मुकदमा

**बस्तीः** छावनी पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को तहरीर देकर महिला ने आरोप लगाया है कि पंजाब स्थित ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित कर मारापीटा गया। जानमाल की धमकी देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति साहिल भारद्वाज, सास कविता समेत छह निवासी पकड़ी जप्ती, थाना पैकोलिया हालमुकाम लुधियाना पंजाब के खिलाफ केस दर्ज किया है।

वहीं दुबौलिया में तहरीर देकर अंजली राव ने आरोप लगाया है कि शादी के दस साल साल बीतने के बाद दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित किया गया।

पुलिस ने पति दीपक कुमार समेत पांच ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# शांतिभंग की आशंका में नौ गिरफ्तार

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से शांति भंग करने के आरोप में पैकोलिया पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया है।

थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के बेलघाट गांव निवासी पप्पू हरिजन, विजय बहादुर वर्मा, जितेन्द्र बहादुर वर्मा, राम तीरथ, कप्तानगंज थानाक्षेत्र के पतिला गांव निवासी संतोष कुमार और महुआ गांव निवासी राम भवन, बुद्धा शरण और धर्म शरण आपसी विवाद को लेकर मारपीट पर आमादा थे।

थाने के उप निरीक्षक हरी राय व संदीप यादव की टीम ने उक्त लोगों को रविवार को गिरफ्तार किया। सभी का शांतिभंग की आशंका में चालान कर उपजिलाधिकारी हरैया के न्यायालय भेजा गया है। संवाद

# दो पक्षों में बंटवारे को लेकर मारपीट, मुकदमा

**जासं, पैकोलिया:** पैकोलिया थाना क्षेत्र के मुस्लिम पैकोलिया गांव में दो सगे पटीदार बंटवारे की बात को लेकर शनिवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे आपस में भिड़ गए। कई लोगों को चोटें आई है। अजीजुर्रहमान पुत्र असगर अली की तहरीर पर पुलिस ने अतीकुर्रहमान, जाफरा, सेराज व आबिदा और दूसरे पक्ष की जाफिरा पत्नी अतीकुर्हमान की तहरीर पर अजीजुर्रहमान, शादाब, इमराना और इरफत इरम सहित कुल आठ के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी मामले में मुकदमा दर्ज किया है। घायल अजीजुर्रहमान, शादाब, इमराना, और जाफिरा, अतीकुर्हमान, सदरूनिशा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर भेजा गया है। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रास केस दर्ज किया गया है।

# बच्चों के खेलने के विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बस्ती:** लालगंज थाने के शोभनपार निवासी रीमा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बच्चों के खेलने की बात को लेकर मुन्नीलाल, सालिकराम समेत चार ने मारपीट कर धमकाया। वहीं मुन्नीलाल का आरोप है कि बच्चों की बात को लेकर उन्हें व उनके पड़ोसी की बेटी खुशी को पल्लवी, रीमा समेत चार ने मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# चिह्नित अपराधियों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

## पुलिस की ओर से आपराधिक तत्वों पर शिकंजा के लिए तैयार किया जा रहा खाका

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। कमर कसते हुए पुलिस की ओर से मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता, उस केंद्र के अंतर्गत आने वाले शरारती व आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने का खाका खींचा जा रहा है। शुरुआती चरण में चिह्नित अपराधियों की कुंडली खंगाली जा रही है।

इसी संबंध में डीआईजी आरके भारद्वाज 10 दिन पहले ही बस्ती समेत परिक्षेत्र के तीनों जिले के एसपी की बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए दृष्टिगत शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयारी करने का फरमान दे चुके हैं।

गुंडा, गैंगस्टर की कार्रवाई के अलावा सीआरपीसी की अन्य धाराओं के तहत पाबंद करने की कार्रवाई में तेजी लाने को कहा। हिस्ट्रीशीटरों एवं जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगाह रखने को कहा गया है। निकाय चुनाव की तैयारियों के क्रम में जिले के संवेदनशील मतदान केंद्रों और इलाकों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया गया है। प्रत्येक थाने पर इसके लिए सूची तैयार की गई है।

जिले के सभी 16 थाना क्षेत्रों में पुलिस ने शरारती तत्वों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा गिरोह भी चिन्हित किए जा रहे हैं, जिन पर गैंगस्टर लगाया जाएगा।

इसके लिए एसपी ने सभी सीओ और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। पिछले चुनाव में चिन्हित किए अपराधियों की कुंडली खंगाली जा रही है। इसके अलावा हाल में ही जेल से छूटकर आए अपराधियों पर भी पुलिस की नजर है।

करीब 10 महीने पहले संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के दौरान पुलिस ने जनपद के साढ़े 18 हजार ऐसे लोगों पर पुलिस ने शांतिभंग की आशंका, जाब्ता फौजदारी, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर आदि विभिन्न तरीकों से शिकंजा कसा था, जिनसे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका थी। हालांकि उस चुनाव की अपेक्षा नगर निकाय चुनाव की शक्ल छोटी है, मगर पुलिस शरारती तत्वों पर नकेल कसने में कोई कसर छोड़ने के मूड में बिल्कुल नहीं दिखती। इस बार करीब 10 हजार लोगों को पुलिस मुचलकों में पाबंद करेगी। प्रत्येक थाने पर सूची तैयार की जा रही है। इसके अलावा संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केंद्रों ओर इलाकों को भी चिन्हित किया जा रहा है।

### शुरुआती तैयारी में जुटी पुलिस

**एसपी** आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी निकाय चुनाव के लिए पुलिस के स्तर से सभी शुरुआती तैयारियां की जा रही हैं। सभी तरह के डाटा एकत्र किए जा रहे हैं। साथ ही संवेदनशील, अतिसंवेदनशील आदि मतदान केंद्रों के चिन्हीकरण का कार्य अंतिम दौर में है। वहां लगाए जाने वाले पुलिस बल का खाका तैयार किया जा रहा है। शासन का निर्देश प्राप्त होते ही शस्त्र आदि जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### निकाय चुनाव के मद्देनजर आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने की तैयारी

---

**लापरवाही** | कोतवाली के हर्दिया चौराहे के निकट शनिवार दोपहर हुआ था हादसा

# सांसद के कार चालक पर दर्ज हुआ हादसे का मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कोतवाली थाना क्षेत्र के हर्दिया चौराहे के पास शनिवार की शाम स्कूली छात्र को ठोकर मारने के मामले में पुलिस ने सांसद हरीश द्विवेदी के कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार को हुए हादसे में घायल छात्र की मौत के बाद परिवार के लोग शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे।

घटना की गंभीरता को भांपते हुए सीओ सिटी आलोक प्रसाद व कोतवाल शशांक शेखर राय मौके पर पहुंच गए और परिजनों से बातचीत कर घटनाक्रम की जानकारी ली।

रविवार को मृतक छात्र के पिता शत्रुघ्न राजभर की तहरीर पर सांसद की गाड़ी के चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं, सांसद हरीश द्विवेदी का कहना है कि उनकी कार से हादसा नहीं हुआ है। हो सकता है कि काफिले में किसी अन्य गाड़ी से दुर्घटना हुई हो, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। बावजूद इसके परिवार के प्रति उनकी पूरी संवेदना है। उनकी हर संभव मदद की जाएगी।

गौरतलब है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के बसिया गांव निवासी अभिषेक कुमार राजभर (9) पुत्र शत्रुघ्न राजभर प्राथमिक विद्यालय हर्दिया बुजुर्ग में कक्षा दो का छात्र था। तहरीर में उसके पिता शत्रुघ्न ने बताया है कि शनिवार को स्कूल से छुट्टी के बाद दोपहर करीब तीन बजे वह पैदल घर जा रहा था। हर्दिया पेट्रोल पंप से सौ मीटर पहले बड़ेवन की तरफ पहुंचा था कि तभी मनौरी की तरफ से दो सफेद रंग की फारच्यूनर गाड़ी गुजर रही थी, जो सांसद हरीश द्विवेदी की थी।

इसी गाड़ी से उनके बेटे के साथ दुर्घटना हुई। यह गाड़ी काफी तेज गति में थी। उसे आनन-फानन इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया था।

यहां से देर शाम चिकित्सक ने हालत बिगड़ती देख मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया था। एंबुलेंस के कप्तानगंज के करीब पहुंचते-पहुंचते बालक अभिषेक ने दम तोड़ दिया था। इसके बाद शव का लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए थे। रविवार को पुलिस की मौजूदगी में सियरापार घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

### बसिया का रहने वाला नौ वर्षीय अभिषेक राजभर की हुई थी मौत

# बंटवारे के विवाद में भाइयों में मारपीट, आठ पर मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के मुस्लिम पैकोलिया गांव में दो सगे भाइयों में बंटवारे के मामले में रविवार शाम लगभग साढ़े छह बजे आपस में मारपीट हो गई।

पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पैकोलिया थानाक्षेत्र के मुस्लिम पैकोलिया गांव निवासी दो सगे भाइयों अजीजुर्रहमान और अतीकुर्रहमान के परिवार में बंटवारे की बात को लेकर शनिवार शाम साढ़े छह बजे मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष अजीजुर्रहमान, शादाब, इमराना तथा दूसरे पक्ष की जाफिरा, अतीकुर्रहमान और सदरुननिशा को चोटें आईं।

पुलिस ने अजीजुर्रहमान की तहरीर पर अतीकुर्रहमान, उनकी पत्नी जाफरा, सेराज व आबिदा और दूसरे पक्ष की अतीकुर्हमान की पत्नी जाफिरा के तहरीर पर अजीजुर्रहमान, शादाब, इमराना और इरफत इसम पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के चोटिल सभी लोगों को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर भेजा गया।

**पैकोलिया थानाक्षेत्र के मुस्लिम पैकोलिया गांव का मामला**

## बच्चों के खेलने के विवाद में मारपीट

**बस्ती।** लालगंज थाने के शोभनपार निवासी रीमा का आरोप है कि बच्चों के खेलने की बात को लेकर विपक्षी मुन्नीलाल, सालिकराम समेत चार ने मारपीट कर धमकाया। वहीं, मुन्नीलाल का आरोप है कि बच्चों की बात को लेकर उन्हें व उनके पड़ोसी की बेटी खुशी को पल्लवी, रीमा समेत चार ने मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-11-2022

# अपरहण का अभियुक्त गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत सदर थाने की पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर अपरहता को बरामद करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। पकड़े गए अभियुक्त का नाम संतोष कुमार यादव पुत्र राम वृक्ष यादव है।वह सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बर्डपुर नम्बर 13 के टोला मधुबेनिया का रहने वाला है।पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध सदर थाना पर मुकदमा अपराध संख्या 328ध्2022 धारा 363, 366 आईपीसी व 16ध्17 पक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीत है।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक अनूप कुमार मिश्र,का.रवि कुमार यादव,का शैलेन्द्र यादव शामिल रहे।



# पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। सदर पुलिस ने हत्या के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

सदर थाना क्षेत्र के दतरंगवा में सात वर्ष पूर्व एक युवक की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गांव के ही रामदेव समेत पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। न्यायालय ने रामदेव के विरुद्ध वारंट जारी किया था। एसओ सदर अजय यादव ने बताया कि पुलिस ने फरार रामदेव को रविवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। संवाद

# 215 वाहनों का चालान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद पुलिस ने रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में खामियां मिलने, यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 215 वाहनों का चालान कर दिया। 2.28 लाख रुपये शमन शुल्क वसूली की कार्रवाई की गई।

# रात की गश्ती में पुलिस न करे लापरवाही

**शोहरतगढ़।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस महकमा सतर्क रहकर काम करने का प्रयास कर रहा है। शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पांडेय ने पुलिस टीम के साथ रात कालीन गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों व कोबरा मोबाइल का औचक निरीक्षण करने के बाद कही। उन्होंने नपं शोहरतगढ़ के सार्वजनिक स्थलों व आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण कर गश्ती का हाल जाना।

# किशोरी बरामद आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। सदर थाने की पुलिस ने शनिवार को बहला-फसला कर भगाई गई किशोरी को रविवार को बरामद करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार यादव ने बताया कि एक गांव की एक किशोरी को एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया था। तहरीर के आधार पर आरोपी संतोष कुमार यादव पुत्र रामवृक्ष यादव के खिलाफ धारा 363, 366 व पाक्सो एक्ट में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई थी। किशोरी को रविवार को बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पाठशाला में सीखा यातायात नियमों का गुर

## पांच विद्यालयों में दी गई सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी, सुरक्षित सफर से ही जन व धन की रूकेगी हानि

**जागरण टीम, सिद्धार्थनगर** : जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रविवार को पांच विद्यालयों के छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उप संभागीय परिवहन विभाग, यातायात पुलिस व पुलिसकर्मियों ने इन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी। छात्रों को इसके लिए प्रोत्साहित किया गया। सभी ने संकल्प लिया कि वह यातायात नियमों का तो पालन करेंगे ही दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा के गुर बताएंगे।

यातायात उपनिरीक्षक अमरेश कुमार यादव ने जय किशन इंटर कालेज सकतपुर सनई परिसर में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। तेज रफ्तार में वाहन कदापि न चलाएं। कार चालक सीट बेल्ट व दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग हर हाल में करें। प्रधानाचार्य नवीउल्लाह खान, उषा देवी आदि मौजूद रहे। बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज में यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी देवानंद ने कहा कि सड़क पर वाहन कदापि न खड़ा करें। शिक्षक भारत भूषण द्विवेदी ने कहा कि छोटी सी लापरहवाही घातक बन जाती है। डा. शक्ति जयसवाल, रत्नाकर पांडेय, नसरुल मुस्तफा, आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय इंटर कालेज तुरकौलिया में पथरा थाने के एसआइ शम्स जावेद खान ने स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि अभिभावकों को भी इसके पालन के लिए प्रेरित करें।

मिठवल विकास क्षेत्र के शिवपाती देवी आदर्श कन्या इण्टर कालेज मसिनाखास में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन पर दो से अधिक लोग यात्रा न करने की सलाह दी गई। शिवनगर डिड़ई थानाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार राय व प्रधानाचार्य वहीदुल्लाह, पंकज त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

डुमरियागंज स्थित शफा इंटर कालेज में थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि मार्ग पर यात्रा करते समय सावधानी बरतें। किसी प्रकार की लापरवाही घातक हो सकती है।



जय किसान इंटर कालेज सनई के परिसर में दैनिक जागरण के तहत यातायात नियमों की जानकारी देते उप निरीक्षक अमरेश कुमार यादव ● जागरण



शिवपति इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ पंकज पाण्डेय ● जागरण





# सख्ती व जागरूकता से रोकेंगे वाहन दुर्घटनाएं

**जासं, सिद्धार्थनगर:** सुरक्षित यातायात को लेकर दैनिक जागरण अभियान चला रहा है। अभियान के दौरान बदहाल सड़क, मार्ग दुर्घटना रोकने के उपाय सहित अन्य मुद्दों से जिम्मेदारों को अवगत कराया जा रहा है। हादसों के पीछे की अधिकांश वजह सड़कों पर संकेतक, डिवाइडर आदि सुरक्षा का उपाय न होना है। अधिकांश सड़कों की खत्म हो चुकी पटरी भी जानलेवा बन चुकी है। इन तमाम बिंदुओं को लेकर दैनिक जागरण ने रविवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद का साक्षात्कार किया। प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंश......



एसपी अमित कुमार आनंद ● जागरण

- **सड़क पर वाहन खड़ा मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई**
- **सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी से वार्ता कर सुधारेंगे इंतजाम**

**प्रश्न- करीब आठ माह पूर्व जोगिया सड़क पर वाहन खड़ा होने के कारण बड़ी दुर्घटना हुई, आठ लोगों की मृत्यु हो गयी थी। आए दिन ऐसा दृश्य देखने को मिलता है। पुलिस सड़क पर खड़े वाहन क्यों नहीं हटवाती ?**

**उत्तर**- सड़क पर वाहनों को खड़ा करने से रोकने के लिए यातायात पुलिस लगातार कार्य कर रही है। सड़कों पर बने ढाबों व होटलों पर अधिकांश गाड़ियां खड़ी होती हैं। इन्हें रोकने के लिए विभाग ने सभी ढाबा संचालकों के साथ वार्ता किया है। अब इस पर काफी हद तक अंकुश लगाया गया है। कोई नियमों को तोड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**प्रश्न- सड़क निर्माण गलत तरीके से होने से सर्वाधिक दुर्घटनाएं होती हैं। इससे बचाव के लिए पुलिस कोई प्रयास क्यों नहीं करती है ?**

**उत्तर**- मार्ग दुर्घटना रोकने के लिए यातायात पुलिस लगातार सक्रिय है। लोगों को जागरूक करने के अलावा नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसकी नियमित समीक्षा भी की जाती है।

**प्रश्न- मड़वा मोड़, मधवापुर और परसिया बिसुनपुर को छोड़कर किसी भी ब्लैक स्पाट पर संकेतक नहीं है। संकेतकों को लेकर पुलिस क्या प्रयास कर रही है ?**

**उत्तर**- पुलिस का कार्य यातायात में सिर्फ दो बिंदुओं पर होता है। इसमें एक नियमों का पालन कराना और दूसरा इसे तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई शामिल है। पुलिस दोनों बिंदुओं पर काम कर रही है। संकेतक आदि लगाने के लिए सड़क बनाने वाली संस्था से पत्राचार भी किया गया है।

**प्रश्न- ककरहवा-बांसी व उसका-शोहरतगढ़ दो राष्ट्रीय मार्ग हैं। किसी भी सड़क पर सोलर ब्लिंकर नहीं दिखता है। आखिर हादसों को रोकने के लिए पुलिस किस तरह का प्रयास कर रही है ?**

**उत्तर**- हाइवे पर संकेतक लगाने के लिए पिछले दिनों हाइवे व लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई है। उन्होंने जल्द ही कार्रवाई करने की बात कही है।

**प्रश्न- ओवरस्पीड व ओवरलोडिंग को रोकने को लेकर पुलिस क्या नहीं सक्रिय भूमिका में दिखती है ?**

**उत्तर**- पुलिस वाहनों की लगातार जांच करती है। स्पीड मीटर के जरिये वाहनों की गति मापी जाती है। जिस वाहन की गति अधिक होती है, ऐसे चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

# साइबर अपराध के प्रति छात्रों को किया गया जागरूक

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर** : ''साइबर जागरूकता अभियान'' अंतर्गत रविवार को इटवा थाने पर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। छात्रों को बताया गया कि सतर्कता से ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है। इसके लिए साइबर विषयों की जानकारी भी आवश्यक है। प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में रूद्र प्रताप यादव ने छात्रों को बताया कि वर्तमान में साइबर अपराध से संबंधित घटनाओं की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में सावधानी बरतना जरूरी हो गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी स्थिति में किसी के साथ अपने फोन पर प्राप्त ओटीपी को साझा न करें। एनी डेस्क, टीम वाइवर, क्विक सपोर्ट जैसे एप अपने मोबाइल में रखने से बचें। कोई भी ऐसा लिंक (लकी ड्रा से संबंधित, किसी वेरीफिकेशन से संबंधित आदि) जो आपके मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजा जाता है, उसे न खोलें। साइबर अपराध से बचाव के अन्य निर्देशों से भी सभी अवगत कराया गया, साथ ही बताया कि यदि किसी विपरीत स्थिति में साइबर अपराध हो जाता है तो जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 टोल फ्री पर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। थाने पर सक्रिय साइबर हेल्प डेस्क की भी मदद ली जा सकती है।

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, सिद्धार्थनगर:** सदर पुलिस ने रविवार को अपहरण के आरोपित रामवृक्ष यादव निवासी बर्डपुर नंबर 13 मधुकरपुर टोला मधुबेनिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपित के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही थी।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-11-2022

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चला अभियान

**यातायात विभाग ने वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर मशीन से की गई जांच**

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** यातायात माह नम्बर के तहत चलाये जा रहे अभियान के तहत शराब पीकर वाहन् चलाने वालों की चालकों की ब्रीथ एनलाइजर मशीन से जांच की गई। इसमें कई वाहन चालकों का चालान किया गया। इसके साथ ही सख्त हिदायत देते हुए उन्हें छोड़ा गया। वहीं वाहनों पर निः शुल्क रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाया गया। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रभारी यातायात बृजेश यादव द्वारा ड्रिंक एण्ड ड्राइव (शराब पीकर वाहन चलाने वालों) के खिलाफ अभियान चलाया गया। रोडवेज चालक, ट्रक चालक, टैम्पो चालक, आटो रिक्शा चालकों, कार चलाकों व अन्य सवारी चालकों के साथ साथ दो पहिया वाहन चालकों को ब्रीथ एनालाइजर मशीन द्वारा चेक किया गया। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले ड्राइवरों का प्रभारी यातायात द्वारा चालान किया गया व उन्हें सड़क एवं यातायात नियमों जैसे-शराब पीकर वाहन न चलाना, तेज गति से गाड़ी न चलाना, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना इत्यादि के बारे में भी प्रेरित किया गया। इसी क्रम में एआरटीओ डा. आन्जनेय सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात वृजेश यादव के नेतृत्व में यातायात माह के अन्तर्गत मेंहादवल बाईपास खलीलाबद पर यातायात पुलिस द्वारा वाहनों पर निःशुल्क रिफ्लेक्टर स्टीकर लगवाया गया। यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया। इस अवसर पर यातायात पुलिस के अजय पाण्डेय, संदीप सिंह सहित समस्त के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच करते यातायात पुलिस।

# दो पक्षों में जमकर मारपीट, कई घायल, 15 पर केस

**बखिरा (एसएनबी)।** बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचेठी में रविवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोगों को चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक पक्ष के 11 तथा दूसरे पक्ष के 04 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रथम पक्ष के रफीक अहमद पुत्र हयात मोहम्मद ग्राम पचेठी थाना बखिरा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव में उनके दो मकान हैं। कुछ लोग नए मकान पर तथा कुछ लोग पुराने मकान पर रहते हैं। रविवार को सुबह लगभग 4:30 बजे उनके गांव के ही मोहम्मद इसहाक पुत्र यारूल्लाह समेत 11 लोग उसके घर पर चढ़कर उनके भाई रहीस अहमद पुत्र हयात मोहम्मद व अन्य परिजनों को लाठी-डंडा से दौड़ाकर बुरी तरह से मारा पीटा। आरोप लगाते हुए कहा कि अजीजुर्रहमान पुत्र मो. इसहाक ने लाइसेंसी बंदूक लेकर ललकारा और घर में घुस कर मारा जिससे कई लोगों को चोटें आई हैं। आरोपियों ने गाली व जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोहम्मद इसहाक पुत्र यारुल्लाह समेत 11 आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506, 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। रफीक अहमद पुत्र हयात मोहम्मद का आरोप है कि बीते 23 नवम्बर को आरोपियों ने उसके घर पर चढ़ कर गाली गुप्ता देते हुए मारने की धमकी दी थी। जिसकी लिखित शिकायत उसने बखिरा पुलिस से की थी लेकिन पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। वहीं दूसरे पक्ष के आफाक अहमद पुत्र वाजिद अली ग्राम पचेठी थाना बखिरा ने कहा है कि उसकी आराजी संख्या 320, 321-81 है जिसका बंटवारे का मुकदमा एसडीएम खलीलाबाद के न्यायालय में चल रहा है। दौरान मुकदमा जमीन पर गांव के ही एकलाख हुसैन पुत्र इस्लाम आदि जबरदस्ती निर्माण कर रहे थे। जिसकी सूचना उसने डायल 112 पर दी। इसी बात को लेकर उपरोक्त लोगों ने रविवार को सुबह 4:30 बजे शमीम अहमद पुत्र रईस अहमद समेत चार लोगों ने उसे व उसके भाई को गाली गुप्ता देते हुए लात-मुक्का, लाठी-डंडा व धारदार हथियार से मारा पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 4 लोगों के खिलाफ धारा 323, 324 , 504 , 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# पति-पत्नी साथ रहने को हुए राजी

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे 'साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल)' के आयोजन में आज दिनांक 27.11.2022 को 'परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना जनपद संतकबीरनगर पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सुश्री सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में मात्र 01 मामला आया। उक्त प्रकरण में 'सुलह समझौता' करवाया गया। इंस्पेक्टर महिला थाना ने बताया कि श्रीमती ममता पुत्री जय प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम मरवटिया थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती व द्वितीय पक्ष उमाशंकर पाठक पुत्र लाल बहादुर पाठक निवासी ग्राम दशहवा थाना बेलहर कला जनपद संतकबीरनगर के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने-बुझाने के उपरांत दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हो गए। दोनों पक्ष में आपसी सहमति से 'सुलह समझौता' कराया गया।

# दुधारा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

दुधारा (एसएनबी)। रविवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर एक वारंटी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया। थाना दुधारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के गांव धरूई में छापा मारकर चम्पल कुमार पुत्र कुलबुल निवासी धरुई को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर धारा 147,148, 323, 504, 336 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# थाने पहुंचने वाले फरियादियों से विनम्र व्यवहार करे पुलिस

धनघटा (एसएनबी)। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने रविवार को महुली थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी ने सभी मातहम पुलिसकर्मियों से थाने पहुंचने वाले फरियादियों के साथ विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने का निर्देश भी दिया है।

निरीक्षण से पूर्व एएसपी संतोष कुमार सिंह को थाने के पुलिसकर्मियों द्वारा सलामी दी गई तत्पश्चात एएसपी ने थाना परिसर में घूम घूम कर साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। सीमित संसाधनों की बदौलत साफ सुथरा पाए गए थाना परिसर को देखकर एएसपी ने प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र सहित अन्य पुलिसकर्मियों को शाबासी भी दी। उसके बाद एएसपी ने थाने के दीवानखाने में पहुंचकर अभिलेखों के रखरखाव की व्यवस्था देखी और अभिलेखों के उचित रखरखाव के लिए प्रभारी निरीक्षक सहित दीवानखाने में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया। इस दौरान एएसपी ने थाने के शस्त्रागार में शस्त्रों के रखरखाव तथा महिला और पुरुष बंदीगृह में पहुंचकर साफ सफाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। थाने के आगन्तुक रजिस्टर, हेल्पडेस्क में अंकित शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त कर एएसपी ने उसके निस्तारण की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। थाने पहुंचने वाले पीड़ितों ने विनम्रता के साथ पेश आने का सख्त निर्देश मातहत पुलिसकर्मियों को देते हुए एएसपी ने फरियादियों की सुनवाई कर तत्काल जरूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## एएसपी ने किया महुली थाने का निरीक्षण



फोटो : एसएनबी

महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए एएसपी ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति का शिक्षण संस्थानों सहित अन्य महिलाओं से सम्बन्धित स्थलों पर पहुंचकर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए मनचलों और शोहदों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा महिलाओं और बालिकाओं की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हेतु महिला हेल्प डेस्क पर कार्यरत पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया। कार्यालय निरीक्षण के बाद एएसपी ने पुलिस मेस का निरीक्षण किया। अंत में एएसपी ने थाने के उपनिरीक्षकों एवं चौकी प्रभारियों से मुकदमों की लम्बित विवेचनाओं तथा प्रार्थनापत्रों के समाधान की समीक्षा की साथ ही जरूरी दिशानिर्देश भी दिया। अंत में एसएसपी ने सीओ धनघटा रामप्रकाश तथा प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र सहित अन्य पुलिसकर्मियों के साथ महुली कस्बे में पहुंचकर पैदल गश्त कर कस्बावासियों को सुरक्षा का एहसास कराया।

# लगातार प्रताड़ना से परेशान वृद्ध की हार्टअटैक से मौत

- मृतक की बहू ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर प्रताड़ित करने वाले विपक्षियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की लगाई गुहार
- घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा
- थाना क्षेत्र के बभनौली गांव का है मामला

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में विपक्षियों के प्रताड़ना से परेशान एक वृद्ध की रविवार को भोर में हार्टअटैक से मौत हो गयी। घटना के बाद मृतक की बहू ने धनघटा पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र प्रताड़ित करने वाले विपक्षियों को अपने ससुर की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के बभनौली गांव निवासी सावित्री देवी पत्नी नागेन्द्र गुप्ता ने बताया कि बीते 24 नवम्बर को रात करीब आठ बजे विपक्षी गांव निवासी गिरजेश पुत्र रामदास और मिस्लावती पत्नी गिरजेश उसके दरवाजे पर चढ़कर उसके ससुर गान्ही गुप्ता पुत्र भगवानदास को मां बहन और बेटी की भद्दी भद्दी गालियां, मारने पीटने और जानमाल की धमकियां दे रहे थे तो ससुर समेत परिवार के सभी लोगों ने विवाद बढ़ जाने के भय से संतोष कर लिया जिससे उक्त दोनों विपक्षियों का मनोबल बढ़ गया और बीते शनिवार को भी उक्त दोनों विपक्षी उसके दरवाजे पर चढ़कर ससुर गान्ही पुत्र भगवानदास गुप्ता को भद्दी भद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगे जिससे परेशान होकर ससुर गान्ही को अचानक हार्ट अटैक आ गया और रविवार की भोर में करीब 2 बजे उनकी मौत हो गयी। पूर्व में भी उक्त विपक्षियों द्वारा घर में घुसकर उसकी अनुपस्थिति में उसके ससुर को मारपीट कर घायल कर दिया था जिसके सम्बन्ध में दर्ज मुकदमा न्यायालय में अभी भी विचाराधीन है। सावित्री देवी ने ससुर के मौत का जिम्मेदार विपक्षी गांव निवासी गिरजेश और मिस्लावती को ठहराते हुए दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस ने प्रार्थनापत्र में की है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे धनघटा थाने के लोहरैया पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक चन्द्रप्रकाश सिंह ने मृतक गान्ही के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद जब मृतक के मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा तब आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



वृद्ध के मौत की सूचना पर मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई करती पुलिस टीम। फोटो : एसएनबी

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की हुई मौत



बभनौली गांव में वृद्ध की मौत होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

- परिजनों ने झाड़फूंक कर मारने का लगाया आरोप
- धनघटा थाना क्षेत्र बभनौली गांव का मामला

**लोहरैया, हिन्दुस्तान संवाद।** धनघटा थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने किसी अनहोनी के आशंका जताते हुए पुलिस से पोस्टमार्टम कराने की मांग की। वृद्ध का अंतिम संस्कार न करने पर अड़ गए। देखते ही देखते गांव के दर्जनों लोग वहां इकट्ठे हो गए।

गांव निवासी गान्ही गुप्ता (65) पुत्र भगवान गुप्ता रात में खाना खा कर सो गए पर सुबह जब वह नहीं उठे तो परिजनों ने उन्हें जगाने की कोशिश की। देखा तो उनकी मौत हो गई थी। परिजनों ने गान्ही की मौत पर आशंका जताते हुए 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। लोगों के समझाने-बुझाने पर 112 पुलिस वापस चली गई। थोड़ी ही देर में गान्ही की बहू सावित्री देवी पत्नी नागेन्द्र धनघटा थाने पर पहुंच गई। थाने पर तहरीर दे कर अपने ससुर की मौत पर आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम करवाने की मांग करने लगी। एसओ धनघटा ने लोहरैया पुलिस चौकी इंचार्ज चंद्रप्रकाश सिंह को मौके पर भेज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का निर्देश दिया।

कुछ दिन पहले गान्ही, उनकी बहु सावित्री व बेटों का घर के बगल में अपने पट्टीदारों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। कल घर पर कोई नहीं था। केवल गान्ही गुप्ता ही सोया हुआ था। परिजन पट्टीदारों द्वारा झाड़फूंक के चक्कर में जान से मारने की आशंका के चलते मृतक का पोस्टमार्टम करना चाह रहे थे।

# पुलिस ने 107 वाहनों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम के चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 107 वाहनों के चालकों से एक लाख 20 हजार शमन शुल्क वसूल किया।

# पुलिस ने वाहनों पर लगवाया रिफ्लेक्टर

**जागरूकता**

- मेंहादवल बाईपास पर ट्रैफिक पुलिस ने निःशुल्क स्टिकर लगवाया
- लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले में यातायात माह को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाया। प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव के नेतृत्व में यातायात माह के तहत खलीलाबाद शहर के मेंहादवल बाईपास पर यातायात पुलिस ने वाहनों पर निःशुल्क रिफ्लेक्टर व स्टिकर लगवाया।

यातायात पुलिस ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया। लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरूक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठाने, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के लिए लोगों को जागरूक किया।



यातायात माह के दौरान बाइक पर रिफ्लेक्टर लगाते यातायात पुलिसकर्मी।

इसके साथ ही पुलिस टीम ने लोगों से अपील किया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर यातायात पुलिस के समस्त अधिकारी व कर्मचारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सात तक पूर्ण कर लें शस्त्र लाइसेंस का सत्यापन

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। एडीशनल एसपी संतोष सिंह ने रविवार को महुली थाने का मुआवना किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था, आरक्षी बैरक, महिला हेल्प डेस्क, उपस्थिति व ड्यूटी रजिस्टर, आगन्तुक, मालखाना, मेस आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए सात दिसम्बर तक थाने के शास्त्र लाइसेंस धारकों का भौतिक सत्यापन पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। जर्जर हो चुके आरक्षी बैरक को कण्डम घोषित कराने के लिए रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।

रविवार को महुली थाने में एडीशनल एसपी सन्तोष सिंह अर्धवार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले आरक्षी बैरक को देखा। जर्जर हो चुकी बिल्डिंग देख उन्होंने इंस्पेक्टर सन्तोष मिश्रा को कण्डम घोषित करते हुए एक रिपोर्ट जिला मुख्यालय पर भेजने का निर्देश दिया। पुलिस मेस का निरीक्षण कर फालोवर और भंडारी को कोविड-19 का पालन करते हुए कार्य करने की नसीहत दी। परिसर में बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को देख मुकदमा और आरटीओ सम्बन्धित वाहनों को सही तरीके से खड़ा करने तथा जल्द निस्तारण कराने का निर्देश दिया।उन्होंने मालखाना में मौजूद असलहे, कारतूस और मैगजीन की संख्या की जानकारी ली। एएसपी ने बन्दीगृह, कम्प्यूटर कार्यालय को भी देखा।



रविवार को महुली थाने का एएसपी संतोष सिंह ने जायजा लिया।

महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचे जहां पर रजिस्टर का अवलोकन किया। शिकायतकर्ता को पर्ची देने की पुष्टि हुई। निस्तारण में तेजी दिखाने पर उन्होंने शाबाशी दी। इसके बाद वह बारी बारी जन शिकायत, महिला उत्पीड़न, समाधान, शास्त्र, एचएस, वारंट स्थिति, सम्पत्ति, नकशा माल सहित अन्य अभिलेखों का गहन पूर्वक निरीक्षण किया।

# पुलिस ने तीन वारंटियों को दबोचा

संतकबीरनगर। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र रामहित निवासी ढोंढ़ई, हामिद अली पुत्र लाल मोहम्मद निवासी डड़वा को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही थाना दुधारा पुलिस ने वारण्टी चम्पल कुमार पुत्र कुलमुल निवासी धरई थाना दुधारा को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर जेल भेजा।

# शराबी पति पर दर्ज कराया मारपीट का मुकदमा

संतकबीरनगर, निसं। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक महिला ने अपने शराबी पति पर मारपीट के मामले में केस दर्ज कराया।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि रीता देवी पत्नी ओमप्रकाश निवासी मोहद्दीनपुर ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उनके पति ओमप्रकाश, सीताराम, शांती देवी ने उन्हें बुरी तरह से मारपीटकर घायल कर दिया। घटना में उसे काफी चोटें आई। उक्त लोग भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं।

पीड़िता के अनुसार उसका पति शराबी है और शराब पीकर अक्सर मारपीट करता है। उसके रूपए मांगने और न देने पर शारीरिक व मानसिक कष्ट देते हुए जान से मारने की धमकी देता है। कोतवाल ने बताया कि पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मामले में सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृतकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पीडित के प्रार्थना पत्र पर मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज किया। पीडित रामरूप निवासी मड़या खास ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि 24 नवंबर को दिन में पट्टीदार बिंदू देवी, प्रमोद कुमार, मदनलाल व योगिंदर उनकी लड़की पूनम को गाली देते हुए पुराने विवाद में लात घूंसा व लाठी डंडे से मारने पीटने लगे।

# शांतिभंग की आशंका में सात का चालान

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने कई मामले में सात लोगों को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मेंहदावल पुलिस ने दो, बखिरा दो और थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने तीन आरोपितों को दबोचकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के यहां रवाना कर दिया।

# चार के खिलाफ मारपीट का केस

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर के व्यक्ति की तहरीर पर एक ही परिवार चार लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज और जानमाल धमकी का देने का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड संख्या एक अम्बेडकनगर सवापार निवासी मंजू देवी ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ला के बुद्धिराम उसे गाली दे रहा था। जब एतराज किया तो प्रतिवादी परिजनों के साथ मिलकर श्रीमती मंजू देवी और पति कृष्ण चन्द्र उर्फ गूंगे को मारपीट कर घायल कर दिया। इंस्पेक्टर मनोज मिश्र ने बताया कि महिला की तहरीर पर बुद्धिराम, अनिल, नीरज, चौथी के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जानमाल धमकी में मुकदमा दर्ज किया है।

# परामर्श केंद्र ने बिखरने से बचाया

संतकबीरनगर। परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना ने रविवार को सुनवाई के बाद एक जोड़े को बिखरने से बचाया। टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम के तहत प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में सुनवाई हुई।

ममता पुत्री जय प्रकाश मिश्र निवासी ग्राम मरवटिया थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती व द्वितीय पक्ष उमाशंकर पाठक पुत्र लाल बहादुर पाठक निवासी ग्राम दशहवा थाना बेलहरकला के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। परिवार परामर्श केंद्र के काफी समझाने बुझाने के बाद दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हो गए।

# रंजिश में दो पक्षों में मारपीट 15 पर बलवा का मुकदमा

कार्रवाई

- बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचेठी का मामला
- विवादित जमीन पर निर्माण को लेकर विवाद

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचेठी में रविवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक पक्ष के 11 जबकि दूसरे पक्ष के 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्रथम पक्ष के रफीक अहमद ग्राम पचेठी थाना बखिरा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि गांव में उनका दो मकान है। कुछ लोग नए मकान पर तथा कुछ लोग पुराने मकान पर रहते हैं। रविवार को सुबह लगभग 4:30 बजे उसके गांव के ही मोहम्मद इसहाक समेत 11 लोग उसके घर पर चढ़कर उसके भाई रहीस अहमद व अन्य परिजनों को लाठी डंडा से दौड़ाकर बुरी तरह से मारा पीटा। आरोप लगाते हुए कहा कि अजीजुर्रहमान ने लाइसेंसी बंदूक लेकर ललकारा और घर में भी घुस कर मारा जिससे कई लोगों को चोटें आई हैं। आरोपियों ने गाली व जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोहम्मद इशहाक समेत 11 आरोपियों के खिलाफ धारा बलवा, मारपीट, गाली-गलौज, धमकी व अन्य धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। रफीक अहमद का आरोप है कि बीते 23 नवम्बर को आरोपियों ने उसके घर पर चढ़ कर गाली देते हुए मारने की धमकी दी थी। इसकी लिखित शिकायत उसने बखिरा पुलिस से की थी। लेकिन पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया था। उल्टे उन्हीं लोगों पर मुकदमा लिख दिया गया।

वहीं दूसरे पक्ष के आफाक अहमद ग्राम पचेठी थाना बखिरा ने कहा है कि उसकी आराजी संख्या 320, 321 - 81 हेक्टेयर का बंटवारे का मुकदमा एसडीएम खलीलाबाद के अधीन है। दौरान मुकदमा जमीन पर गांव के ही एकलाख हुसैन आदि जबरदस्ती निर्माण कर रहे थे । जिसकी सूचना उसने 112 पर दिया। इसी बात को लेकर उपरोक्त लोगों ने रविवार को सुबह 4:30 बजे शमीम अहमद पुत्र रईस अहमद समेत चार लोगों ने उसे व उसके भाई को देते हुए लात मूका लाठी डंडा व धारदार हथियार से मारा पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 4 लोगों के खिलाफ धारा गाली गलौज मारपीट की धारा के तहत केस दर्ज किया है ।

# परामर्श केंद्र ने बिखरने से बचाया

संतकबीरनगर। परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना ने रविवार को सुनवाई के बाद एक जोड़े को बिखरने से बचाया। टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम के तहत प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में सुनवाई हुई।

ममता पुत्री जय प्रकाश मिश्र निवासी ग्राम मरवटिया थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती व द्वितीय पक्ष उमाशंकर पाठक पुत्र लाल बहादुर पाठक निवासी ग्राम दशहवा थाना बेलहरकला के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। परिवार परामर्श केंद्र के काफी समझाने बुझाने के बाद दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हो गए।

# मारपीट में चार लोगों पर मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मारपीट के मामले में मड़या खास मोहल्ला निवासी चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में मड़या खास मोहल्ला निवासी रामरूप पुत्र जोखन ने उल्लेख किया है कि बीते गुरुवार को सुबह क़रीब 10 बजे पुरानी रंजिश के चलते उनके पट्टीदार बिंदू देवी, प्रमोद कुमार, मदन लाल व योगेंद्र ने उनकी बेटी पूनम को अपशब्द कहते हुए पीटने लगे।

ये उसे खींचकर घर में लेकर चले गए। शोर मचाने पर पूनम को बचाने के लिए सुनीता,अंजनी व रामरुप बीच-बचाव करने आयी। लोगों ने इन्हें भी लाठी से पीटा। जान-माल की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने कहा कि इस मामले में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने महुली थाने का किया निरीक्षण

**जासं,महुली,संतकबीर नगर:** एएसपी संतोष कुमार सिंह रविवार को महुली थाने में पहुंचे। वह सबसे पहले आरक्षी बैरक की जांच किए। जर्जर हो चुके भवन को देखकर उन्होंने थानाध्यक्ष संतोष मिश्र को इसे निष्प्रयोज्य घोषित करते हुए रिपोर्ट भेजने की बात कही। पुलिस कर्मियों के रसोई कक्ष को देखे।

थाना परिसर में बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को सही से खड़ा करने और इसके जल्द निस्तारण कराने का निर्देश दिए। मालखाना में मौजूद असलहे, कारतूस और मैगजीन की संख्या की जानकारी ली। लाकअप, कंप्यूटर कार्यालय को भी देखा। महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचे। रजिस्टर की जांच की। शिकायतकर्ता को पर्ची देने की पुष्टि हुई। त्वरित निस्तारण के लिए प्रशंसा की। इसके बाद वह जन शिकायत, महिला उत्पीड़न, समाधान, शास्त्र, वारंटियों की स्थिति, सम्पत्ति, नक्शा माल सहित अन्य अभिलेखों का गहन पूर्वक निरीक्षण किया। मामूली खामियों को दुरुस्त करने की बात कही। थानाध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष अब तक 24 के विरुद्ध गुंडा एक्ट की करवाई की गई है। इस अवसर पर उप निरीक्षक विवेकानंद तिवारी, हरिकेश भारती, विनोद मिश्रा, मनीष मिश्रा, शैलेन्द्र उपाध्याय, अजीत कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# फरार चल रहे दो वारंटी गिरफ्तार

कांटे : कांटे चौकी के पुलिस कर्मियों ने रविवार को सूचना मिलने पर ढोढई व डड़वां गांव में दबिश दी। कोर्ट हाजिर होने के बजाय फरार चल रहे ढोढ़ई गांव के वारंटी प्रमोद कुमार पुत्र रामहित व डड़वां गांव निवासी हामिद अली पुत्र लाल मोहम्मद को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। (जासं)

# दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए सभी का जागरूक होना जरूरी : एसपी

जासं, संतकबीर नगर: दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दैनिक जागरण ने जिले में सड़कों की आंखों देखी स्थिति देखी। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस क्या कर रही है, उसकी आगे की योजना क्या है सहित विभिन्न बिंदुओं पर संवाददाता राज नारायण मिश्र ने रविवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार से पांच सवाल पूछे। इस पर उन्होंने उसका जवाब दिया। पेश है पूछे गए सवाल व एसपी के जवाब...



सोनम कुमार पुलिस अधीक्षक • जागरण

**1. सवाल: दुर्घटना के बाद पुलिस की क्या भूमिका होती है।**

जवाब: दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए अस्पताल पहुंचाना पहला कर्तव्य है। फिर दुर्घटना के कारणों के आधार पर पीड़ित द्वारा दिए गए प्रार्थना-पत्र के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई करना। अगर किसी की मृत्यु हो जाती है तो पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना।

**2. सवाल: ऐसा देखने में आता है कि दुर्घटना के बाद पुलिस का रिस्पांस टाइम ठीक नहीं होता है।**

जवाब: ऐसी बात नहीं है। पुलिस सूचना मिलने पर तुरंत पहुंचती है। इसके लिए पीआरवी, स्थानीय पुलिस, यूपी-112 के कर्मी बेहतर कार्य कर रहे हैं। घायलों को निकट के सरकारी अस्पताल में पहुंचाकर उनकी जिंदगी बचाने का काम कर रही है।

**3. सवाल: सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों के लिए पुलिस कितनी जिम्मेदार है।**

जवाब: दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए पुलिस लोगों को जागरूक भी कर रही है। दुर्घटनाओं के लिए लोगों की व्यक्तिगत लापरवाही, नियमों का पालन न करना, वाहनों की तकनीकी आदि जिम्मेदार है। पुलिस अधिकांश जगहों पर मौजूद रहती है। वाहन चालकों के व्यक्तिगत लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं होती हैं।

**4. सवाल: घायलों की मदद करने में पुलिस जिम्मेदारी निभा पा रही है।**

जवाब: पुलिस क्षमता के अनुसार जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। लगभग प्रत्येक मामलों में घायलों की मदद करने में पुलिस आगे रहती है। इसकी प्रशंसा खुद गांव व शहर के लोग कर रहे हैं। आगे भी पुलिस लोगों की जिंदगी बचाने के लिए तत्पर रहेगी।

**5. सवाल: सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अपने स्तर पर क्या कर रही है।**

जवाब: पुलिस लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूलों और सड़कों पर जागरूकता अभियान चलाती है। वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें संवेदनशील बनाने में लगी हुई है। लापरवाही करने पर चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है। दुर्घटनाओं के कारणों का मूल्यांकन करके उसके निवारण के लिए प्रयास कर रही है।

# सुरक्षित यातायात के लिए विद्यार्थियों व शिक्षकों ने ली शपथ

## दैनिक जागरण सड़क सुरक्षा अभियान के तहत हुआ यातायात जागरूकता कार्यक्रम, मदरसों व विद्यालयों में बच्चों को दी जानकारी



कबीर चौरा मगहर में यातायात नियमों की जानकारी लेते एनसीसी कैडेट • जागरण



मदरसा अरबिया तालीमुल कुरान सेमरियावां में यातायात नियमों की जानकारी देते मौलाना मुनीर अहमद • जागरण



बखिरा के मदरसा मिस्बाहुल उलूम में यातायात नियमों की जानकारी देते उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव • जागरण

जागरण टीम, संतकबीर नगर : दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के पहल पर रविवार को विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। मदरसों, विद्यालयों के बच्चों को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया। सुरक्षित यातायात के लिए विद्यार्थियों व शिक्षकों ने शपथ ली। इन्होंने कहा कि वे औरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। सुरक्षित जिंदगी के लिए वे घर ही नहीं अपितु आसपास इस दिशा में ठोस पहल करेंगे।



अमृत विचार एकेडमी मगहर में यातायात नियमों की जानकारी देते शिक्षक • जागरण



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नियमों की जानकारी देती बच्चियां• जागरण

सांथा के अजीजुल्लाह हायर सेकेंड्री स्कूल-सांथा में धानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाएं कई कारणों से होती है। अपेक्षा से अधिक गति से वाहन चलाने पर, बिना आगे-पीछे देखे अचानक वाहन को तेजी से मोड़ने पर, गलत दिशा में चलने पर, शराब का सेवन कर वाहन चलाने, ओवरटेक करके आगे निकलने के प्रयास सहित अन्य वजहों से दुर्घटनाएं होती है। बगैर हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाना जीवन के लिए खतरनाक है। इसे वाहन चालकों को समझने की जरूरत है। नगर पंचायत बखिरा के लेडुआ-महुआ स्थित मदरसा मिस्बाहुल उलूम में रविवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने दैनिक जागरण के अभियान की सराहना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपके घर का कोई भी सदस्य बाइक लेकर निकले तो उन्हें हेलमेट लगाकर ही जाने दें। उन्हें सड़क पर चलते समय नियमों पर ध्यान देने के लिए कहें। निर्धारित आयु पूरी करने पर लाइसेंस बनाकर ही वाहन चलाना चाहिए। उन्होंने संकेत व नियमों की जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य मुजफ्फर हुसैन, प्रबंधक मेंहदी हसन के अलावा मदरसा के विद्यार्थी व शिक्षक मौजूद रहे। सेमरियावां के मदरसा अरबिया तालीमुल कुरान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मौलाना मुनीर अहमद ने कहा कि नियमों का पालन करके हम अपना व दूसरों का जीवन सुरक्षित कर सकते हैं। जीवन अनमोल है, इसलिए सड़क पार करते समय सावधानी के साथ दाएं व बाएं देखकर ही चले। अभिभावकों को वाहन चलाते-समय हेलमेट लगाने तथा यातायात नियमों के लिए जागरूक करें। उन्हें कहें कि जब आप सुरक्षित रहेंगे, तभी परिवार के सदस्य सुरक्षित रहेंगे। इस मौके पर मौलाना गुफरान नदवी, मो. अरशद कासमी, मो. आसिम नदवी, मौलाना अनीसुर्रहमान नदवी, कारी वलिउद्दीन, हाफिज वसीम अख्तर आदि मौजूद रहे। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खलीलाबाद में बच्चियों ने यातायात जागरूकता पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वार्डेन प्रतिभा सिंह ने यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। बच्चियों ने गीत के जरिये सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गीता सिंह, नीलिमा मिश्रा, अर्चना श्रीवास्तव, हेमलता, बबिता, प्रेमलता मौजूद रही। मगहर स्थित अमृत विचार एकेडमी में आरएस यादव ने शिक्षकों व कर्मियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलायी। विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने कहा कि परिवार के सदस्यों, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। मगहर के कबीर चौरा परिसर में राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों ने यातायात नियमों के पालन की शपथ लिया। खलीलाबाद में लेफ्टिनेंट डा. चंद्रप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि नियम हम सभी जानते है पर उस पर अमल करने की जरूरत है।

# सुरक्षित यातायात के लिए चालकों ने जाना नियम व पालन करने के लिए किया प्रेरित

जागरण टीम, संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न स्थानों पर रविवार को वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गयी। इन नियमों का पालन करने के लिए कहा गया। उन्हें सुरक्षित आवागमन के लिए पंफलेट भी वितरित किया गया। हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने के लिए कहा गया। नशा का सेवन कर वाहन न चलाने की बात कही गयी। स्वयं को सुरक्षित रखते हुए दूसरों की भी जिंदगी बचाने के लिए प्रेरित किया गया।



खलीलाबाद बाईपास पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते यातायात उप निरीक्षक बृजेश कुमार यादव • जागरण



बेलहर में टैक्सी चालकों को यातायात के बारे में जागरूक करते उपनिरीक्षक अलाउद्दीन •

- दैनिक जागरण की पहल पर चालकों को दी गई नियमों की जानकारी
- चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने पर दिया गया जोर

दैनिक जागरण की पहल पर रविवार को खलीलाबाद बाईपास पर उप निरीक्षक यातायात ब्रजेश कुमार यादव ने वाहन चालकों को जागरूक किया। पंफलेट वितरित कर इन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा। साथ ही कहा कि आप किसी के पिता, भाई, बेटा अथवा अन्य हो सकते हैं। जब आपका जीवन सुरक्षित रहेगा, तभी परिवार के सदस्य भी सुरक्षित रहेंगे। इस पर ध्यान दें। इस दौरान श्रीनाथ, इस्लाम, मो. आरिफ, शेषनाथ, राजेंद्र यादव, सुनील वर्मा, दीनदयाल चौधरी, बब्लू वर्मा, विनोद कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। वहीं उप निरीक्षक अलाउद्दीन ने बेलहर में टैक्सी चालकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नशे से दूर रहते हुए सामान्य गति से वाहन चलाने की बात कही। वाहन की लाइट, हार्न की स्थिति देखने पर जोर दिया।

क्षमता से अधिक सवार न बैठाने, ओवरटेक न करने सहित अन्य बिंदुओं के लिए चालकों को प्रेरित किया।

# चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा

महुली : महुली पुलिस ने रविवार को नगर पंचायत हरिहरपुर के महिला की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। महुली थाने में दी गई तहरीर में नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड संख्या एक अंबेडकरनगर सवापार निवासी श्रीमती मंजू देवी पत्नी कृष्णचंद्र ने उल्लेख किया है कि पुरानी रंजिश को लेकर बीते शनिवार को शाम के समय उनके मोहल्ला के बुद्धिराम उन्हें अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर वह परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उन्हें, उनके पति को मारपीट कर घायल कर दिए। निरीक्षक मनोज मिश्र ने बताया कि इस मामले में बुद्धिराम व इनके बेटे अनिल, नीरज व चौथी के विरुद्ध अपशब्द कहने, मारपीट करने और जान-माल की धमकी देने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ बगीचे में छेड़छाड़ करने के आरोपी युवक, उसके पिता तथा चाचा पर धमकी देने का मुकदमा दर्ज करने का आदेश बखिरा पुलिस को दिया है।

अधिवक्ता चौधरी अबरार हुसैन ने बताया कि किशोरी की मां ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि 13 वर्षीय बेटी 16 अक्तूबर को शाम छह बजे गांव के बगीचे में शौच करने गई थी। आरोपी पहले से वहां मौजूद था। बेटी को पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर कपड़ा खींच दिया।

किशोरी ने घर आपबीती बताई। बेटा आरोपी के घर उलाहना देने गया तो उसके घर के चाचा और पिता ने धमकी दी। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। रजिस्ट्री से सूचना एसपी को दी गई। मजबूर होकर कोर्ट में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया।

सुनवाई के पश्चात विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने आरोपी व उसके घर के अन्य लोगों के विरुद्ध थाना बखिरा की पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

# जमीन विवाद में दो पक्ष भिड़े, 15 पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बखिरा। क्षेत्र के पचेठी गांव में रविवार को जमीन विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाया। पुलिस ने दोनों पक्षों के 15 लोगों पर केस दर्ज किया है।

एक पक्ष के मोहम्मद रफीक अहमद का कहना है कि गांव में मौजूद उसके दोनों मकानों में परिवार के लोग रहते हैं।

आरोप है कि गांव के अजीजुर्रहमान ने लाइसेंसी बंदूक से जान से मारने की कोशिश की। इसी बीच छह से अधिक लोगों ने घर में घुसकर उसके भाई व महिलाओं को मारापीटा। मारपीट की घटना में परिवार के लोगों को काफी चोटें आईं। आरोपी जान से मारने की धमकी दी।

इस मामले में पुलिस ने मोहम्मद इशहाक, अजीजुर्रहमान, अब्दुर्रहमान, महफूजर्रहमान, अफाक, अशफाक, जमील, शकील, अकील, मिनहाज, मफरोज कुल 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

दूसरे पक्ष के अफाक अहमद का आरोप है कि गांव में जमीन संबंधी विवाद है। बंटवारे का मुकदमा उपजिलाधिकारी खलीलाबाद की कोर्ट में विचाराधीन है।

इस बीच आरोपियों ने विवादित भूमि में निर्माण शुरू कर दिया। इसकी सूचना डायल 112 को देने पर निर्माण रोक दिया गया है। इसी बात की रंजिश को लेकर विपक्षी ने 23 नवंबर को सुबह साढ़े दस बजे गोलबंद होकर लाठी डंडा लेकर जान से मारने की धमकी दी।

इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। उसी बात को लेकर रविवार को दोबारा विरोधियों ने दीवार निर्माण करना शुरू किया, जिसे रुकवाने के लिए वह गए तो विरोधियों ने उसे व शकील को अपशब्द कहते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

इस मामले में पुलिस ने शमीम अहमद, जमील अहमद, एखलाक व मोहम्मद फारूक पर मुकदमा दर्ज किया है।

# रकम मांगने पर धमकी, छह लोगों पर हुआ मुकदमा दर्ज

## बैनामा नहीं करने पर अग्रिम दी गई रकम मांगने पर तमंचा तानने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

बखिरा। क्षेत्र के लंगड़ावार निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली क्षेत्र निवासी प्रॉपर्टी का काम करने वाले कुछ लोगों को भूमि के बैनामा के बदले डेढ़ लाख रुपये अग्रिम दिया था।

पीड़ित पक्ष ने बैनामा करने में आनाकानी करने का आरोप विरोधियों पर लगाया है। उसने रकम मांगने पर तमंचा तान कर जान से मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने छह लोगों पर बलवा व जान से मारने का मुकदमा दर्ज किया है।

लंगड़ावार निवासी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कोतवाली क्षेत्र के बजरिया पूर्वी निवासी चंद्रसेन उनकी पत्नी पुष्पा देवी व अन्य कुछ लोग मिलकर प्रॉपर्टी का काम करते हैं। पटखौली में एक विस्वा जमीन चार लाख रुपये में देने की बात तय हुई।

### पुलिस मामले की कर रही है जांच

इसके लिए चंद्रसेन को 23 मार्च को पचास हजार रुपये अग्रिम घर जाकर दिया था। उसने आठ अप्रैल 2022 को एक लाख रुपये और बैंक खाते में स्थानांतरित किया था, लेकिन आरोपी जमीन बैनामा करने में आनाकानी करने लगे।

वह 12 अगस्त 2022 को बाइक से एक व्यक्ति के साथ पचपेड़वा जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी पक्ष को देखकर उसने अपनी बाइक रोककर उसने बैनामा नहीं करने की शिकायत की। इतने में वाहन में बैठे चंद्रसेन व अन्य लोग बाहर आ गए।

अपशब्दों से अपमानित किया। विरोध करने पर महेंद्र गुप्ता ने उसके ऊपर तमंचा तान कर जान से मारने की धमकी दी। बीच बचाव करने आए मो. आरिफ को भी जान से मारने की धमकी दी।

एसओ अनिल सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी बजरिया निवासी चंद्रसेन, पुष्पादेवी, अनूप, महेंद्र, मनोज व चौधरी प्रसाद कसौधन पर बलवा व जान से मारने का केस दर्ज कर जांच की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# बाप-बेटे पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर के एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने एक ही परिवार चार लोगों पर मारपीट और जानमाल धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर में आंबेडकर नगर सवापार निवासी मंजू देवी पत्नी कृष्ण चंद्र ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश में मोहल्ले के बुद्धिराम गाली दे रहे थे। एतराज करने पर वह परिजनों के साथ मिलकर उसे और पति को मारपीट कर घायल कर दिया।

इंस्पेक्टर मनोज मिश्र ने बताया कि महिला की तहरीर पर बुद्धिराम, अनिल, नीरज, चौथी पुत्र बुद्धिराम पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी दोषमुक्त

संतकबीरनगर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने दुष्कर्म के आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है। अधिवक्ता पवन माझी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी कि 17 वर्षीय बेटी नाना के वहां रहकर इंटर की परीक्षा दे रही थी। 23 मार्च 2015 को नाना के घर से यह कहते हुए निकली की वह गोरखपुर जा रही है।

लेकिन वहां न जाकर थाना दुधारा के आरोपी के साथ बाइक पर जाते हुए देखी गई। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत हुआ। विवेचना में पीड़िता के बयान और अन्य गवाहों के बयान से आरोपी पर पीड़िता को भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल हुआ। संवाद

# तीन सगे भाइयों के बीच का विवाद सुलझाया

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। क्षेत्र के संठी गांव में कई वर्षों से तीन भाइयों के बीच चल रहा जमीन विवाद रविवार को तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची राजस्व टीम सुलझाने में कामयाब हो गई।

संठी गांव निवासी आत्मा प्रसाद पांडेय, परमात्मा प्रसाद पांडेय एवं उदयराज पांडेय के बीच पुश्तैनी जमीन में हिस्सा के लिए विवाद था। कई बार बंटवारे के लिए तीनों भाइयों के बीच मारपीट हुई थी, लेकिन समझौता नहीं हो पा रहा था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार को तहसीलदार रत्नेश तिवारी,

## हिस्सेदारी के लिए चल रहा था विवाद, कई बार हुई थी मारपीट

एसीओ चकबंदी अवधेश कुमार, नायब तहसीलदार योगेंद्र कृष्ण पांडेय, चकबंदी लेखपाल रामप्रवेश यादव पुलिस को लेकर गांव में पहुंचे।

जमीन की पैमाइश हुई। उसके बाद करीब चार घंटे तक हुई बातचीत के बाद तीनों भाइयों के बीच समझौता कराने में प्रशांसन सफल हो गया। इस पुराने विवाद का निस्तारण हो जाने के बाद गांव के लोगों ने कहा कि सभी गांव में जमीन संबंधी विवाद ही मारपीट का कारण बना हुआ है।

# भाई को बुलाने जा रहे युवक पर फायरिंग कर भागे बदमाश

## पुलिस अज्ञात बदमाशों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच में जुटी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। धनघटा क्षेत्र के औराडाड़ गांव में निमंत्रण पर भोजन करने गए भाई को बुलाने जा रहे युवक पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली मकान के खंभे से टकरा कर दीवार में लगी। युवक बाल-बाल बच गया।

घटना के बाद बदमाश बाइक से भाग निकले। सूचना पर डायल 112 नंबर की पुलिस के साथ चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने खोखा बरामद किया। इस मामले में अज्ञात बदमाशों पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया।

### मकान के खंभे से टकरा कर दीवार में लगी गोली

औराडाड़ गांव निवासी 30 वर्षीय आशुतोष सिंह उर्फ जानी पुत्र अरविंद सिंह का आरोप है कि 25 नवंबर की देर शाम वह घर पर मौजूद थे। उसका भाई गांव में निमंत्रण में गया था। वह भाई को बुलाने जैसे ही घर से निकले, उसी दौरान अज्ञात लोगों ने असलहे से फायरिंग कर दी। उसके बाद आरोपी बाइक से भाग गए।

गोली बरामदे के दीवार में जाकर लगी। घटना की सूचना थाने और पुलिस चौकी पर दी गई। सूचना डायल 112 नंबर पर भी दी। सूचना पर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच गए और खोखा बरामद किया। घटना से पीड़ित और उसका परिवार भयभीत है।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही खुद की और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई। प्रभारी एसओ हरिनरायन दीक्षित ने बताया कि इस मामले में अज्ञात लोगों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



महुली थाने का रविवार को निरीक्षण करते एएसपी संतोष कुमार सिंह। संवाद

# आरक्षी बैरक कंडम घोषित करने के लिए मांगी रिपोर्ट

**धनघटा।** अपर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने रविवार को महुली थाने का अर्ध वार्षिक मुआयना किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था, आरक्षी बैरक, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मेस आदि का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को हिदायत देते हुए सात दिसंबर तक थाने के शस्त्र लाइसेंस धारकों का भौतिक सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर हो चुके आरक्षी बैरक को कंडम घोषित कराने के लिए रिपोर्ट भेजने की बात कही। महिला हेल्प डेस्क की तारीफ की। बीट वार प्रभारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। महुली थाने के सिपाही वर्दी में नजर आए। इसके बाद मेस को देखा और फालोवर और भंडारी को कोविड-19 गाइड लाइन का पालन करते हुए कार्य करने की नसीहत दी। संवाद




मेंहदावल बाईपास पर रिफ्लेक्टर लगवाते टीआई बृजेश यादव। संवाद

# वाहनों पर लगवाए गए रिफ्लेक्टर स्टीकर

## यातायात नियमों का पालन करने के लिए किया गया जागरूक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**संतकबीरनगर।** रविवार को प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव के नेतृत्व वाहनों पर निशुल्क रिफ्लेक्टर स्टीकरण लगाए गए।

यातायात माह के तहत पुलिस लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर रही है। मेंहदवल बाईपास पर यातायात पुलिस ने वाहनों पर निशुल्क रिफ्लेक्टर स्टीकर लगवाए।

यातायात पुलिस ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नंबर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे में गाड़ी न चलाने की अपील की।

प्रभारी निरीक्षक बृजेंश यादव ने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। इससे न सिर्फ खुद सुरक्षित रहेंगे, बल्कि दूसरों को भी सुरक्षित रखने में सहयोग होगा।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-11-2022

# 21 वाहनों का ई-चालान

**बेलसर (गोंडा)।** तरबगंज की भानपुर चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान 21 वाहनों का ई-चालान किया। चौकी प्रभारी ने बताया वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। (संवाद)

हिन्दुस्तान

# सड़क-सुरक्षा को लगा मेला, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**आयोजन**

- प्रतियोगिता के माध्यम से सड़क सुरक्षा की छात्र छात्राओं ने दी जानकारी
- प्रतियोगिता में अव्वल छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**गोण्डा, संवाददाता।** गांधी पार्क में रविवार को पुलिस विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा मेले का आयोजन किया गया। डीएम डॉ उज्ज्वल कुमार व एएसपी शिवराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेले में सड़क सुरक्षा को लेकर कई स्टॉल लगाए गए थे। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। डीएम व एएसपी ने प्रतियोगिता में शामिल बच्चों की हौसला अफजाई की।

डीएम ने मेले में लगें स्टॉल का जायजा लिया। उन्होंने लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से प्रतिभाग कर छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी दिए। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को डीएम ने पुरस्कार दिए।

वहीं कार्यक्रम के दौरान डीएम ने वहां पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं व जनमानस को अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी देते हुए लोगों से नियमों का पालन करने के लिए अपील भी किए। वहां पर विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर जानकारी ली। एएसपी शिव राज ने सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान ड्रग इंस्पेक्टर राजिया बानो, एआरटीओ बबिता वर्मा, पीटीओ शैलेंद्र त्रिपाठी, सीओ शिल्पा वर्मा, सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम, सीओ यातायात मुन्ना उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली राकेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली महेंद्र सिंह, ट्राफिक इंस्पेक्टर अभिनव प्रताप सिंह सहित विभाग से संबंधित अन्य लोग लोग मौजूद रहे।




गांधी पार्क में रविवार को आयोजित सड़क सुरक्षा मेले में विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।

# पांच पर जालसाजी का केस

**संसू, परसपुर (गोंडा) :** नगर पंचायत के विनोद गुप्ता ने पत्नी समेत पांच पर जालसाजी का मुकदमा कराया है।पीड़ित ने पुलिस उप महानिरीक्षक से शिकायत की थी। इसमें आरोप लगाया था कि उसकी पैतृक भूमि को पत्नी मंजू देवी ने अभिलेखों में हेराफेरी करके पुत्र आलोक गुप्त व आशुतोष के नाम बैनामा कर दिया और स्वयं संरक्षक बन गईं।

बैनामे में राम किशोर व महेश गुप्ता गवाह हैं। उसका आरोप है कि वर्ष 2018 में हुए बैनामे की उसको भनक तक नहीं लगी। पत्नी जान से मारकर शव गायब करने की धमकी दे रही है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने कहा कि डीआइजी के आदेश पर आरोपित पत्नी समेत पांच लोगों पर मुकदमा किया गया है। जांच की जा रही है।

# पत्नी को घर से निकाला,पति समेत दो पर मुकदमा

**संसू, परसपुर** : दहेज के लिए पत्नी को घर से भगाने के मामले मं पति समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा किया गया है। नरायनपुर जयसिंह गांव की नगीना ने शिकायती पत्र में कहा था कि उसका विवाह मधईपुर कुर्मी के खेमापुरवा निवासी कुलदीप के साथ हुई थी। दहेज न मिलने पर जेवरात छीन करके उसे ससुराल से घर से भगा दिया गया। फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई।

पुलिस ने पति कुलदीप व ससुर परमात्मा दीन पर मुकदमा किया है। वहीं, शाहपुर चौकी प्रभारी ने कहा कि वह गश्त के दौरान उन्हें शाहपुर भटपुरवा मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखा। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित सिंह निवासी बसेरिया बताया। तलाशी लेने पर अवैध पिस्टल व दो कारतूस बरामद हुआ।

**जांच के आदेश** : डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने जिला महिला अस्पताल में बिना निविदा कराए निर्माण व सेवा प्रदाता कंपनी के जरिए तैनात कर्मचारियों को अनियमित भुगतान के मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

# तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का केस

**धानेपुर (गोंडा)।** पंडित परसिया निवासी सुशीला पांडेय ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थाने में दी गई तहरीर में आरोप है कि उसके गांव के रहने वाले तीन लोग शराब पीकर उससे अभद्रता करते हैं। शिकायत करने पर मारने-पीटने की धमकी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर ननके, गोल्डी व आनंद के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक एक मोबाइल टॉवर से हुई चोरी के मामले में हासिम निवासी दीनपुरवा रामापुर को गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# पति व ससुर पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**परसपुर (गोंडा)।** एसपी के आदेश पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। ग्राम नरायनपुर जयसिंह बभननपुरवा निवासिनी नगीना ने बताया कि उसकी शादी कुलदीप निवासी मधईपुर कुर्मी के साथ हुई है। उसे आरोपी कम दहेज के कारण शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया करते थे। पति व ससुर ने करीब चार माह पूर्व मारपीट की। कपड़े व जेवर छीनकर घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एसपी के आदेश पर पति कुलदीप व ससुर परमात्मादीन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# पोखरे में उतराता मिला लापता वृद्धा का शव

**मुजेहना (गोंडा)।** बाबागंज-इटियाथोक मार्ग स्थित ईश्वर नंदकुट्टी के पास पोखरे में रविवार सुबह वृद्धा का शव उतराता मिला है। धानेपुर थाना क्षेत्र के पृथ्वीपालगंज ग्रंट के मजरा पंचमडीह के रहने वाले राम दुलारे ने बताया कि 25 नवंबर को उनकी मां अवधराजी (70) घर से कहीं चली गई थीं। काफी तलाशने पर भी उनका कुछ पता न चलने पर राम दुलारे ने 26 नवंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई। रविवार सुबह बाबागंज-इटियाथोक मार्ग पर ईश्वरनंदकुट्टी के पास पोखरे में अवधराजी का शव उतराता मिला। सूचना पर पुलिस ने शव पोखरे से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# मेधावियों ने बतायी ट्रैफिक नियमों की अहमियत

## सुरक्षा जागरुकता मेले में पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी



गोंडा के गांधी पार्क में आयोजित सड़क सुरक्षा मेले में पुरस्कृत छात्र। -संवाद

**गोंडा।** गांधी पार्क में रविवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मेले का उद्घाटन नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मेले में सड़क सुरक्षा को लेकर पोस्टर, भाषण, स्लोगन व क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल की सुप्रिया तिवारी को प्रथम, गीता इंटरनेशल स्कूल की आर्या मिश्रा व हिमांशु पांडेय को संयुक्त रूप से द्वितीय व एलबीएस कॉलेज की प्रतिभा पांडेय को तृतीय स्थान मिला। वहीं, गीता इंटरनेशनल की अनुष्का जायसवाल को चतुर्थ और भारतीय इंटर कॉलेज, कटरा बाजार के मारुति नंदन को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ।

क्विज प्रतियोगिता में इंद्रा इंटरनेशनल के यथार्थ तिवारी को प्रथम, एलबीएस कॉलेज के महेंद्र नाथ मिश्रा को द्वितीय, भारतीय इंटर कॉलेज के मारुति नंदन को तृतीय, फातिमा इंटर कॉलेज की आज्ञा बाधवानी को चतुर्थ व भारतीय इंटर कॉलेज के विवेक मिश्रा व अंशुमान मिश्रा को संयुक्त रूप से पांचवां पुरस्कार मिला। इसी प्रकार अन्य प्रतियोगिताओं में भी मेधावियों ने प्रतिभा दिखाई। मेधावियों को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेले के समापन पर जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

मेले में एएसपी शिवराज, औषधि निरीक्षक रजिया बानो, एआरटीओ प्रशासन बबिता वर्मा, सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम, सीओ सदर शिल्पा वर्मा, यातायात निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-11-2022

# दो अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना गौरा चौराहा पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक राम भजन प्रजापति ने बताया कि  ओम प्रकाश व धमालू  को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

श्रीदत्तगंज, संवाददाता। स्थानीय थाना पुलिस ने पिछले कई दिनों से फरार चल रहे आत्महत्या को प्रेरित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। थाना प्रभारी विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि 29 वर्षीय इरफान पुत्र सगीर ग्राम ढोवाडाबर थाना श्रीदत्तगंज के विरुद्ध श्रीदत्तगंज थाने में 16 नवंबर 2022 को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था।

# आत्मरक्षा करने के लिए महिलाएं हुईं जागरूक

बलरामपुर। सभी छात्राएं व महिलाएं सेल्फ डिफेंस की जानकारी रखें व प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि जरूरत पड़ने पर वह स्वयं अपनी रक्षा कर सकें। यह बातें एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने जागरूकता अभियान में कही।

रविवार को पुलिस अधीक्षक मिशन जागरूकता अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात के हरबसपुर गांव के पास अभियान में उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब आसान है दोषियों को उनकी सजा दिलाना। पीड़ित महिलाएं पुलिस 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वूमेन पावर लाइन 1090 जैसे आपातकालीन नंबरों पर सूचना देकर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

# 81 वाहनों का कटा चालान

बलरामपुर। यातायात पुलिस ने 81 वाहनों का चालान किया है। सीओ ज्योतिष श्री ने बताया कि नियमों का पालन ने करने वाले वाहनों का ई-चालान कर 53600 रुपया समन शुल्क वसूला गया है। साथ ही दो पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के लिए जागरूक किया।



लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता में मौजूद छात्राएं व अन्य।

**रेहरा बाज़ार।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शनिवार को रेहरा बाज़ार स्थित नेशनल बालिका इंटर कालेज में छात्राओं की निबंध लेखन, श्लोगन लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतिभागियों ने बड़े ही उत्साह व उमंग से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कई छात्राओं ने सड़क संकेत का परिचय देते हुए यातायात कर्मी को दर्शाया तो किसी ने सड़क व पार्क सहित वाहनों को उकेरा। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने यातायात पर निबंध लिखा।

# चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस ने चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय के लिए रवाना किया गया है। निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि शाहिद पुत्र बशीर, सईद पुत्र मजीद, झब्बर पुत्र मजीद व डब्लू पुत्र मजीद घर में घुसकर मारपीट करने सहित अन्य मामलों में न्यायालय से वांछित चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

# किसान की मौत पर मांगा 50 लाख का मुआवजा

उतरौला। कुछ दिन पहले मोहम्मद शुकरुल्ला की मौत सांड़ के हमले में हुई थी। उनके आश्रितों को पचास लाख मुआवजा दिए जाने की मांग लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने है। इसी को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। पत्र में कहा कि 24 नवंबर की रात विकास खंड रेहरा बाजार के ग्राम गोकुला बुजुर्ग निवासी किसान मोहम्मद शुकरुल्लाह खेत की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान उनको सांड़ ने पटक कर मार डाला।

## दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

**बलरामपुर :** तुलसीपुर थाने की पुलिस ने दुष्कर्म आरोपित को गिरफ्तार किया है। सीओ तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि निरीक्षक विजय कुमार सिंह की टीम ने वजीरडीह निवासी तिलकराम यादव को पुरुषोत्तमपुर मोड़ के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।(संसू)

## ट्राली चोरी करने का आरोप

**बलरामपुर:** उतरौला कोतवाली की पुलिस ने ट्राली चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि उतरौला निवासी निसार अहमद उस्मानी ने ट्राली चोरी होने की तहरीर दी थी। इसमें मिर्जापुर निवासी शेषराम मोदी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।(संसू)

# एक गिरफ्तार

**बलरामपुर :** श्रीदत्तगंज की पुलिस ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपित पति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विपुल पांडेय ने बताया कि ढोवाडाबर निवासी इरफान ने अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाया था। इससे उसकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता ने पति के खिलाफ तहरीर दी थी। (संसू)

# पुलिसकर्मियों ने की सफाई

**उतरौला :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने कोतवाली परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। भोजनालय, आरक्षी बैरक, पुलिस आवास में झाड़ू लगाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह में एक दिन क्षेत्र में अभियान चलाकर कर साफ-सफाई व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाएगा। (संसू)

# अपनी दुकानों पर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** रविवार को समस्त थाना क्षेत्रों में चौराहा, बाजार व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस कर्मियों ने पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों व वस्तुओं की गहनता से जांच की। इस दौरान बड़े प्रतिष्ठानों के मालिकों से सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की गई।

होटल व्यवसायियों से बिना आईडी प्रूफ किसी को कमरा न देने व संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में पुलिस को सूचना देने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सड़क के किनारे पटरियों पर अतिक्रमण कर रखी गई दुकानों को हटवाया भी गया।

**पुलिस लाइन का किया निरीक्षण**

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस लाइन में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, मालखाना स्टोर, आरक्षी बैरक व कैंटीन का निरीक्षण करते हुए सुविधाओं व अभिलेखों का जायजा लिया। निर्देश दिया कि शस्त्र व अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखा जाए।



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी राजेश कुमार सक्सेना। - संवाद

उन्होंने नए आरक्षी बैरक के निर्माण व प्रगति का समीक्षा भी की। पुलिस लाइन आवास के आसपास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश प्रतिसार निरीक्षक को दिया।

# यातायात नियमों की दी जानकारी

**बलरामपुर।** यातायात माह के तहत पुलिस व यातायात विभाग की तरफ से रविवार को चीनी मिल अधिकारियों व गन्ना सेंटर संचालकों के साथ बैठक की गई। इसमें क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योति श्री ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि पेराई सत्र शुरू होने पर ट्रक, ट्राला व ट्रॉलियों में निर्धारित मानक के अनुसार ही गन्ना लादकर मिल पहुंचाया जाए। वाहनों में ओवरलोडिंग कदापि न की जाए। सभी वाहनों में फॉग लाइटें व रिफ्लेक्टर टेप लगा होना चाहिए। बैठक के बाद पुलिस टीम ने वीर विनय चौराहे पर आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-11-2022

# जरवल रोड थाना को मिला नया सभागार

जरवलरोड, संवाददाता। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने रविवार को जरवलरोड थाना परिसर स्थित नवनिर्मित सभागार भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन के मद्देनजर थाने की भव्य सजावट की गई थी। उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ के आवाहन पर थाना परिसर में कक्ष का नवनिर्माण किया गया है। ताकि दूर दराज से थाने पर आने वाले आंगतुकों, फरियादियों को बैठने की समस्या न हो। जिसके लिए प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह को पुरस्कृत किया गया है। एसएचओ राजेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को श्री राम मंदिर निर्माण मानचित्र स्मृति चिन्ह प्रदान किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शंकर भगवान की शंकर भगवान स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। ब्लाक प्रमुख जरवल विपेंद्र प्रताप सिंह, समाजसेवी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने दोनों अफसरों को बुके देकर सम्मान किया। इस अवसर पर सीओ कैसरगंज कमलेश कुमार, एसडीएम महेश कुमार कैथल, बीडीओ सत्य प्रकाश पांडेय, लोकतंत्र सेनानी व समाजसेवी प्रमोद कुमार गुप्ता, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# दो युवक गिरफ्तार देशी तमंचे बरामद

महसी। थाना हरदी के ग्राम जोतचांदपारा की पुलिया पर रविवार सुबह हरदी थाने के दरोगा विजय कुमार, सुरेंद्र प्रताप बौद्ध, विजय कुमार गुप्ता, सिपाही आदर्श सोनी, प्रवीण कुमार, श्रीराम साहनी, सोनू कुमार की टीम ने गश्त के दौरान दो संदिग्ध युवकों को रोंक कर तलाशी ली। उनके पास नगदी समेत एक-एक देशी तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों युवकों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया। थाने के ग्राम सिपहिया प्यूली निवासी 20 वर्षीय रामदत्त तिवारी एक देशी तमंचा 12 बोर एक जिंदा कारतूस व उसके साथी रितिक के पास एक देशी तमंचा 32 बोर एक जिंदा कारतूस दो खोखा व 83,500 रुपये नकद बरामद हुए।

# चोरी के मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

बहराइच। नगर कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार व सिपाही गिरजेश कुमार ने शनिवार को रोडवेज के पास दबिश दी।

पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ एक युवक गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में उसकी पहचान दरगाह थाने के सालारगंज निवासी अकील अहमद के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपी को चोरी और बरामदगी मामले में जेल भेज दिया गया है। पुलिस उसकी अन्य गतिविधियों की जानकारी जुटा रही।

# स्नेचिंग कर भाग रहे उचक्के धराए

बहराइच । इधर चोर उचक्कों के हौसले बुलंद हो गए हैं। आए दिन छिनैती की घटनाएं हो रही हैं।

नगर कोतवाली की घंटाघर चौक पुलिस प्रभारी अयोध्या सिंह, सिपाही कुलदीप दुबे, मोहित ने शुक्रवार शाम श्रीसिद्धनाथ मंदिर गली में एक महिला की चेन छीनकर फरार हो रहे लुटेरे को दौड़ाकर पकड़ लिया। पलिस की पूछताछ में उसकी पहचान हमजापुरा निवासी इमरान के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# डीसीएम ने बालिका को रौंदा, चालक गिरफ्तार

**मौत**

**बहराइच, संवाददाता।** बहराइच-सीतापुर हाईवे के रमपुरवा चौकी गांव के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार डीसीएम ने सड़क पार कर रही बालिका को रौंद डाला। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भाग रहे चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

हरदी थाने के रमपुरवा चौकी चौराहे के पास रविवार दो बजे राजा रेहुवा गांव निवासिनी विनीता पत्नी भगौती अपनी छह वर्षीय बेटी सिमरन के साथ सब्जी खरीदने आई थी। वह बालिका को पटरी पर खड़ा कर हाईवे के दूसरी ओर सब्जी खरीद रही थी। इसी दौरान अचानक बालिका सिमरन हाईवे क्रास करने लगी। इसी दौरान सीतापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने बालिका को रौंद डाला। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन सहित भागने की कोशिश कर रहे चालक को लोगों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एसएचओ ज्ञान सिंह ने बताया कि तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।

# तमंचा और रिवाल्वर संग दो गिरफ्तार

**संसू, महसी (बहराइच) :** हरदी पुलिस ने रविवार की भोर तमंचा व देशी रिवाल्वर संग दो लोगों को गिरफ्तार किया। शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

प्रभारी निरीक्षण ज्ञान सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान महेशपुरवा से सधुवापुर जाने वाले मार्ग पर एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध जाते दिखे। पुलिस टीम को देखकर उन्होंने बाइक दौड़ा दी। ऐसे में पुलिस कर्मियों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। एसओ ने बताया कि तलाशी के दौरान सिपहिया प्यूली गांव निवासी रामदत्त तिवारी के कब्जे से 12 बोर का तमंचा, कारतूस व रितिक उर्फ पुतुआ उर्फ कालीचरन चतुर्वेदी के कब्जे से 32 बोर की देशी रिवाल्वर, एक कारतूस, दो खोखा व 83,500 रुपये बरामद हुए।

एसओ ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक विजय कुमार, सुरेंद्र प्रताप बौद्ध आरक्षी प्रवीण कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

# पुल के नीचे लावारिस मिला बच्चा

**जासं, बहराइच :** झिंगहाघाट पुल के पास एक लावारिस बच्चा मिला। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी बच्चे के बारे में कुछ पता नहीं चल सका। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शहर के झिंगहाघाट पुल के नीचे शनिवार रात को एक लावारिस बच्चा पड़ा रो रहा था। रात करीब 11 बजे बच्चे के मिलने की सूचना कोतवाली नगर के काजीपुरा निवासी नसीबबुल हक उर्फ राजा ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के संबंध में चाइल्ड लाइन व बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष को सूचित किया। महिला आरक्षी ममता कश्यप व रेखा देवी ने बच्चे को सुपुर्दगी में लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि बच्चे की उम्र एक से दो माह के बीच है। उसके माता पिता की जानकारी नहीं हो सकी है। बच्चे के स्वास्थ्य व सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।



झिंगहाघाट पुल के पास मिला बच्चा ● जागरण

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-11-2022

# पीआरडी के जवानों ने किया पैदल मार्च

श्रावस्ती। यातायात जागरूकता को लेकर होमगार्ड व पीआरडी जवानों की ओर से भिनगा में रैली निकाली गई। क्षेत्राधिकारी सतीश कुमार ने भिनगा स्थित ईदगाह तिराहे से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष कुमार पांडेय टीम के साथ मौजूद रहे। रैली के माध्यम से होमगार्ड व पीआरडी जवानों ने भिनगा नगर का भ्रमण कर लोगों को यातायात के लिए जागरूक किया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उपाधीक्षक ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। इसके पालन से सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। बाइक चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट जरूर लगाएं।

# 86 वाहनों का काटा गया चालान

श्रावस्ती। पुलिस ने अलग- अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर गाड़ियों को चेक किया। चेकिंग के दौरान 86 वाहन वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान कर एक लाख 13 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।

# पुलिस ने गश्त कर सुरक्षा का जायजा लिया

श्रावस्ती। अपराध और अराजकों से निपटने के लिए पुलिस लगातर रूटीन गश्त कर सुरक्षा का जायजा ले रही है। रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी क्षेत्राधिकारी, थाना और चौकी प्रभारियों ने क्षेत्र में पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस ने सुरक्षा का जायजा लिया।

# 86 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती** : विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 86 वाहनों का चालान किया गया। एक लाख 13 हजार रुपये का शमन शुल्क भी वसूल किया गया। (**वि.**)

# शांतिभंग में छह पाबंद

**श्रावस्ती** : जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से अराजकतत्वों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को छह लोगों को पाबंद किया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)




भिनगा नगर के ईदगाह तिराहे पर यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रशिक्षु सीओ सतीश कुमार ( बाएं ) ● जागरण

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**संसू, भिनगा( श्रावस्ती)** : सड़क हादसों पर अंकुश लगाने व लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रविवार को भिनगा नगर में यातायात पुलिस के नेतृत्व में होमगार्ड व पीआरडी जवानों ने जागरूकता रैली निकाली। प्रशिक्षु सीओ सतीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

सड़क हादसों में होने वाली मौत को रोकने के लिए यातायात माह के दौरान आमजन को जागरूक किया जा रहा है। यातायात पुलिस के तत्वावधान में होमगाड्र्स व पीआरडी जवानों की ओर से निकाली गई यातायात जागरूकता रैली ईदगाह तिराहा से अस्पताल चौराहा होते हुए पुरानी बाजार होकर पुनः ईदगाह तिराहे पर आकर संपन्न हुई। प्रशिक्षु सीओ ने कहा कि नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें। इससे हादसों में कमी लाई जा सके। यातायात प्रभारी मनीष कुमार पांडेय मौजूद रहे।

# शांतिभंग की आशंका में छह गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार रात छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांति भंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया। वहीं, वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 86 वाहनों का ई-चालान किया गया। संवाद



# यातायात जागरुकता रैली निकाली

**श्रावस्ती**। भिनगा के ईदगाह तिराहे से रविवार को जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल होमगार्डों व पीआरडी जवानों ने लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। रैली अस्पताल तिराहा होते हुए फिर ईदगाह तिराहा पहुंचकर समाप्त हुई।

ईदगाह तिराहे से रैली रवाना करने के पूर्व क्षेत्राधिकारी (प्रशिक्षु) सतीश कुमार ने कहा कि प्रत्येक वाहन चालक को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष कुमार पांडे ने कहा कि वाहन के सामने लाइट रिफ्लेक्टर का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं की आशंका कम रहती हैं। नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। संवाद